CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, मंगलवार 6 जनवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 62 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 15°C
न्यूनतम: 04°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 16 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



एनसीसी प्रशिक्षित आत्मविश्वासी कैडेट विकसित भारत की यात्रा की रीढ़: राधाकृष्णन पेज 2




बांग्लादेश में नहीं होगा आईपीएल मैचों का प्रसारण खेल टाइम्स



ई-कचरा के लिए क्यों नहीं मिल पा रहा कोई कारगर उपाय! सम्पादकीय



ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात दोहराई कहा: देश की सुरक्षा के लिए जरूरी पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश में एक और हिंदू की गोली मारकर हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश में एक और हिंदू की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। तीन हफ्ते के भीतर यह पांचवीं घटना बताई जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, घटना बांग्लादेश के जेसोरे जिले के मोनिरामपुर उपजिला में हुई। मृतक की पहचान राणा प्रताप बैरागी के रूप में हुई है। बैरागी को अपराधियों ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। यह घटना सोमवार दोपहर हुई। राणा प्रताप बैरागी केशबपुर उपजिला के निवासी थे। उन्हें मोनिरामपुर उपजिला के कपालिया बाजार में गोली मार दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, राणा प्रताप सोमवार शाम करीब छह बजे कपालिया बाजार में थे, जब अज्ञात हमलावरों ने उन पर गोलियां चलाईं। वह गंभीर रूप से घायल हो गए और वहीं गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन अस्पताल ले जाने से पहले ही उनकी मौत हो गई।

### आंध्र प्रदेश में ओएनजीसी के तेल कुएं से गैस रिसाव

**कोनसीमा।** आंध्र प्रदेश के कोनसीमा जिले के राजोले इलाके में सोमवार को ओएनजीसी के एक चालू तेल कुएं से भारी गैस रिसाव हुआ है। घटना उस वक्त हुई, जब कुएं में मरम्मत का काम चल रहा था। हालात को देखते हुए प्रशासन ने इरुसुमंदा और आसपास के तीन गांवों को एहतियातन खाली करा लिया। अभी किसी की मौत या घायल होने की सूचना नहीं है। जानकारी के मुताबिक, तेल कुएं से उत्पादन अस्थायी रूप से रोका गया था और मरम्मत की जा रही थी। इसी दौरान अचानक तेज ब्लास्ट हुआ और गैस व कच्चा तेल तेजी से ऊपर की ओर निकलने लगा। कुछ ही देर में गैस में आग लग गई और कुएं के पास ऊंची लपटें उठने लगीं। प्रशासन ने लाउडस्पीकर के जरिए लोगों से बिजली के स्विच बंद रखने, गैस चूल्हा न जलाने और किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का इस्तेमाल न करने की अपील की।

### सूर्या होगा पुन: उपयोग योग्य और भारी पेलोड वाला

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अगले पीढ़ी के प्रक्षेपण वाहन (एनजीएलवी), जिसे अनौपचारिक रूप से 'सूर्या' नाम दिया गया है, को पूरी तरह पुन: उपयोग योग्य और मॉड्यूलर डिजाइन वाला रॉकेट बनाया जा रहा है, जो मौजूदा रॉकेट्स की तुलना में काफी अधिक पेलोड क्षमता वाला होगा। यह जानकारी पूर्व इसरो अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने दी। एनजीएलवी को ठोस ईंधन मोटर्स की जगह पूर्ण रूप से तरल प्रोपल्शन सिस्टम पर आधारित बनाया जा रहा है।

### लालू यादव की याचिका पर सीबीआई तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को सीबीआई को राजद नेता एवं पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव की याचिका पर जवाब देने का निर्देश दिया। श्री यादव ने याचिका में भारतीय रेलवे की कैटरिंग शाखा से जुड़े एक पुराने भ्रष्टाचार मामले में अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों को चुनौती दी है।

# पहला स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप' राष्ट्र को समर्पित



■ लगभग 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया

■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पोत को भारत के परिपक्व रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का प्रतीक बताया

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पोत निर्माण और समुद्री क्षमताओं के विकास में आत्मनिर्भरता की दिशा में देश की बड़ी उपलब्धि के रूप में सोमवार को गोवा में पहला स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप' राष्ट्र को समर्पित किया। भारतीय तटरक्षक के इस पोत को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने बनाया है।

लगभग 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ समुद्र प्रताप भारत का पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया प्रदूषण नियंत्रण पोत है और तटरक्षक बल के बेड़े का सबसे बड़ा जहाज है। समुद्र प्रताप के शामिल होने से प्रदूषण नियंत्रण, अग्निशमन, समुद्री सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण में भारतीय तटरक्षक बल की परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। साथ ही यह भारत के विस्तृत समुद्री क्षेत्रों में दीर्घकालिक निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया अभियानों को सशक्त बनाएगा। रक्षा मंत्री ने इस पोत को भारत के परिपक्व रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का प्रतीक बताया, जो जटिल विनिर्माण चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम है। उन्होंने कहा समुद्री पोत में स्वदेशी सामग्री को 90 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि समुद्र प्रताप को विशेष रूप से प्रदूषण नियंत्रण के लिए डिजाइन किया गया है, लेकिन इसकी भूमिका केवल यहीं तक सीमित नहीं है। एक ही मंच पर कई क्षमताओं के एकीकरण से यह पोत तटीय गश्त में भी प्रभावी सिद्ध होगा तथा समुद्री सुरक्षा को और मजबूत करेगा। रक्षा मंत्री ने समुद्री प्रदूषण नियंत्रण से लेकर तटीय स्वच्छता, खोज एवं बचाव कार्यों से लेकर समुद्री कानून प्रवर्तन तक भारतीय तटरक्षक बल की बहुआयामी भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि तटरक्षक बल जिस प्रकार अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है उससे देश के शत्रुओं को स्पष्ट संदेश गया है कि यदि उन्होंने भारत की समुद्री सीमाओं पर बुरी नजर डाली या किसी भी प्रकार का दुस्साहस किया, तो उन्हें सख्त और उपयुक्त जवाब मिलेगा। यह पोत उन्नत प्रदूषण पहचान प्रणालियों, समर्पित प्रदूषण प्रतिक्रिया नौकाओं और आधुनिक अग्निशमन क्षमताओं से सुसज्जित है।

### एक लाख का इनामी बदमाश ढेर

**सुल्तानपुर।** लम्भुआ क्षेत्र में सोमवार को पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में एक लाख के इनामी बदमाश को मार गिराया। पुलिस ने बताया कि एक सूचना के आधार पर पुलिस ने लखीमपुर खीरी के वांछित अपराधी तालिब उर्फ आजम खां की घेराबंदी कर उसे आत्मसमर्पण के लिए कहा मगर स्वयं को पुलिस से घिरा देख अपराधी ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस बल ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की, जिसमें अपराधी ढेर हो गया।

# उमर खालिद और शरजील इमाम को नहीं मिली जमानत

**कोर्ट ने 5 अन्य सह-आरोपियों गुलफिशां फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान व शादाब अहमद को सशर्त जमानत दी**

शाह टाइम्स ब्यूरो



**दिल्ली दंगा: उमर और शरजील अन्य आरोपियों की तुलना में गुणात्मक रूप से अलग स्थिति में खड़े हैं : शीर्ष अदालत**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों के पीछे कथित बड़ी साजिश से संबंधित गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामले में उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत मंजूर करने से इन्कार कर दिया।

न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने दोनों कार्यकर्ताओं के खिलाफ लगाए गए आरोपों की गंभीरता को रेखांकित करते हुए कहा कि वे मामले के अन्य आरोपियों की तुलना में गुणात्मक रूप से अलग स्थिति में हैं। न्यायालय ने हालांकि पांच अन्य सह-आरोपियों गुलफिशां फातिमा, मीरान हैदर, शिफा-उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद की इस हिंसा में कथित भूमिकाओं को अलग बताते हुए उनकी जमानत अर्जी मंजूर कर ली। यह फैसला आरोपियों की अलग-अलग दायर विशेष अनुमति याचिकाओं पर आया है। इसमें उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय के दो सितम्बर के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनकी जमानत मंजूर करने से इन्कार कर दिया गया था। पीठ ने कहा कि चूंकि आदेश लंबा है, इसलिए पीठ केवल कुछ ही अंश ही पढ़ेगी। न्यायालय ने जोर देकर कहा कि इस मामले में त्वरित सुनवाई आवश्यक है। बचाव पक्ष ने आरोप लगाया था कि जांच और सुनवाई में देरी के लिए अभियोजन पक्ष जिम्मेदार है। न्यायालय के आदेश में कहा गया है कि देरी के कारण गहन न्यायिक जांच की स्थिति हो सकती है। संविधान में अनुच्छेद 21 का केंद्रीय स्थान है और सुनवाई से पहले जेल में रहने को सजा के रूप में नहीं माना जा सकता। स्वतंत्रता से वंचित करना मनमाना नहीं होना चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि उमर खालिद और शरजील इमाम अन्य आरोपियों की तुलना में गुणात्मक रूप से अलग स्थिति में खड़े हैं और सचेत रूप से सामूहिक -शेष पृष्ठ दो पर

### अजमेर शरीफ दरगाह में प्रधानमंत्री को चादर चढ़ाने से रोकने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 814वें सालाना उर्स के दौरान अजमेर शरीफ दरगाह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चादर चढ़ाने से रोकने की मांग को लेकर पेश याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि याचिका में उठाया गया मुद्दा सुनवाई योग्य नहीं है। वैसे भी यह अप्रासंगिक हो गया है, क्योंकि चादर चढ़ाने का कार्यक्रम पहले ही हो चुका है। पीठ ने हालांकि स्पष्ट किया कि उसके आदेश का दरगाह से जुड़े अजमेर अदालत में चल रहे दीवानी मुकदमे पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

# उप्र पुलिस भर्ती के 32,679 पदों पर आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ सरकार ने पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को बड़ी राहत देते हुए अहम फैसला लिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को बड़ी राहत देते हुए अहम फैसला लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यूपी पुलिस एवं जेल विभाग की सीधी भर्ती में आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट देने की घोषणा की गई है। यह छूट कुल 32,679 पदों पर लागू होगी। इस संबंध में शासनादेश भी जारी कर दिया गया है।

सरकार के इस निर्णय से आरक्षी (नागरिक पुलिस), पीएसी, विशेष सुरक्षा बल, महिला बटालियन, घुड़सवार पुलिस तथा जेल वार्डर (पुरुष व महिला) पदों पर भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को लाभ मिलेगा। सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में यह छूट एक बार के लिए प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह फैसला अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि अधिक से अधिक योग्य युवा भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकें। गौरतलब है कि इस मुद्दे पर समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी की ओर से भी आयु सीमा में छूट की मांग उठाई गई थी। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उप्र पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के तहत 31 दिसम्बर 2025 को जारी विज्ञप्ति के क्रम में शासनादेश संख्या 1/1194447/6-1001 (008)24/23, दिनांक 5 जनवरी 2026 के माध्यम से यह निर्णय लिया गया है। यह छूट उत्तर प्रदेश लोक सेवा (भर्ती के लिए आयु सीमा का शिथिलीकरण) नियमावली-1992 के नियम-3 के तहत प्रदान की गई है। देवरिया सदर से विधायक डा. शलभ मणि त्रिपाठी ने भी उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी पीएसी, जेल वार्डर एवं समकक्ष पदों पर प्रस्तावित भर्तियों में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट देने की मांग की थी। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मानवीय दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया था।

# मोहम्मद शमी को चुनाव आयोग का नोटिस

■ एसआईआर फॉर्म में मिलीं गड़बड़ियां

**कोलकाता।** चुनाव आयोग ने क्रिकेटर मोहम्मद शमी को नोटिस भेजा है। शमी और उनके भाई मोहम्मद कैफ के एसआईआर फॉर्म में गड़बड़ियां मिली हैं, इसलिए दोनों को बुलाया गया है। हालांकि शमी या चुनाव आयोग की ओर से अभी तक इस पर कोई बयान नहीं आया है।

शमी के एन्यूमरेशन फॉर्म में प्रोजेनी मैपिंग और सेल्फ-मैपिंग से जुड़ी गड़बड़ियां मिली हैं। इसके बाद साउथ कोलकाता के वार्ड नंबर 93 से नोटिस जारी किए गए, जिसमें उन्हें असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (एईआरओ) के सामने पेश होने को कहा गया है। शमी कोलकाता म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (केएमसी) वार्ड नंबर 93 में वोटर के रूप में रजिस्टर्ड हैं, जो रासबिहारी असेंबली सीट के अंदर आता है। 2024 में हुए लोकसभा चुनाव तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने उत्तर प्रदेश के अमरोहा में स्थित अपने पैतृक गांव में वोटिंग की थी।

### पूर्वोत्तर भारत में भूकंप के तेज झटके

**गुवाहाटी/शिलांग।** पूर्वोत्तर भारत और बांग्लादेश में सोमवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.1 आंकी गई। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा कि हालांकि राज्य में कहीं से भी किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन एक बुजुर्ग महिला घर से बाहर भागते समय गंभीर रूप से घायल हो गई। भूकंप के झटके सोमवार तड़के 4:17 बजे महसूस किए गए और इसका केंद्र मध्य असम के मोरीगांव में धरती की सतह से 50 किलोमीटर गहराई में था। 80 वर्षीय जॉयमोती डेवरी को भूकंप के दौरान अपने घर से बाहर भागते समय सिर में चोट लग गई।

# उप्र में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं के बीच पीएम मोदी से मिले सीएम योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति भेंट की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस मुलाकात की जानकारी दी है।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें साझा की हैं। एक तस्वीर में श्री योगी प्रधानमंत्री को अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति भेंट कर रहे हैं। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सिर्फ एक साल का समय शेष रह गया है और राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं जोरों पर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए इसे शिष्टाचार भेंट बताया है।

### दिल्ली में घने कोहरे के साथ बना रहा एक्यूआई 'खराब'

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार सुबह घने कोहरे की चादर छाई रही। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'खराब' श्रेणी में बना रहा, जिससे इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन में बाधा आई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, सुबह आठ बजे तक दिल्ली का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 260-262 रहा और लगातार दूसरे दिन भी यह 'खराब' श्रेणी में बना रहा। कई इलाकों में प्रदूषण स्तर चिंताजनक रहा।

# सोमनाथ पर आक्रमण के 1000 साल, मोदी ने लिखा लेख

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: यह विध्वंस नहीं, हमारे स्वाभिमान की गाथा, मिटाने वाले खत्म हो जाते हैं

■ बोले: नेहरू नहीं चाहते थे राष्ट्रपति सोमनाथ जाएं

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने गुजरात के प्रभास पाटन में बने पहले ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर पर एक लेख लिखा है। यह ब्लॉग पोस्ट सोमनाथ पर 1026 में हुए पहले आक्रमण के हजार साल पूरे होने पर है।

पीएम ने इसे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व नाम दिया है। गौरतलब है कि विदेशी आक्रमणकारी गजनी के महमूद गजनवी ने जनवरी 1026 में सोमनाथ पर आक्रमण कर उसे ध्वस्त कर दिया था। पीएम मोदी ने लिख कि सोमनाथ, ये शब्द सुनते ही हमारे मन और हृदय में गर्व और आस्था की भावना भर जाती है। भारत के पश्चिमी तट पर गुजरात में, प्रभास पाटन नाम की जगह पर स्थित सोमनाथ, भारत की आत्मा का शाश्वत प्रस्तुतिकरण है। द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम में भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों का उल्लेख है। दुर्भाग्यवश, यही सोमनाथ मंदिर, जो करोड़ों लोगों की श्रद्धा और प्रार्थनाओं का केंद्र था, विदेशी आक्रमणकारियों का निशाना बना, जिनका उद्देश्य विध्वंस था। जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने इस मंदिर पर बड़ा आक्रमण कर उसे ध्वस्त कर दिया था। यह आक्रमण आस्था और सभ्यता के एक महान प्रतीक को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया एक हिंसक और बर्बर प्रयास था। फिर भी एक हजार साल बाद आज भी यह मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है। साल 1026 के बाद समय-समय पर इस मंदिर को पुन:निर्मित करने के प्रयास जारी रहे। मंदिर का वर्तमान स्वरूप 1951 में आकार ले सका। संयोग से 2026 का यही वर्ष सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का भी वर्ष है। 11 मई 1951 को इस मंदिर का पुनर्निर्माण सम्पन्न हुआ था।

# पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानी राज्यों में बढ़ी ठंड

■ आगरा व मुजफ्फरनगर में नौ गाड़ियां टकराईं, पांच लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानी राज्यों में ठंड बढ़ गई है। मध्य प्रदेश, राजस्थान में शीतलहर के साथ घना कोहरा छाया है।

सोमवार सुबह मध्य प्रदेश में इस सीजन का सबसे घना कोहरा रहा। यूपी में कोहरे के कारण सोमवार को मुजफ्फरनगर और आगरा में सड़क हादसों में 9 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इनमें 5 लोगों की मौत हुई, जबकि 10 से ज्यादा घायल हैं। लखनऊ समेत 10 शहरों में बादल छाए हैं और 10/15 किमी/घंटा की रफ्तार से सर्द हवाएं चल रही हैं। मप्र की राजधानी भोपाल में विजिबिलिटी 20 मीटर से भी कम रही।

## संक्षिप्त समाचार

### चार विधायक तीन दिनों के लिए सदन की कार्यवाही से निष्कासित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के अभिभाषण के दौरान व्यावधान उत्पन्न करने के आरोप में आम आदमी पार्टी द्धआपऋ के चार विधायकों को तीन दिन के लिए सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया। विधानसभा सत्र की शुरू होते ही उपराज्यपाल ने अपना अभिभाषण जैसे ही शुरू किया आप के कुछ विधायक दिल्ली प्रदूषण और जनहित से जुड़े मुद्दे उठाने की कोशिश करने लगे। अभिभाषण के बीच ही अध्यक्ष ने आप विधायकों संजीव झा, जरनैल सिंह, कुलदीप कुमार और सोमदत्त को सदन से बाहर जाने का निर्देश दिया। इसके विरोध में आप के कुछ सदस्य सदन से वाक आउट कर गए हालांकि आप नेता गोपाल राय पूरे अभिभाषण में सदन में मौजूद रहे। उपराज्यपाल के अभिभाषण के बाद सदन की कार्यवाही दोबा. रा शुरू होते ही कुछ दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई।

### बहराइच में तेंदुए के हमले में 13 बकरियां मरी

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के सुजौली क्षेत्र में बीती रात एक तेंदुए ने बकरी पालन में घुसकर लगभग दो दर्जन बकरियों पर हमला कर दिया। इस हमले में 13 बकरियों की मौत हो गई, जबकि 6 बकरियां घायल हो गईं। सुजौली गांव के सोतिया नाला के समीप मनीष मौर्य का बकरी पालन व्यवसाय है, जिसमें दर्जनों बकरियां होती हैं। रात एक तेंदुआ जंगल से निकलकर पालन में घुस गया और बकरियों के झुंड पर अंधाधुंध हमला कर दिया। घायल बकरियों के इलाज के लिए पशु चिकित्सक विपिन बिहारी और सहायक पशु चिकित्सक ललित सिंह मौके पर पहुंचे और उनकी देखभाल की।

# बुद्ध की शिक्षाएं दबाव से नहीं, संवाद व नैतिक आचरण से विश्व में फैली

नई दिल्ली, वार्ता



■ पवित्र पिपरावा अवशेषों की भव्य अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी के उद्‌घाटन के बाद पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में बोले प्रधानमंत्री मोदी

बौद्ध धर्म की शिक्षाएं और उसके विश्वभर में फैलने के संबंध में विचारकों का मानना है कि भगवान बुद्ध की शिक्षाएं बल या दबाव से नहीं बल्कि संवाद और नैतिक आचरण के जरिए विश्व भर में फैलीं हैं और पिपरावा अवशेषों की स्वदेश में जो वापसी हुई है, वह स्वामित्व नहीं बल्कि साझा जिम्मेदारी का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शनिवार को यहां पवित्र पिपरावा अवशेषों की भव्य अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी के उद्‌घाटन के बाद पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में बौद्ध दर्शन पर आयोजित पैनल चर्चा में शामिल विद्वानों ने पिपरावा अवशेषों की वापसी को सुगम बनाने में मोदी, संस्कृति मंत्रालय और उनके सहयोगियों के समन्वित प्रयासों की सराहना की और कहा कि सांस्कृतिक संरक्षण, वैश्विक सद्‌भावना, शांति तथा साझा मानवीय मूल्यों के प्रति यह हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। नव नालंदा महाविहार (मानित विश्वविद्यालय) के कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि महात्मा बुद्ध की शिक्षाएं बल या दबाव से नहीं, बल्कि संवाद, नैतिक आचरण और व्यक्तिगत उदाहरण के जरिए विश्व भर में फैलीं। बौद्ध धर्म अन्य धर्म-आधारित परंपराओं की तरह धर्म परिवर्तन के बजाय मानव मन की शुद्धि और दुखों के निवारण का प्रयास करता है।

उनका कहना था कि बुद्ध के अवशेष समकालीन अनुयायियों को ऐतिहासिक बुद्ध से जोड़कर जीवंत परंपराओं को बनाए रखते हैं और पिपरावा अवशेषों की स्वदेश वापसी स्वामित्व के बजाय साझा जम्मिेदारी का प्रतीक है। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के पूर्व रजिस्ट्रार प्रो. नलिन कुमार शास्त्री ने कहा कि पिपरावा अवशेषों की वापसी शांति और एकीकृत राष्ट्रीय विकास के मार्गदर्शक के रूप में बौद्ध दर्शन की नई प्रासंगिकता को दर्शाती है।

उन्होंने कहा कि बौद्ध विचार प्राचीन ज्ञान को नैतिक शासन, पर्यावरण स्थायित्व और मानसिक कल्याण जैसे समकालीन चिताओं से जोड़ता है और सामाजिक सद्‌भाव, पर्यावरणीय उत्तरदायित्व तथा वैश्विक कल्याण के लिए धम्म की मातृभूमि के रूप में भारत की भूमिका को पुनः स्थापित करता है। दिल्ली विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र विभाग के प्रो. बाला गणपति ने कहा कि बौद्ध धर्म की वैश्विक स्वीकृति इसकी दार्शनिक गहराई और नैतिक सार्वभौमिकता में निहित है। पिपरावा अवशेषों को बुद्ध के संद. ेश के जीवंत प्रमाण बताते हुए उन्होंने कहा कि बौद्ध दर्शन तेजी से खंडित होती दुनिया में शांति, सहअस्तित्व और नैतिक स्पष्टता के लिए एक व्यावहारिक और मानवीय ढांचा प्रदान करता है। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के प्रो. आनंद सिंह ने कहा कि बुद्ध और उनके शिष्यों के अवशेष धम्म के प्रतीकात्मक स्वरूप के रूप में कार्य करते हैं, जो महात्मा बुद्ध की जीवंत उपस्थिति और उनकी शिक्षाओं दोनों को समाहित करते हैं। अवशेषों की उपासना से स्तूपों और चैत्यों के माध्यम से बौद्ध धर्म के पवित्र भौगोलिक क्षेत्र के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए उन्होंने कहा कि असल दार्शनिक मूल्यों से समझौता किए बिना आदिबुद्ध अवधारणाओं और मातृ-देवी प्रतीकों जैसे स्थानीय सांस्कृतिक तत्वों को भी समाहित किया है।

# भाजपा का उमर खालिद शरजील इमाम की जमानत नामंजूर होने पर कांग्रेस पर तंज

नई दिल्ली, वार्ता

भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय द्वारा उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत नामंजूर होने पर कांग्रेस पर तंज कसा है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि शीर्ष अदालत के निर्णय के बाद से देश के टुकड़े टुकड़े गैंग में दुख का माहौल है। पूनावाला ने कहा कि आज शीर्ष अदालत का एक निर्णय आया है, जिसके बाद देश के टुकड़े-टुकड़े गैंग को बड़ा दुख और दर्द महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि उमर खालिद और शरजील इमाम के लिए सिर्फ कांग्रेस और उसके इकोसिस्टम से नहीं, बल्कि विदेश से भी बहुत सारे पत्र और संवेदनाएं प्रकट हो रही थी। आज उन दोनों आरोपियों को उच्चतम न्यायालय ने किसी भी प्रकार की राहत देने से इनकार करते हुए उनकी जमानत को नामंजूर कर दिया है। पूनावाला ने कहा कि शीर्ष अदालत ने इसके साथ यह भी कहा कि जिस प्रकार का अपराध उन्होंने किया है, आतंकवाद और दिल्ली को जलाने के जो भी आरोप उन पर लगाए गए हैं, वो प्रथम दृष्टया सही साबित होते हैं।

# एनसीसी प्रशिक्षित आत्मविश्वासी कैडेट विकसित भारत की यात्रा की रीढ़: राधाकृष्णन

नई दिल्ली, वार्ता



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने राष्ट्र निर्माण तथा युवाओं के विकास में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के योगदान की सराहना करते हुए कहा है कि इसमें प्रशिक्षित आत्मविश्वासी और मूल्यों से प्रेरित कैडेट विक. सित भारत की यात्रा की रीढ़ हैं।

राधाकृष्णन ने सोमवार को यहां एनसीसी गणतंत्र दिवस शि. विर में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और राष्ट्र निर्माण तथा युवाओं के विकास में संगठन के निरंतर योगदान की सराहना की। कैडेटों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि एनसीसी स्थापना के 78 वें वर्ष में विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन बन चुका है और अनुशासित, जिम्मेदार और देशभक्त नागरिकों के निर्माण के अपने मूल उद्देश्य को दृढ़ता से निभा रहा है। उन्होंने गणतंत्र दिवस शिविर को भारत के युवाओं में विश्वास और एक सशक्त व एकजुट राष्ट्र के निर्माण के सामूहिक संकल्प का सशक्त प्रतीक बताया। एनसीसी के आदर्श वाक्य 'एकता और अनुशासन' का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह संगठन आत्मविश्वासी और मूल्यों से प्रेरित युवाओं को गढ़ रहा है, जो विकसित भारत 2047 की रीढ़ हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि विक. सित भारत की यात्रा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण पर आधारित है जिसे कुशल, अनुशासित और सेवा-भाव से प्रेरित युवा शक्ति आगे बढ़ाएगी, और इस दिशा में एनसीसी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## उप्र में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने लिखी पाती

# साइबर ठगी को लेकर जनता को किया जागरूक

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: मोबाइल, इंटरनेट और कंप्यूटर ने जीवन को आसान तो बनाया है, पर ऑनलाइन अपराध के मामले भी तेजी से बढ़े

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आम जनता से सतर्क और जागरूक रहने की अपील की है। 'योगी की पाती' के माध्यम से मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को बताया कि मोबा. इल, इंटरनेट और कंप्यूटर ने जीवन को आसान तो बनाया है, लेकिन इसके साथ ही साइबर ठगी और ऑनलाइन अपराध के मामले भी तेजी से बढ़े हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में केवल दो साइबर क्राइम थाने थे, जबकि अब प्रदेश के सभी 75 जनपदों में साइबर क्राइम थाने कार्यरत हैं। इसके अलावा सभी थानों में साइबर हेल्प डेस्क बनाई गई है, ताकि पीड़ितों को तुरंत सहायता मिल सके। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर हो रही ठगी को लेकर खास चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश के किसी भी कानून में डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था नहीं है। पुलिस या कोई सरकारी एजेंसी वीडियो कॉल, व्हाट्सऐप या सोशल मीडिया के जरिए न तो किसी को गिरफ्तार करती है और न ही पैसे की मांग करती है। ऐसे कॉल या मैसेज आने पर लोग तुरंत सतर्क हो जाएं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के इस्तेमाल में भी सावधानी बरतने को कहा। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर फोटो, वीडियो या लोकेशन साझा करने से अपराधी आपके बारे में जानकारी जुटा लेते हैं और उसका गलत इस्तेमाल करते हैं। इसलिए किसी के साथ अपनी निजी जानकारी, बैंक डिटेल या ओटीपी साझा न करें।

यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी हो जाती है, तो घबराने की जरूरत नहीं है। ऐसे में तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। समय पर शिकायत करने से ठगे गए पैसे की वापसी की संभावना बढ़ जाती है। योगी ने लोगों से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार व आसपास के लोगों, खासकर बुजुर्गों को भी साइबर अपराध से बचाव के बारे में जानकारी दें। उन्होंने कहा कि जन-जागरूकता से ही सुरक्षित और साइबर अपराध मुक्त उत्तर प्रदेश बनाया जा सकता है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को राजस्थान के पूर्व राज्यपाल और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह 'बाबूजी' को उनकी जयंती के अवसर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धेय बाबूजी का संपूर्ण जीवन सुशासन, विकास, सामाजिक न्याय और राष्ट्रवादी विचारधारा को समर्पित रहा।

### सीएम का कार्यकल प्रदेश को नई दिशा देने वाला रहा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल प्रदेश को नई दिशा देने वाला रहा, जिसे सदैव स्मरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबूजी ने अपने नाम को उत्तर प्रदेश के 'कल्याण' से जोड़कर जीवन भर उसे सार्थक किया। उन्होंने जनहित, कानून-व्यवस्था और विकास के क्षेत्र में जो मजबूत नींव रखी, वह आज भी प्रदेश की राजनीति और प्रशासन के लिए मार्गदर्शक है। कल्याण सिंह केवल एक कुशल प्रशासक ही नहीं, बल्कि रामभक्ति, दृढ़ संकल्प और राष्ट्र के प्रति अटूट आस्था के प्रतीक थे। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। योगी ने कहा कि बाबूजी का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी सादगी, स्पष्ट सोच और निर्णय क्षमता आज भी जनसेवा से जुड़े लोगों को मार्ग दिखाती है।



सेंसेक्स 85762.01
निफ्टी 26328.55



सोना रु. 134415
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 234906
प्रति किलो



# शिखर को छूकर फिसला निफ्टी-50 आईटी सेक्टर पर बढ़ा दबाव

नई दिल्ली, वार्ता



आईटी सेक्टर में बिकवाली के दबाव में सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक गिरावट में बंद हुए। दिन भरे चले उतार.चढ़ाव के बीच नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक 26,373.20 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया था।

हालांकि बाद में बिकवाली तेज होने से यह 78.25 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट में 26,250.30 अंक पर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 322.39 अंक (0.38 प्रतिशत) नीचे 85,439. 62 अंक पर बंद हुआ। एनएसई में मझौली कंपनियों के सूचकांकों में भी गिरावट रही, जबकि छोटी कंपनियों में लिवाली का जोर रहा। आईटी, तेल एवं गैस, स्वास्थ्य और फार्मा सेक्टरों के सूचकांकों में गिरावट रही। रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, सार्वजनिक बैंकों, एफएमसीजी, धातु, मीडिया, ऑटो और रसायन समूहों के सूचकांक बढ़त में बंद हुए। एचडीएफसी बैंक का शेयर सवा दो प्रतिशत से अधिक टूट गया। इंफोसिस और एचसीएल टेक्नोलॉजीज में दो प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फाइनेंस और टीसीएस के शेयर एक प्रतिशत से ज्यादा गिरे।

रिलायंस इंडस्ट्रीज, इटरनल, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी और एलएंडटी के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। बीईएल में ढाई फीसदी से अधिक की तेजी रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर, टाटा स्टील और अल्ट्रटेक सीमेंट में डेढ़ प्रतिशत से ज्यादा बढ़त रही। एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक और मारुति सुजुकी के शेयर एक प्रतिशत से अधिक चढ़े। टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक और ट्रेंट के शेयरों में भी तेजी रही।

# रिजर्व बैंक ने खरीदी 50,000 करोड़ की सरकारी प्रतिभूतियां

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने सोमवार को खुले बाजार से 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां खरीदीं। केंद्रीय बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों के पास नकदी की उपलब्धता बढ़ाने के उपायों के तहत यह खरीद की है। यह चार समान किस्तों में दो लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद के तहत दूसरी किस्त है। रिजर्व बैंक की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि उसने सात तरह की प्रतिभूतियों की खरीद की है, जिनकी मियाद साल 2029 से 2054 तक अलग-अलग समय में पूरी हो रही है। इसमें तीन साल, छह साल, आठ साल, नौ साल, 10 साल, 14 साल और 28 साल की प्रतिभूतियां शामिल हैं। इन प्रतिभूतियों पर 7.09 प्रतिशत से 8.30 प्रतिशत ब्याज दर हैं। पहली किस्त में 50 हजार करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां 29 जनवरी को खरीदी गई थीं। अगली दो किस्तों के तहत 12 जनवरी और 22 जनवरी को खरीद की जाएगी। दिसम्बर में इससे पहले भी दो किस्तों में केंद्रीय बैंक ने एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की थी।

# चावल, चीनी, दालों में तेजी, गेहूं नरम खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी और दालों में भी तेजी रही जबकि गेहूं में गिरावट का रुख रहा। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 116 रुपये बढ़कर 3,847 रुपये प्रति क्विटंल पर पहुंच गई। गेहूं 21 रुपये सस्ता हुआ और 2,850 रुपये प्रति क्विटंल के भाव बोला गया।

आटा 19 रुपये टूट गया। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल औसतन 215 रुपये प्रति क्विटंल महंगी हुई। चना दाल की कीमत 172 रुपये और मसूर दाल की 142 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। मूंग दाल 96 रुपये और उड़द दाल 41 रुपये प्रति क्विटंल मजबूत हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 21 रिंगिट बढ़कर 4012 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.32 प्रतिशत की मजबूती के साथ 49.46 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 132 रुपये बढ़ गई। वनस्पति 126 रुपये और सूरजमुखी तेल 52 रुपये मजबूत हुई। वहीं, पाम ऑयल 53 रुपये और सोया तेल 37 रुपये फिसल गया। सरसों तेल में 20 रुपये प्रति क्विटंल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 124 रुपये प्रति क्विटंल बढ़े। चीनी भी 19 रुपये प्रति क्विटंल मजबूत हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल. दलहन: दाल चना 7782.05 रुपये, मसूर काली 8140.47 रुपये, मूंग दाल 10072.13 रुपये, उड़द दाल 10368.49 रुपये, तुअर दाल 10592.10 रुपये प्रति क्विटंल। अनाज : गेहूं दड़ा 2849.62 रुपये और चावल 3847.23 रुपये प्रति क्विटंल। आटा द्धगेहूंऋ 3303.86 रुपये प्रति क्विटंल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4296.96 रुपये और गुड़ 4978.32 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17623.86 रुपये, मूंगफली तेल 17897.52 रुपये, सूरजमुखी तेल 15844.49 रुपये, सोया तेल 13791.06 रुपये, पाम ऑयल 12449.60 रुपये और वनस्पति 14488.49 रुपये प्रति क्विटंल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**उमर खालिद...**

या एकीकृत दृष्टिकोण से परहेज किया गया है। न्यायालय ने कहा कि वह इस बात से संतुष्ट है कि अभियोजन पक्ष की सामग्री अपीलकर्ता उमर खालिद और शरजील इमाम के खिलाफ प्रथम दृष्ट्या आरोप प्रकट करती है। इन अपीलकर्ताओं के मामले में वैधानिक सीमा लागू होती है और कार्यवाही के इस स्तर पर उनकी जमानत पर रिहाई उचित नहीं है। पीठ ने स्पष्ट किया कि हालांकि संवैधानिक न्यायालयों के पास न्यायिक जांच की शक्ति बनी हुई है, पर यह जांच यूएपीए की निर्धारित सीमाओं के भीतर ही संचालित होनी चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने देखा कि यूएपीए की धारा 15 के तहत 'आतंकवादी कार्य' की परिभाषा बम या पारंपरिक हथियारों के उपयोग तक सीमित नहीं है। संसद ने राज्य की सुरक्षा को धमकी देने या आतंकवादी हमला करने के इरादे से 'किसी अन्य माध्यम से' किए गए कार्यों को शामिल करने के लिए परिभाषा का विस्तार किया है। इसमें नागरिक जीवन को बाधित करने या सामान्य आर्थिक गतिविधि को पंगु बनाने वाले कार्य भी शामिल हैं। इन सिद्धांतों को लागू करते हुए पीठ ने माना कि उमर खालिद और शरजील इमाम इस मामले में दूसरे आरोपियों से 'अलग स्थिति' में थे। उसने पाया कि इस चरण में रिकॉर्ड पर रखे गए सबूत यूएपीए की धारा 43डी (5) के तहत कानूनी रोक लगाने के लिए काफी थे, जिसने उन्हें जमानत के लिए अयोग्य बना दिया। न्यायालय ने इस बात पर भी जोर दिया कि विशेष कानूनों के तहत आने वाले मामलों में समानता को बिना सोचे-समझे लागू नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा कि जमानत मंजूर करने के लिए हर आरोपी की भूमिका का अलग-अलग आकलन जरूरी है। यह भी कहा कि खास आरोपों की जांच किए बिना सभी आरोपियों के साथ एक जैसा व्यवहार करने से कानूनी ढांचा कमजोर होगा। यह मानते हुए कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है और मुकदमे से पहले लंबे समय तक जेल में रखना गंभीर चिता का विषय है, न्यायालय ने कहा कि जहां प्रथम दृष्ट्या अभियोजन सामग्री यूएपीए के तहत अपराध का खुलासा करती है, वहां अदालतें विधाई आदेश को नजरअंदाज नहीं कर सकतीं। इसी के तहत उच्चतम न्यायालय ने उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। फैसला 10 दिसम्बर को सुरक्षित रख लिया गया था। सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता अभियोजन पक्ष की ओर से पेश हुए। उन्होंने यह तर्क देते हुए जमानत याचिकाओं का विरोध किया था कि 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा सीएए के खिलाफ अचानक हुआ विरोध प्रदर्शन नहीं था, बल्कि अशांति भड़काने की सोची-समझी साजिश का हिस्सा था। उमर खालिद की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क दिया था कि मौजूदा रफ्तार से खालिद बिना मुकदमे के कई सालों तक जेल में रह सकता है। सह-आरा. ेपी गुलफिशा फातिमा की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता डा. अभिषेक मनु सिंघवी ने यह कहते हुए दिल्ली पुलिस के एक साथ मिलकर 'सत्ता बदलने' की साजिश के दावे पर सवाल उठाया था कि आरोप पत्र में ये आरोप नहीं हैं। यूएपीए के तहत मामला दर्ज किए गए सभी पांच आरोपियों ने दिल्ली उच्च न्यायालय के नौ सितम्बर के उस आदेश को चुनौती देते हुए विशेष अनुमति याचिकाएं दायर की थीं, जिनमें उन्हें जमानत मंजूर करने से इन्कार कर दिया गया था। उच्च न्यायालय ने उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य की जमानत याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा था कि 'विरोध के नाम पर हिंसा स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति नहीं है।' यह मामला 2020 में सीएए के विरोध प्रदर्शनों के दौरान उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा से जुड़ा है, जिसके कारण बड़े पैमाने पर पत्थरबाजी, आगजनी और झड़पें हुईं, जिसमें 53 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।

# वेनेजुएला मामले में चुप्पी पर की केंद्र की आलोचना

नई दिल्ली, वार्ता



■ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने मोदी सरकार को शर्मनाक तथा अमेरिकी समर्थक करार दिया

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने वेनेजुएला घटनाक्रम पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार के रुख की सोमवार को आलोचना करते हुए इसे 'शर्मनाक' तथा 'अमेरिकी समर्थक' करार दिया है।

गौरतलब है कि अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को बंधक बना लिया है और अमे. रिकी सैनिक उन्हें अमेरिका लेकर गए हैं। माकपा ने केंद्र सरकार पर राष्ट्रीय संप्रभुता और अंतर्राष्ट्रीय कानून के प्रति भारत की लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता का त्याग करने का आरोप लगाया है। माकपा पोलित ब्यूरो द्वारा जारी एक बयान में सोमवार को कहा गया कि विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया (जिसमें केवल 'गहरी चिंता' व्यक्त की गई और बातचीत का आह्वान किया गया) भारत के पारंपरिक विदेश नीति सिद्धांतों से बहुत कमतर है। पार्टी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के घोर उल्लंघन के बारे में निंदा का एक भी शब्द नहीं कहा गया है। माकपा ने कहा है कि अमेरिका के कुछ यूरोपीय सहयोगियों ने भी अमेरिकी कार्रवाई की खुले तौर पर आलोचना की है। अमेरिकी अभियान को 'खुला हमला' बताते हुए, वामपंथी पार्टी ने केंद्र सरकार पर एक ऐसा रुख अपनाने का आरोप लगाया जो 'कायरतापूर्ण और राष्ट्रों की स्वतंत्रता और संप्रभुता की रक्षा के भारत के लंबे समय से चले आ रहे रुख के विपरीत' है। बयान में कहा गया है, मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की प्रतिक्रिया भारत के ब्रिक्स क् साझेदारों जैसे ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका द्वारा अपनाए गए रुख के बिल्कुल विपरीत है, जिन्होंने अमेरिकी आक्रामकता की स्पष्ट रूप से और दृढ़ता से निंदा की है और राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी की रिहाई की मांग की है। माकपा ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की धीमी प्रतिक्रिया भाजपा सरकार के वैचारिक जुड़ाव और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के साथ रणनीतिक निकटता को दर्शाती है।

माकपा की ओर से जारी बयान में कहा गया है, यह अमेरिका समर्थक रुख मोदी सरकार की दक्षिणपंथी विचारधारा और ट्रम्प प्रशासन के साथ रणनीतिक संबंधों के अनुरूप है। ऐसा रुख अपनाकर भारत ने 'ग्लोबल साउथ' के हितों का प्रतिनिधित्व करने का कोई भी दावा छोड़ दिया है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी सैनिकों ने वेनेजुएला की राजधानी काराकास में अभियान चलाकर राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को हिरासत में ले लिया गया। इस कार्रवाई से लैटिन अमेरिका और उसके बाहर भी तीखी प्रतिक्रियाएं हुई हैं, कई देशों और समूहों ने अंतर्राष्ट्रीय कानून और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए गंभीर नतीजों की चेतावनी दी है। विदेश मंत्रालय द्वारा सप्ताहांत में जारी भारत की आधिकारिक प्रतिक्रिया में अमे. रिका की निदा नहीं की गई, बल्कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए संयम और बातचीत का आग्रह किया गया।

इस रुख की आलोचना न केवल माकपा बल्कि अन्य विपक्षी पार्टियों ने भी की है और सवाल उठाया है कि क्या भारत अपनी पारंपरिक गुटनिरपेक्ष और संप्रभु विदेश नीति से दूर जा रहा है। माकपा ने कहा कि माकपा मांग करती है कि मोदी सरकार इस शर्मनाक रुख को छोड़े और वेनेजुएला में अमेरिकी आक्रामकता और अवैध कृत्यों के खिलाफ खुलकर सामने आए। माकपा ने केंद्र सरकार से संप्रभुता, अहस्तक्षेप और अंतर्राष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों को स्पष्ट रूप से बनाए रखने का आह्वान किया है।

# अनिवार्य सीएसआर खर्च से कंपनियों पर बढ़ सकता है वित्तीय बोझ: आईआईएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** देश में कंपनियों पर कानूनन लागू किया गया सीएसआर (कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) खर्च निवेशकों की नजर में जोखिम बढ़ा सकता है। जिसका सीधा असर यह होता है कि कंपनियों को शेयर बाजार से पैसा जुटाने में ज्यादा लागत चुकानी पड़ सकती है।

भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ (आईआईएम लखनऊ) द्वारा किए गए एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है। यह अध्ययन खास तौर पर गरीबी उन्मूलन से जुड़े सीएसआर खर्च पर केंद्रित है। शोध में यह देखा गया कि जब कंपनियां मजबूरी में सीएसआर पर खर्च करती हैं, तो निवेशक इसे कंपनी के फायदे के बजाय एक अतिरिक्त बोझ मानते हैं। इस कारण निवेशकों का भरोसा कुछ हद तक कम होता है और वे ज्यादा मुनाफे की मांग करते हैं। यह शोध अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका जर्नल ऑफ एकाउंटिंग इन इमर्जिंग इकोनॉमिक्स में प्रकाशित हुआ है। अध्ययन को आईआईएम लखनऊ के प्रोफेसर सेशादेव साहू और उनकी शोध छात्रा डा. सुकन्या वाधवा ने मिलकर किया है। शोध के लिए वर्ष 2014 से 2020 के बीच 484 भारतीय कंपनियों के आंकड़ों का अध्ययन किया गया। इन कंपनियों ने कंपनी अधिनियम 2013 के तहत गरीबी हटाने से जुड़े सीएसआर कार्यों पर खर्च किया था। शोधकर्ताओं ने यह समझने की कोशिश की कि इस खर्च को निवेशक किस नजर से देखते हैं और इसका कंपनियों की आर्थिक स्थिति पर क्या असर पड़ता है। अध्ययन में पाया गया कि जिन कंपनियों ने गरीबी उन्मूलन पर अधिक सीएसआर खर्च किया, उनसे निवेशकों ने ज्यादा रिटर्न की अपेक्षा की। इसका मतलब है कि अनिवार्य सीएसआर खर्च कंपनियों की इक्विटी लागत बढ़ा देता है। निवेशक इसे समाज सेवा से ज्यादा



एक मजबूरी मानते हैं। हालांकि, सेवा क्षेत्र की कंपनियों के मामले में स्थिति थोड़ी अलग पाई गई। इन कंपनियों में मौजूदा साल का सीएसआर खर्च निवेशकों को सकारात्मक संकेत देता है और उनकी इक्विटी लागत घटती है। इसका कारण यह है कि सेवा क्षेत्र में भरोसा, छवि और प्रतिष्ठा बहुत मायने रखती है। प्रोफेसर सेशादेव साहू के अनुसार, अगर कंपनियां सीएसआर को सिर्फ कानून की मजबूरी न मानकर अपनी सोच और कामकाज से जोड़ें, तो इससे न सिर्फ समाज को फायदा होगा बल्कि कंपनियों को भी लंबे समय में लाभ मिल सकता है। अध्ययन यह संदेश देता है कि ईमानदारी से किया गया सीएसआर खर्च समाज और उद्योग दोनों के लिए फायदेमंद हो सकता है।

## माघ मेले में सजग रहेगी पुलिस, नहीं लगेगा जाम

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में माघ मेले के मद्देनजर सभी थाना प्रभारियों को जाम के प्रति सजग रहने की चेतावनी दी गई है। पुलिस आयुक्त जोगेन्द्र कुमार अपर पुलिस आयुक्त अजय पाल शर्मा ने कहा कि जाम लगने की दशा में संबंधित एरिया के इस्पेक्टर दोषी होंगे। उन्होंने श्रद्धालुओं से सौम्य व्यवहार करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि माघ मेले मे जिस तरह से पौष पूर्णिमा का स्नान सकुशल सम्पन्न हुआ हैं उसी तरह आगे भी सभी स्नान अच्छे से सम्पन्न हो। उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों घे नसीहत दी कि श्रद्धालुओं से सौम्य व्यवहार करके उनकी मदद करें और कहीं भी जाम लगा तो उस एरिया का इस्पेक्टर जिम्मेदार होगा। माघ मेले मे अभी चार स्नान पर्व बचे हैं जिसमे मौनी अमावस्या घे लेकर अफसर काफी सक्रिय हैं पुलिस कमिशनर जोगेंद्र कुमार और एडिशनल पुलिस कमिश्नर अजय पाल शर्मा सड़क से लेकर स्नान घाट तक बारीकी से नजर रखे हैं। बाहर से आने वाली गाड़ियां पार्किंग में गाड़ी होने के बाद श्रद्धांलू रैपिडो से स्नान घाट तक जा सकते हैं।

# राष्ट्रपति मुर्मू 19 मार्च को आ सकती हैं अयोध्या



**अयोध्या।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के 19 मार्च को अयोध्या में राममंदिर आने की संभावना है, ऐसी योजना श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र बना रहा है।

इस सिलसिले में एक तैयारी बैठक श्रीराम जन्मभूमि कार्यशाला रामघाट पर हुई जिसमें श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र का लेखा विभाग का कार्यालय है। बैठक श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने ली जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित उसके अनुषांगिक संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक अति गोपनीय थी जिसमें शामिल पदाधिकारियों से क्रमवार महत्वपूर्ण जानकारी भी प्राप्त की गई। राममंदिर ध्वजारोहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के साथ शिरकत की थी जबकि प्रतिष्ठा द्वादशी में वर्ष के अंतिम दिन रक्षा मंत्री राजनाथ एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हिस्सा लिया था। अब राममंदिर में राष्ट्रपति के आगमन की संभावना को देखते हुए राममंदिर ट्रस्ट अभी से कार्यक्रम को व्यवस्थित और अनुशासित रूप से सफल बनाने के लिए योजना बनाने में लग गया है। इस बार राममंदिर ध्वजारोहण समारोह में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने ऐसे सामाजिक वर्गों को आमंत्रित किया था जो आमंत्रण के बारे में सिर्फ सोचते थे। पूर्वी उत्तर प्रदेश से 3000 एवं अयोध्या जनपद से 3000 लोगों को आमंत्रित किया था। इस बार ट्रस्ट स्थानीय लोगों को ही आमंत्रित करने की योजना पर कार्य कर रहा है।

# आजमगढ़ में तस्करों ने किया गौशाला में सेंधमारी का प्रयास

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ के जीयनपुर क्षेत्र में एक दुस्साहिक वारदात में गो तस्करों ने गौशाला में सेंध लगाने का प्रयास किया मगर पुलिस की त्वरित कार्रवाई से उनका मंसूबा पूरा नहीं हो सका। सरकार ने सड़कों पर गो तस्करी पर रोक के लिए पुलिस को टाइट किया तो, गो तस्करों ने नया पैंतरा अपनाया।

जीयनपुर थाना क्षेत्र के पारन कुंडा गांव में गो तस्कर सड़कों से पशुओं को उठाने की वजाय सीधे गौशाला में पशु उठाने पहुंच गए, लेकिन समय से पहले पहुंची थाने की पुलिस ने उनके इस खेल को फेल कर दिया, हालांकि गो तस्कर भाग गए, लेकिन पुलिस ने उनके वाहन और उसमें चार गौवंश बरामद कर उनको कब्जे में ले लिया। जिला स्तरीय अधिकारियों की जांच के बाद बीडीओ अजमतगढ़ की तहरीर पर प्रधान, सचिव और केयरटेकर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि आजमगढ़ में रविवार की रात अजमतगढ़ विकास खंड के पारनकुण्डा स्थित गौशाला से दो वाहनों द्वारा गोवंश ले जाने की कोशिश पुलिस टीम की सक्रियता से नाकाम हो गई,। सूचना मिलते ही पुलिस की आलाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। घटना के बाद कोतवाली पुलिस ने अज्ञात तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। जांच में सामने आया कि गौशाला में हाल ही में बाहर से पशु लाए गए थे। पशु चिकित्सक ओम प्रकाश आनंद ने बताया कि गौशाला में 90 पशु सुरक्षित हैं।

# आईआईटी बीएचयू के छात्रों ने इनोवेशन मीट में जीता प्रथम पुरस्कार

**वाराणसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (काशी हिदू विश्वविद्यालय) के छात्रों ने आईआईटी हैदराबाद में आयोजित प्रतिष्ठित इंटर-आईआईटी अंडरग्रेजुएट इनोवेशन मीट 2026 में प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर संस्थान का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

विजेता टीम में अर्क्य ज्योति घोष एवं सुप्रतीम महापात्रा शामिल हैं, जिन्होंने स्कूल ऑफ बायोकेमिकल इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर प्रो. प्रांजल चंद्रा के मार्गदर्शन में यह नवाचार विकसित किया। टीम को उनके अभिनव प्रोजेक्ट हैंडहेल्ड माइक्रो-इमेजिंग डिवाइस के लिए पांच लाख रुपये की नकद राशि एवं विजेता शील्ड प्रदान की गई। यह अत्याधुनिक इमेर्. जंग तकनीक आईआईटी (बीएचयू), वाराणसी में विक. सित की गई है। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न आईआईटी से सैकड़ों नवाचार प्रस्ताव प्राप्त हुए। कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद केवल 21 नवाचारों को आईआईटी हैदराबाद में लाइव डेमोंस्ट्रेशन के लिए चयनित किया गया। इनमें से आईआईटी (बीएचयू) का यह प्रोजेक्ट शीर्ष फाइनलिस्ट्स में स्थान बनाने में सफल रहा और अंततः सभी प्रतिस्पर्धियों को पीछे छोड़ते हुए कुल विजेता के रूप में उभरा। पुरस्कार वितरण समारोह में पद्मश्री डा. बीवीआर मोहन रेड्डी, संस्थापक अध्यक्ष, सायंट लिमिटेड एवं अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स, आईआईटी हैदराबाद, जएश रंजन, आईएएस, प्रधान सचिव, उद्योग एवं वाणिज्य तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, तेलंगाना सरकार तथा प्रो. बीएस मूर्ति, निदेशक, आईआईटी हैदराबाद सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इन विशिष्ट व्यक्तित्वों की उपस्थिति ने कार्यक्रम के राष्ट्रीय महत्व को रेखांकित किया। इस नवाचार पर टिप्पणी करते हुए प्रो. प्रांजल चंद्रा ने कहा कि हैंडहेल्ड माइक्रो-इमेजिंग डिवाइस एक मजबूत, स्वदेशी रूप से विकसित तकनीक है, जो कैंसर कोशिक.ाओं एवं सूक्ष्मजीव प्रणालियों सहित विभिन्न कोशिकीय संरचनाओं की इमेजिग में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकती है। इसकी प्रमुख विशेषता इसका लघुकरण और स्वचालन है। टीम को बधाई देते हुए आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी के निदेशक




प्रो. अमित पात्रा ने कहा कि इंटर-आईआईटी जैसे अत्यंत प्रतिस्पर्धी मंच पर शीर्ष पुरस्कार प्राप्त करना आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह सफलता संस्थान की नवाचार-संस्कृति, व्यावहारिक अनुसंधान और युवा नवप्रवर्तकों को वास्तविक समस्याओं के समाधान के लिए तैयार करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# आगरा में वाहन आपस में टकराए, दो लोगों की मौत

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में सोमवार को घने कोहरे की वजह से ग्वालियर हाईवे पर छह वाहन आपस में टकरा गए जिमने दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हुए हैं।

पुलिस ने बताया कि आगरा से ग्वालियर की तरफ एक कैंटर से कार टकरा गई और घने कोहरे में एक के बाद एक वाहन टकराते चले गए गए। हादसे में दो कारें और चार कैंटर की आपस में भिड़ंत हुई। हादसे में कार सवार इमरान की मौत हो गई जबकि कैंटर का चालक विष्णु की मौत हुई है। आगरा- ग्वालियर सड़क हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने राहत बचाव कार्य किया। साथ ही पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में पहुंचाया और दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। क्षतिग्रस्त हुए वाहनों को हाइवे से हटा दिया गया है। हादसे की वजह से जाम लग गया था लिहाजा जाम करीब एक घंटे बाद सामान्य हो गया।

## आजमगढ़ में सड़क हादसे में दो लोगों की जान गई

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले के आजमगढ़- प्रयागराज मार्ग पर रविवार देर रात गंभीरपुर बाजार में एक सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक बाइक से ठेकमा से आजमगढ़ की ओर जा रहे थे कि तेज रफ्तार ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना प्रकार मौके पर पहुंचे गंभीरपुर चौकी इंचार्ज संदीप दुबे ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय आजमगढ़ भेज दिया। इसके बाद सड़क पर आवागमन बहाल हुआ। पुलिस क्षेत्रधिकारी आस्था जायसवाल ने बताया कि मृतकों में पूर्व प्रधान संतोष यादव (40) और संदीप यादव (32) शामिल है। पुलिस ने ट्रेलर चालक को वाहन सहित हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 375 ग्राम हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) एवं स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक सक्रिय तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से 375 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद की गई है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 75 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सोना राई के रूप में हुई है। सूचना मिली थी कि एक युवक हेरोइन की तस्करी के इरादे से सैयदराजा क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना के आधार पर एक दिन पूर्व रविवार को नगवां तिराहा, लोकमनपुर, सैयदराजा रोड के पास चेकिग के दौरान अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 375 ग्राम हेरोइन, एक दोपहिया वाहन, एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन तथा 405 रुपये नकद बरामद किए गए।

# काशी में मकर संक्रांति पर चार लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान

**वाराणसी।** बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी में मकर संक्रांति के अवसर पर चार लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। संगम नगरी प्रयागराज में 3 जनवरी से 17 फरवरी तक चलने वाले माघ मेले का शुभारंभ हो चुका है। ऐसे में प्रयागराज से काशी में पलट प्रवाह को लेकर वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस द्वारा डायवर्जन प्लान जारी कर दिया गया है।

सोमवार को अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) अंशुमान मिश्रा ने बताया कि प्रमुख स्नान तिथियों पर महाकुंभ जैसी व्यवस्था लागू रहेगी। बड़े वाहनों को शहर के बाहर ही रोक दिया जाएगा। 18 जनवरी को मौनी अमावस्या, 23 जनवरी को बसंत पंचमी, माघी पूर्णिमा और महाशिव. रात्रि के पावन पर्व पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु काशी पहुंचेंगे। शहर के बाहर और अंदर कई स्थानों पर वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है। सोनारपुरा से गोदौलिया की ओर कोई भी वाहन नहीं जाने दिया जाएगा। भीड़ बढ़ने पर अग्रवाल तिराहे से अस्सी की ओर वाहनों को जाने से रोका जाएगा। दशाश्वमेध, अस्सी, नमो घाट तथा रविदास घाट पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इन घाटों पर आम दिनों से ज्यादा भीड़ देखी जा रही है। ऑटो और ई-रिक्शा तय रूट पर ही चलेंगे। जरूरत पड़ने पर इन्हें भी डायवर्ट किया जाएगा। माघ मेले की भीड़ को देखते हुए होल्डिग एरिया भी बनाया गया है। मिर्जामुराद, रोहनिया, राजातालाब, रामनगर और लंका क्षेत्र में स्कूलों में जरूरत पड़ने पर बड़े वाहनों को खड़ा किया जाएगा।

# एसआरएन अस्पताल में तीमारदार और डाक्टरों के बीच झड़प

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में भाजपा नेता के रिश्तेदार की पिटाई के बाद एसआरएन अस्पताल में जमकर बवाल हुआ। जूनियर डॉक्टर व दूसरी ओर से बड़ी संख्या में लोगों के जुट जाने से स्थिति तनावपूर्ण हो गई। हालात यह हुए कि कई थानों की फोर्स लेकर अफसरों को पहुं. चना पड़ा।

घंटों समझाने के बाद दोनों पक्ष शांत हुए और इस दौरान आधी रात तक एसआरएन अस्पताल परिसर पूरा छावनी तब्दील रहा। रविवार रात करीब 11 बजे यहां भर्ती एक मरीज को देखने के लिए मुट्ठीगंज के आदर्श केसरवानी कुछ लोगों के साथ पहुंचे थे। मरीज का ईसीजी होना था और इसी बात को लेकर उनकी ड्यूटी पर मौजूद जूनियर डॉक्टर से नोकझोंक हो गई। बात इतनी बढ़ी कि वहां गाली गलौज होने लगी। इसके बाद दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और फिर वहां जमकर मारपीट हुई। मारपीट की सूचना पर बड़ी संख्या में दूसरे पक्ष से भी लोग जुट गए और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस पहुंची और हालात को देखते हुए आसपास के कई थानों की फोर्स लेकर अफसर भी आ गए। दोनों पक्ष कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। घंटों हंगामा चलता रहा। पुलिस अफसरों ने बहुत समझाया और तब जाकर रात 1 बजे के करीब मामला शांत हुआ।

## सोनभद्र में मां-बेटा हेरोइन तस्करी में गिरफ्तार

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में सोनभंद्र जिले के राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने हेरोइन तस्करी में लिप्त मां व उसके बेटे को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 20-70 ग्राम हेरोइन बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने सोमवार को बताया कि नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में राबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस ने एक सूचना के आधार पर उरमौरा बाजार में छापेमारी कर उरमौरा निवासी ओमप्रकाश यादव की पत्नी पानपत्ती देवी व उसके पुत्र राधेश्याम यादव को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 20-70 ग्राम नाजायज हेरोइन बरामद किया है जिसकी अनुमानित कीमत तीन लाख रुपये है। गिरफ्तार महिला पानपत्ती देवी पर पूर्व में तीन आपराधिक मुकदमे और बेटा राधेश्याम यादव पर 11 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। राबर्ट्सगंज कोतवाली में उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पावरग्रिड
POWERGRID

सूचना

1. पश्चिमी क्षेत्र में "मैसर्स एसबीईएसएस सर्विसेज प्रोजैक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड" की 325 मेगावाट पवन परियोजना के लिए कनेक्टिविटी और एलटीए हेतु केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ विनियामों की शर्तें एवं निबंधन) 2019 और केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ विनियमों की शर्तें एवं निबंधन) 2024 के साथ पठित केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (कार्य का संचालन) विनियम, 2023 के विनियम 15(1) (क) और विनियम 23 के तहत और विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79 (1) (घ) के साथ पठित धारा 62 के अधीन टैरिफ के निर्धारण के लिए याचिका।
2. ऊपर वर्णित पारेषण प्रणाली के लाभार्थी ये है: (1) मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, जबलपुर (2) छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर (3) गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, बडोदरा, (4) विद्युत विभाग, गोवा सरकार, पणजी, (5) महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, मुंबई, (6) डीएनएचडीडी पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड, सिलवासा, (7) अडानी विंड एनर्जी एमपी वन प्राइवेट लिमिटेड, (8) उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड, (9) अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, (10) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, (11) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, (12) हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड, (13) पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड, (14) हरियाणा पावर परचेज सेंटर, (15) जम्मू कश्मीर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड, (16) बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड, (17) बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड, (18) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड, (19) उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड, (20) नॉर्थ सेंट्रल रेलवे (21) नई दिल्ली नगर परिषद, (22) चंडीगढ़ बिजली विभाग, (23) हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड, (24) सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीटीयूआईएल)
3. टैरिफ विवरण:

(क) 2019–24 ब्लॉक (₹लाख में)

| परिसंपत्ति का विवरण | डीओसीओ/ इसीओडी | 31.03.2024 को पूर्णता लागत | | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| परिसंपत्ति–1 | 29.04.22 | 3299.69 | ट्रयुइंग अप के आधार पर संशोधित एएफसी | NA | NA | NA | 706.48 | 854.11 |
| परिसंपत्ति–2 | 30.04.22 | 348.39 | | NA | NA | NA | 68.78 | 80.65 |

(ख) 2024–29 ब्लॉक (₹लाख में)

| परिसंपत्ति का विवरण | 31.03.2029 को पूर्णता लागत | | 2024-25 | 2025-26 | 2026-27 | 2027-28 | 2028-29 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संयुक्त परिसंपत्ति | 3929.92 | एएफसी | 848.28 | 867.60 | 880.07 | 877.00 | 874.55 |

4. इस नोटिस तथा टैरिफ के निर्धारण के लिए दायर आवेदन-पत्र की एक प्रति आवेदक की वेबसाइट www.powergrid.in पर पोस्ट की गई है।
5. याचिका में वर्णित टैरिफ के निर्धारण के लिए प्रस्तावों पर सुझाव और आपत्तियां, यदि कोई हैं, लाभार्थी सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा आयोग के ई-फाइलिंग पोर्टल के जरिए अथवा लिखित में सचिव, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, छठा, सातवां और आठवां तल, टावर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029 के पास (अथवा अन्य पते पर जहां आयोग का कार्यालय स्थित है), साथ में एक प्रति याचिकाकर्ता को इसके कार्पोरेट कार्यालय के पते पर, इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

स्थान: गुरुग्राम
दिनांक: 05.01.2026

हस्ता/–
वरिष्ठ उप-महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालय: बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110 016
केन्द्रीय कार्यालय: "सौदामिनी", प्लॉट सं.-2, सेक्टर-29, गुरुग्राम, हरियाणा-122001
वेबसाईट: www.powergrid.in सीआईएन: L40101DL1989GOI038121
एक महारत्न पीएसयू

PG/CC/Notice-71/Advt.-88/2025-26 Interpub

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अंतर्राज्यीय शराब तस्कर गिरोह का सरगना गिरफ्तार

**प्रयागराज।** अंतरराज्ईय शराब तस्करी में सक्रिय गिरोह के सरगना एवं एक लाख रुपये के इनामी नवदीप सिंह उर्फ नवी ग्रेवाल उर्फ लक्की सिंह को एसटीएफ उत्तर प्रदेश एवं प्रयागराज पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक दिन पूर्व रविवार को पंजाब से गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अभियुक्त नवदीप सिंह उर्फ नवी ग्रेवाल उर्फ लकी सिंह मोहाली पंजाब का निवासी है जो प्रयागराज में धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि व 60(1), 63, 72 आबकारी अधिनियम में वांछित था और उसकी गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित है। पुलिस को सूचना मिली थी कि वांछित अभियुक्त पंजाब के मोहाली जनपद में छिपकर रह रहा है। सूचना के आधार पर एसटीएफ प्रयागराज टीम द्वारा थाना जिरकपुर, जिला एसएएस नगर (मोहाली), पंजाब क्षेत्र में दबिश दी गई, जहां सिटी इन्क्लेव, जिरकपुर स्थित एक



मकान से अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि वह वर्षों से अपने गिरोह के साथ मिलकर पंजाब से अवैध शराब की खेप ट्रकों के माध्यम से उत्तर प्रदेश, बिहार एवं झारखंड भेजता रहा है। पुलिस से बचने के लिए शराब की खेप को भूसे, मूंगफली, प्लास्टिक रोल आदि के बीच छिपाकर ले जाया जाता था। अभियुक्त ने बताया कि वर्ष 2022 में शराब तस्करी के एक मामले में झारखंड में उसकी गिरफ्तारी हो चुकी है। इसके बावजूद वह फरार होकर पुनः अवैध शराब तस्करी के नेटवर्क को संचालित कर रहा था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, अभियुक्त नवदीप सिंह के विरुद्ध रायबरेली, सुल्तानपुर सहित अन्य जनपदों में भी आबकारी अधिनियम एवं धोखाधड़ी से संबंधित कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी से पूर्व वह लगातार स्थान बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को संबंधित मुकदमे में न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। पुलिस द्वारा उसके नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों की तलाश और संपत्ति की जांच की जा रही है।

## कल्पवास आत्मा की मुक्ति का विशेष आध्यात्मिक अनुष्ठान

**भदोही।** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के गोपीगंज क्षेत्र के सेमराध गंगा घाट पर माघ मास में आयोजित होने वाले कल्पवास मेले का धार्मिक व आध्यात्मिक महामात्य है। जहां हजारों श्रद्धालु कल्पवास कर मोक्ष की प्राप्ति करते हैं। जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर काशी-प्रयाग व विध्य क्षेत्र में पतित पावनी मां गंगा के सेमराघ घाट पर माघ के महीने में हजारों की तादाद में श्रद्धालु रेतीली भूमि के बीच टेंट में जप-तप व गंगा स्नान कर भगवत कृपा प्राप्त करते हैं। इस आयोजन को भदोही शिवराज कल्पवास के नाम से भी जाना जाता है।

# दहेजलोभी ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा

## दहेज में थार न मिलने पर की थी मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। दहेज में थार गाड़ी में 5 लाख की डिमांड किये जाने के मामले में पुलिस ने पति सास समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सबदलपुर शुमाली निवासी श्रीमती निधि पुत्री ओविंद्र की शादी थाना बछरायूं क्षेत्र के गांव ढयोटी निवासी रचित पुत्र ओमपाल के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। युवती के परिजनों ने अपनी हसरत से अधिक शादी में दान दहेज दिया था। युवती का आरोप था की शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज में थार व 5 लाख की मांग कर रहे थे। जब उसने अपने मायके वालों की हैसियत का वास्ता दिया तो वह उसके साथ मारपीट करने लगे। विवाहिता का कहना है कि जब उसने अपने मायके वालों को सूचना दी तो वह मौके पर पहुंच गये। ससुराल पक्ष के लोगों ने उनके साथ जमकर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भगा दिया। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने पति रचित, सास उषा देवी, नितिन पुत्र ओमपाल, रेशू पुत्र नितिन व रिचा पत्नी काविंद्र के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अम्बेडकर पार्क निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप

## हाथों में पीली ईंटें लेकर पहुंचे अम्बेडकर संघ के कार्यकर्ता, किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस उस समय चर्चा का विषय बन गया, जब अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ (मेहंदीपुर) के कार्यकर्ताओं ने कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नगर पंचायत सैद नांगली के वार्ड नंबर-1 में बनाए जा रहे डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क, बारात घर और स्टडी सेंटर के निर्माण में भारी अनियमित. ताओं का आरोप लगाया।

कार्यकर्ता अपने आरोपों को प्रमाणित करने के लिए निर्माण स्थल से लाई गई पीली ईंटें हाथों में लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि निर्माण कार्य में तय मानकों को ताक पर रखकर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। आरोप है कि ईंटों की गुणवत्ता बेहद खराब है और सीमेंट की मात्रा भी कम रखी जा रही है। संघ के पदाधिकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि जब स्थानीय



लोगों ने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाए तो ठेकेदार व संबंधित कर्मचारियों ने उनके साथ अभद्रता की और डराने-धमकाने की कोशिश की। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने तत्काल जांच के निर्देश दिए और कहा कि भ्रष्टाचार के प्रति जिला प्रशासन की नीति जीरो टॉलरेंस की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच में दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में आमेन्द्र सिंह, अमरेश कुमार, रूपचंद, शिव भारती, विपिन सागर, अनुज कुमार, ऋषिपाल सिंह व चमन सिंह आदि रहे।

# तालाब की सफाई कराने को गरजे ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भारतीय किसान यूनियन बी आर अंबेडकर ने नारेबाजी व प्रदर्शन करते हुए तालाब की सफाई करवाये जाने की मांग की है।

हसनपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव बहापुर के दर्जनों ग्रामीणों ने भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी के नेतृत्व में तहसील में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि गांव के तालाब में सालों से मालबा व गंदगी होने के कारण वह पानी से भरा हुआ रहता है। जिसे कनेटा मार्ग पूर्ण रूप से बांधित हो जाता है। उन्होंने कहा कि कई बार इसकी शिकायत की गई है। लेकिन इसमें सुनवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि तालाब का अभी 25% ही कार्य पूरा हो पाया है। तालाब में गंदगी होने के कारण ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तालाब में सफाई करवाये जाने के निर्देश दिये है। प्रदर्शन करने वालों में विनेश कुमार, मनोज कुमार, ओम प्रकाश, सत्य प्रकाश, नन्हे सिंह, गजेंद्र सिंह, सुनील कुमार, लवकेश कुमार, अंकुर कुमार, संदीप कुमार, विजेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

# गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। सोमवार को नगर में सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह की जयंती प्रकाश पर्व के रूप में मनाई गई। इसके उपलक्ष्य में नगर में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। सिखों के दसवें एवं अंतिम गुरु गो. विंद सिंह की जन्म जयंती हर वर्ष पौष मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी को मनाई जाती है। इस वर्ष 5 जनवरी को यह गुरु गोविंद सिंह जी की जन्म जयंती प्रकाश पर्व के रूप में मनाई गई। यह गुरु गोविंद सिंह जी की 359 वी जयंती है। हसनपुर नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। नगर के गुरुद्वारा साहिब से प्रारंभ होकर मेन बाजार,पंसारा बाजार, से होती हुई सुखदेवी इंटर कॉलेज के पास स्वर्गीय साहब दास महंत के आवास से होकर गुरुद्वारा पर जाकर संपन्न हुई। प्रभात फेरी में सिख संगत द्वारा भजन कीर्तन का गायन किया गया। प्रभात फेरी की समाप्ति पर गुरु का अटूट लंगर भी आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, हरजीत चावला, महेंद्र चावला, हरजीत सिंह, चरणजीत सिंह, योगेंद्र चावला, विक्रम महंत, लोकेश महंत, मनजीत कौर, वेद प्रकाश महंत अजय पाल अंकुर अग्रवाल मयंक अग्रवाल रश्मि चावला आदि मौजूद रहे।

# वन विभाग के एसडीओ की गाड़ी पलटी, तीन घायल

## बाइक को बचाने के प्रयास में हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बाइक सवार को बचाने के प्रयास में वन विभाग के एसडीओ का वाहन पलटने के कारण तीन लोग घायल हो गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोमवार को अमरोहा के उपप्रभागीय वन अधिकारी नरेश कुमार जोशी संपूर्ण समाधान दिवस में सम्मिलित होने के लिए हसनपुर आ रहे थे। जब उनकी सरकारी गाड़ी रझौहा गांव के समीप पहुँची तभी अचानक सामने से एक बाइक सवार आ गया। बाइक सवार को बचाने के प्रयास में ड्राइवर ने गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया। जिससे सरकारी वाहन सड़क किनारे अनियंत्रित होकर पलट गया। इस सड़क दुर्घटना में एसडीओ नरेश कुमार जोशी अर्दली परवीन वी चालक लक्ष्मण घायल हो गये। वहीं उनकी सरकारी गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची और राहगीरों की मदद से घायलों को वाहन से बाहर निकाला। सभी घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहाँ उनका उपचार चल रहा है। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।

# सर्वेश यादव बने नौगांवा तहसील बार के अध्यक्ष

## फैयाज उद्दीन को 17 वोटों से हराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात**। तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव में सर्वेश कुमार यादव अध्यक्ष निर्वाचित हुए। सोमवार को तहसील बार एसोसिएशन के लिए मतदान हुआ। यहां अध्यक्ष पद के लिए सर्वेश कुमार यादव व फैजाज उद्दीन खान एडवोकेट में सीधा मुकाबला हुआ। 63 अधिवक्ताओं ने वोट डाले। जिनमें सर्वेश कुमार यादव को 40 वोट मिले। उन्होंने फैयाज उद्दीन खान को 17 वोटों से शिकस्त दी। फैयाज उद्दीन को मात्र 23 वोट ही मिले। इसके अलावा संजीव कुमार महासचिव तथा कोषाध्यक्ष पद पर तंजीम तथा सचिव के लिए हसन हैदर एडवोकेट चुने गये। निर्वाचित अध्यक्ष सर्वेश कुमार ने कहा कि वकीलों ने उन्हें बार का अध्यक्ष बनाकर जो जिम्मेदारी सौंपी है वह उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे तथा किसी भी वकील का उत्पीड़न नही होने देंगे।



## आरोग्य केन्द्र के ताले तोड़कर हजारों की चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता ढवारसी**। थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव निरयावली खादर स्थित आयुष्मान आरोग्य केंद्र में अज्ञात चोरों ने रात के समय तीन कमरों के ताले तोड़कर इनवर्टर, बैटरी समेत हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। सोमवार सुबह केंद्र पहुंचे स्वास्थ्य कर्मियों को घटना की जानकारी हुई। चोरी की खबर मिलते ही ग्राम प्रधान राजेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और केंद्र परिसर में धरना देकर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए। ग्रामीणों ने बताया कि डेढ़ साल पहले भी इसी केंद्र में चोरी हो चुकी है, जिसका अब तक खुलासा नहीं हो सका। सूचना पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने केंद्र पर चौकीदार की तैनाती, सीसीटीवी लगाने और रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# हार्टअटैक से हुई थी सफाई कर्मी की मौत

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उठा रहस्य से पर्दा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सफाई कर्मी कुशल की मौत हार्ट अटैक के कारण हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि की गई है। वहीं, गुस्साए परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद जमकर हंगामा किया। ई-रिक्शे से खींचते हुए पिटाई करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग को लेकर पहले शहर कोतवाली पहुंचे और फिर बाद में शव रखी ट्रैक्टर-ट्राली को मोहल्ले में ही बीच सड़क पर खड़ा कर दिया। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गुस्साए परिजनों को बमुश्किल समझाकर शांत किया। देर शाम तक पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की थी।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कुरैशी (शिव नगर) में स्व.हरकिशोर का परिवार रहता है। वह स्वास्थ्य विभाग में सफाई कर्मचारी थे। उनके निधन के बाद छोटे बेटे कुशल को आश्रित कोटे में नौकरी मिल गई थी। वर्तमान में कुशल की तैनाती कैलसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चल रही थी। परिजनों के मुताबिक दो दिन पहले पड़ोस के मोहल्ले के रहने वाले बिरादरी के युवक से कुशल की किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। वह युवक कुशल पर शराब पिलाने के लिए दबाव बनाता था। उसी युवक ने अपनी पत्नी से कुशल पर छेड़छाड़ का आरोप लगाकर पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी थी। आरोप है कि शनिवार को पुलिस इस मामले में कुशल के घर पहुंची थी। लेकिन, रविवार शाम करीब चार बजे अचानक कुशल को घबराहट होने लगी, इसके बाद उनके भाई राजीव कुशल को लेकर अस्पताल जा रहे थे। राजीव का आरोप है कि जिस युवक से विवाद हुआ था वह अपनी पत्नी और एक अज्ञात व्यक्ति के साथ रास्ते में मिल गया। इन लोगों ने कुशल को ई-रिक्शा से खींचते हुए मारपीट कर दी। बीच चौराहे पर उसकी जमकर पिटाई की, इसके बाद कुशल बेहोश होकर सड़क पर गिर गया। आरोपियों के जाने के बाद में राजीव अपने भाई कुशल को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कुशल की मौत के बाद परिजनों ने पीट पीट कर हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया था। लिहाजा, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कही थी। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कुशल की मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया है। मृतक के शरीर पर भी चोट का कोई निशान नहीं मिला है। वहीं, परिजन पीट पीट कर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। उच्चाधिकारियों को पूरी स्थिति से अवगत करा दिया गया है। उनके निर्देश पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने आधा दर्जन चोरी की बाइकें बरामद कीं

## तीन शातिर वाहन चोर दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाते हुए एक बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 6 मोटरसाइकिलें और 3 फर्जी नंबर प्लेट बरामद की हैं।

सोमवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज कुमार त्यागी ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 4 जनवरी की रात हसनपुर पुलिस गजरौला-हसनपुर मार्ग पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने एक बंद पड़े पेट्रोल पंप के पास घेराबंदी की। घेराबंदी के दौरान पुलिस ने तीन आरोपियों अक्षय निवासी मोहल्ला खैवान विवेक निवासी गुर्जर कॉलोनी और कौशल वर्मा निवासी पुराना डाकखाना को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे पिछले 5-6 महीनों से वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। उन्होंने बताया कि आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से उन्होंने हसनपुर के ग्रीन सिटी से एक स्प्लेंडर बाइक चोरी की थी। जबकि अन्य मोटरसाइकिलें अलग-अलग क्षेत्रों से चुराई गई थीं। पकड़े जाने से बचने के लिए आरोपी इन बाइकों पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर उन्हें काशीराम कॉलोनी स्थित एक सुनसान खंडरनुमा कमरे में छिपा देते थे।

# गजेन्द्र अध्यक्ष व ब्रज किशोर बने सचिव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। तहसील बार एसोसिएशन का गजेंद्र सिंह को अध्यक्ष पद के लिए चुन लिया गया। महासचिव पद पर ब्रज किशोर निर्वाचित हुए हैं।

सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच तहसील बार भवन में संगठन की कार्यकारिणी का चुनाव शुरू हो गया। जिसमें गजेंद्र सिंह को 86, मुजाहिद हुसैन को 77 व राजेंद्र सिंह को सात वोट प्राप्त हो गये। गजेंद्र सिंह को 9 वोटो से विजय घोषित कर दिया गया। महासचिव पद पर ब्रज किशोर को 92 वोट मिले। फतेह सिंह को 78 मत मिले।ब्रज किशोर को 14 वोटो से विजय घोषित कर दिया गया। कोषाध्यक्ष के लिए हितेश त्यागी को 71 मत मिले। नंदराम सिंह को 59 मत तथा विक्रांत त्यागी को 40 वोट ही मिल सके। इस तरह हितेश त्यागी को 12 वोटो से विजय घोषित कर दिया गया।



एल्डर कमेटी के सदस्य ऋषिपाल सिंह चौहान ने निर्वाचित कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। तहसील में सुबह से ही चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई थी।

# कुत्ते व बंदरों से निजात दिलाने की मांग

## एप्पल क्लब फाउंडेशन ने ईओ को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। शहर में बंदर और कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता ही जा रहा है।बंदर और कुत्तों के हमले से जिले में लगातार लोग जख्मी हो रहे हैं। जनता बहुत ज्यादा परेशान हो चुकी है। बंदर और कुत्ते खासतौर पर महिलाओं और बच्चों को निशाना बना रहे हैं। जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। रात में अगर कोई आवश्यक कार्य से कही जाना पड़ जाये। तो कुत्ते पीछे पड़ जाते हैं। सुबह में महिलाएं अगर छत पर कपड़े सुखाने जाए तो बंदर हमला कर रहे हैं ऐसी स्थिति में लोगों के सामने सख्त परेशानी है। इसलिए एप्पल क्लब फाउंडेशन से जुड़े लोग नगर पालिका



पहुंचे और बंदरों और कुत्तों से निजात दिलाने की मांग करते हुए अधिशासी अधिकारी डॉ बृजेश कुमार को ज्ञापन सौंप दिया। ज्ञापन के माध्यम से उनसे इस गंभीर समस्या से शहर के लोगों को निजात दिलाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की गई। अधिशासी अधिकारी डॉ बृजेश कुमार ने बताया कि अमरोहा जिला अधिकारी निधि गुप्ता वत्स और चेयरमैन शशि जैन भी इस परेशानी को लेकर गंभीर है।और जल्द ही जिले में एक एबीएस सेंटर की स्थापना की जा रही है। इस मौके पर एप्पल क्लब फाउंडेशन के सदर कमर नकव्वी,सभासद गुफरान खान सूरी, अशरफ अली, नूरुद्दीन छोटे, फैज खान,शहजाद अहमद, अफजल अहमद, आबाद अहमद, अब्दुल वारिस, साहिल उर्फ पिंटू, जावेद राईनी, नौशाद अहमद, सुहैल जैदी, मोज्जिज उर्फ मुन्ने आसिम खान, आदि लोग मौजूद रहे।

# छुट्टा पशुओं की समस्या पर हुई चर्चा

## भाकिसं की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला**। भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश शर्मा ने संगठन के विस्तार के विषय में कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक जोड़ने का आह्वान किया।

सोमवार को कान्हा गोशाला के निकट श्रीराम ट्रेडर्स पर आयोजित हुई बैठक में ब्लाकाध्यक्ष देवेश कुमार शर्मा ने कहा कि किसान क्षेत्र में छुट्टा पशुओं से त्रस्त हैं। सरकार को इस पर विचार कर समस्या का समाधान करना चाहिए। ब्लाक प्रभारी धर्मपाल सिंह ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर कार्यकर्ताओं व किसानों की समस्यायों का समाधान न होने पर असन्तोष व्यक्त किया। बैठक में प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य महीपाल सिंह, जिला कोषाध्यक्ष धर्मपाल सिंह, जिला कार्यालय मंत्री नरेश कुमार शर्मा, ब्लाकाध्यक्ष ओमवीर सिंह, जिला युवा उपाध्यक्ष निगम वर्मा, मनोज कुमार शर्मा, अनिल कुमार, रवि कुमार, राजेश, चमन सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, विजय शर्मा, राजपाल सिंह सैनी, प्रहलाद सिंह, वशिष्ठ शर्मा, आदि मौजूद रहे।

# शिकायतों के निस्तारण में न बरतें लापरवाही

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जनता की शिकायतों को सुनकर उनका समाधान करने के निर्देश दिये गये।

सोमवार को क्षेत्र के गांव करनपुर माफी स्थित नवीन तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के नेतृत्व में किया गया। जिलाधिकारी के समक्ष राजस्व विभाग 11, पुलिस विभाग 8, पूर्ति विभाग एक, विकास विभाग एक एवं अन्य विभागों की चार शिकायतों समेत कुल 25 शिकायतें दर्ज की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि फरियादियों की शिकायतों का जल्द समाधान किया जाये।



उन्होंने कहा कि शिकायतों का समाधान करने में किसी भी तरीके की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।इस दौरान मौके पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, सीएमओ डॉ योगेंद्र कुमार, एसडीएम हिमांशु उपाध्याय, सीओ पंकज कुमार त्यागी, तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक अरविंद शर्मा, वन क्षेत्राधिकारी नरेश कुमार समेत अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# शहर को मिलेगी जलभराव से राहतः महबूब

## नाला निर्माण के लिए 5 करोड़ की पहली किस्त जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने शहर की सबसे बड़ी समस्या जलभराव से निजात दिलाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। उन्होंने नाला निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी कराई है। इससे लंबे समय से लंबित नाले के निर्माण कार्य को हरी झंडी मिल गई है।

विधायक महबूब अली ने बताया कि यदि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं होती है तो नाले के निर्माण से शहर को जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। विशेष रूप से बरसात के मौसम में सड़कों पर जलभराव, दुकानों और



मकानों में पानी घुसने जैसी समस्याओं से आमजन को निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में शहरवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिसे देखते हुए नाला निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। इस योजना के पूर्ण होने से अमरोहा शहर की जनता को बड़ी राहत मिलेगी।

## रात में पारा लुढ़का दिन में खीली धूप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** जिले के लोगों को रात और दिन किसी भी समय ठंड से राहत नहीं मिल रही है। रविवार को न्यूनतम तापमान काफी लुढ़क गया और कानपुर, बाराबंकी, इटावा और शाहजहांपुर के बाद सबसे कम रहा। वहीं दिन में हल्की धूप खिलने से कुछ राहत मिली और तापमान में भी कुछ बढ़ोत्तरी दर्ज की गई, हालांकि शाम को हवाएं चलने के बाद फिर से ठंड बढ़ गई।

मौसम विभाग के मुताबिक अधिकतम तापमान सामान्य से 2.6 डिग्री सेल्सियस कम 15.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस कम 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों में भी बरेली और आसपास के क्षेत्रों में सर्द हवाओं से गलन और तापमान गिरने से ठंड में बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही घना कोहरा बने रहने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 13 से 16 डिग्री और न्यूनतम तापमान 6 से 8 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

# डीएम और एसपी ग्रामीण ने तहसील दिवस में सुनीं शिकायतें

**97 में से 15 शिकायतों का मौके पर ही कर दिया गया निस्तारण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** तहसील समाधान दिवस में डीएम अविनाश सिंह और एसपी ग्रामीण मुकेश चंद्र मिश्र ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान कुल 97 शिकायतें आईं, जिनमें से 15 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि बाकी शिकायतों को निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभागों के अफसरों को सौंप दिया गया। तहसील दिवस में गन्ना भुगतान का मुद्दा छाया रहा, और किसानों ने डीएम से शिकायत कर जल्द गन्ने का भुगतान कराए जाने की मांग की।



यहां तहसील सभागार में आयोजित तहसील समाधान दिवस में पूर्व पालिका अध्यक्ष पति नसीम अहमद ने शिकायती पत्र सौंपते हुए कहा कि नगर पालिका परिषद बहेड़ी द्वारा भवन टैक्स दूसरी नगर पालिकाओं से अधिक टैक्स वसूला जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने पंजाबी कालोनी पॉवर हाउस के सामने अवैध रूप से दुकानों का निर्माण किये जाने की शिकायत की। उन्होंने कहा कि ग्राम मुंडिया नवी बक्स निवासी एक दबंग युवक गांव में ही बढ़े पैमाने पर अवैध खनन करा रहा है। कोतवाली व उपजिलाधिकारी से शिकायत करने के बाद भी आरोपी पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। एक ग्राम की महिलाओं ने ग्राम प्रधान की शिकायत करते हुए कहा कि प्रधान ने जानबूझकर गलत तरीके से उनके राशन कार्डों को कटवा दिया है, जिनको उन्होंने बनवाये जाने की मांग की। मोहल्ला टांडा निवासी बतूल, आमना, जैतून व रशीदा पुत्रीगण जहूर ने शिकायत की कि पावर हाउस के सामने उनकी जमीन पर उत्तराखण्ड के किच्छा निवासी कुछ लोग अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण करा रहे हैं। फरीदपुर नगर पंचायत के निशांत, डोरी लाल व तीरथ आदि ने कहा है कि कुछ दबंग लोग तलब पर नाजायज कब्जा किए हुए हैं उनसे कब्जा हटाया जाए।

नगर पालिका परिषद बहेड़ी के सभसदों ने शिकायत की कि कड़ाके की ठण्ड पड़ने के बाबजूद नगर पालिका नगर में अलाव नहीं जलवा रही है। मांग करने पर जवाब मिलता है कि लकड़ी खत्म हो गई हैं, और अब लकड़ी नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि नगर में जगह-जगह पानी की लाइन लीकेज हो गई है, जिस कारण नगरवासी गंदा पानी पी रहे हैं। यहाँ कोई जलकल अभियंता न होने की वजह से चार्ज जल निगम के जेई के पास है। वह कभी-कभी आते हैं और फोन भी नहीं उठाते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नगर पालिका ने इतना टैक्स लगा रखा है जोकि बरेली व लखनऊ में भी नहीं है। छोटे कारोबारी व चाट बेचने वालों से 8-10 हजार रूपये वार्षिक शुल्क माँगा जा रहा है। उन्होंने मांग की कि सिर्फ उतना ही टैक्स लगाया जाये जो जनता पर भारी न पड़े। इसके अलावा आधार न बनने आदि से सम्बन्धित शिकायतें आईं। शिकायतें सुनने के बाद डीएम ने कहा कि शिकायतों का सही व समय से निस्तारण किया जाये। इस मौके पर एसडीएम इशिता किशोर, सीओ अरुण कुमार, परियोजना निदेशक डूडा चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, तहसीलदार बहेड़ी सहित तमाम विभागों के अफसर मौजूद रहे।

### एक नजर

## बन्द स्कूल को खुलवाए जाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के ग्राम जादोपुर के 6 महीने से बंद पड़े सरकारी स्कूल को खुलवाने हेतु ग्रामीणों ने पैनी नजर सामाजिक संस्था की अध्यक्ष एडवोकेट सुनीता गंगवार से गुहार की कि बच्चे 6 महीने से स्कूल नहीं जा रहे हैं। स्कूल को देखने मौके पर सुनीता गंग. वार अपनी टीम के साथ पहुंची। सुनीता गंगवार ने कहा कि ग्रामीणों ने सभी जनप्रतिनिधियों अधिकारियों से गुहार लगाकर देख ली, लेकिन किसी ने उनकी नहीं सुनी। सुनीता गंगवार ने कहा यह बच्चों के प्रति घोर अपराध है कि उन्हें शिक्षा से वंचित किया जा रहा है, इस गांव से जो स्कूल स्थानांतरित किया गया है वह यहां से डेढ़ किलोमीटर लगभग दूर है, और रास्ते में नहर भी पड़ती है, जिसकी वजह से बच्चों के आवागमन में खतरे भी है। संस्था अध्यक्ष ने कहा कि प्रशासन को तत्काल ध्यान देते हुए खोलना चाहिए। इस संबंध में संस्था गुरुवार को ग्रामीणों के साथ प्रार्थना पत्र सौंपेगी और बच्चों को शिक्षा से वंचित नहीं रहने देगी। संस्था अध्यक्ष ने कहा कि गंदी राजनीति के कारण स्कूल को खुलने नहीं दिया जा रहा है। जिस स्कूल में बच्चों को स्थानांतरित किया गया है उसे स्कूल के अध्यापक उनके अटेंडेंस लग रहे हैं, जबकि बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं यह घोटाला चल रहा है।

## सड़क हादसे में घायल सैनिक का निधन





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शाही थाना क्षेत्र के तुरसापट्टी गांव में सोमवार को सैनिक वागीश कुमार का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। वागीश कुमार की शनिवार को लखनऊ के एक अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। वह सड़क हादसे में घायल हुए थे।

41 वर्षीय वागीश कुमार गोरखा राइफल्स में तैनात थे और वर्तमान में शाहजहांपुर जिले की बटालियन में कार्यरत थे। उन्हें एक सड़क दुर्घटना में चोटें आई थीं, जिसके बाद उन्हें लखनऊ के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जरूरी कार्रवाई पूरी होने के बाद सोमवार को सैनिक का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव तुरसापट्टी लाया गया। परिवार में शोक का माहौल छा गया और पूरे गांव के लोग संवेदना व्यक्त करने के लिए उमड़ पड़े। बटालियन के 50 से अधिक सैनिकों के साथ सैन्य अधिकारी भी दोपहर को गांव पहुंचे। तिरंगे में लिपटे सैनिक के पार्थिव शरीर को घर से गांव स्थित श्मशान भूमि तक बटालियन के सैनिक लेकर गए।

**सैन्य सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार**

वाद्ययंत्रों की मातमी ध्वनि के बीच अधिकारियों ने सैनिक को सलामी दी। इसके बाद सैनिक वागीश कुमार का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में गांव के अलावा आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। वागीश अपनी छह बहनों के इकलौते छोटे भाई थे। उनके परिवार में पत्नी काजल, पिता बद्री प्रसाद, पुत्र आदर्श और पुत्री समृद्धि शामिल हैं।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्राथमिक संघ शिक्षा वर्ग हुआ सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) का नौ दिवसीय वर्ग बीडीएम पब्लिक स्कूल मीरगंज बरेली में समापन सत्र के साथ सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रतिवर्ष व्यक्ति निर्माण के अनेक वर्ग लगाये जाते हैं।



नौ दिवसीय वर्ग सत्ताइस दिसम्बर से प्रारम्भ होकर चार जनवरी तक चला। जिसमें बौद्धिक व शारीरिक विकास के साथ अन्य प्रशिक्षण भी दिए गये। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने महाराष्ट्र के मोहिते वाड़ा के मैदान में कुछ बच्चों के साथ की थी, उनके पश्चात माधवरावसदाशिव. राव गोलवलकर गुरूजी के मार्गदर्शन में संगठन चला। वर्तमान में सरसंघचालक मोहन भागवत जी हैं। संघ 2025-26 में अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। वर्ग में जिला प्रचारक लाखन सिंह, जिला कार्यवाह प्रेमपाल, जिला सहकार्यवाह ज्ञानप्रकाश, तिलक, जिला निरीक्षक शान्तिपाल गंगवार, प्रधानाचार्य लाल बहादुर गंगवार, जिला बौद्धिक प्रमुख छेदालाल, सहजिला बौद्धिक प्रमुख राम आसरे शुक्ल, खंड कार्यवाह हरीश वर्मा, खंड संघचालक प्रहलाद यादव, खंड सहकार्यवाह आशीष सक्सेना, जिला योग प्रमुख आशीष देवल, प्रचारक जितिन गिरि गोस्वामी, खंड शारीरिक प्रमुख बादल सिंह, विशाल वर्मा, राजवीर यादव, वीरेंद्र गंगवार सहित इत्यादि स्वयंसेवक रहे।

## रहपुरा अंडरपास के पास तमंचे के साथ युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** पुलिस ने गश्त के दौरान अवैध हथियार रखने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने रहपुरा अंडरपास से पहले फतेहगंज पश्चिमी बाईपास के पास से एक युवक को 315 बोर के नाजायज तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ दबोच लिया।



पुलिस को सूचना मिली थी कि बाईपास क्षेत्र में एक संदिग्ध युवक अवैध हथियार के साथ घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मौके से सत्यपाल नामक युवक को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इसके बाद आरा. पी को हिरासत में लेकर थाना ले जाया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान सत्यपाल के रूप में हुई है जो मोहल्ला अब्दुल्लापुर, थाना मिलक, जिला रामपुर का निवासी है। आरोपी की उम्र करीब 28 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कुछ अहम जानकारियां भी दी हैं, जिनकी गहन जांच की जा रही है।

थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह का कहना है कि आरोपी को समय से न्यायालय में पेश किया जाएगा। वहीं क्षेत्र में अपराध और अवैध हथियारों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी अनूप कुमार, हेड कांस्टेबल विपिन कुमार, कांस्टेबल अक्षय कुमार शामिल रहे।

## छत पर रखे नौ सोलर पैनल चोरी, मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नजदीकी गांव रिछोला किफायतुल्ला से रविवार की रात चोर छतों पर लगे आधा दर्जन लोगों के 9 सोलर पैनल चोरी कर ले गए। नेशनल हाईवे पर हुई इस चोरी की घटना से ग्राम में दहशत का माहौल है।

बरेली पीलीभीत हाईवे किनारे कस्बे से सटे गांव रिछोला किफायतुल्ला में मुख्य मार्ग पर अलमदीना मेडिकल स्टोर के सामने बनी दुकानों और फरीदी मेडिकल स्टोर की छतों पर लगे हुजूर अहमद, ताजुद्दीन, शकील अहमद, अला. उद्दीन, मो0 असलम और समीर के लगे 9 सोलर पैनलों को रविवार की रात चोर चुरा ले गए। सुबह आकर जब दुकानदारों ने आकर देखा तो उन्हें इसकी जानकारी हुई। बताया जाता है कि चोर किसी चार पहिया गाड़ी से आए और पैनल चुरा कर फरार हो गए।

दुकानदारों ने गाड़ी के टायरों के निशान भी देखे। कस्बे से सटे हाईवे किनारे गांव की दुकानों की छतों से चोरी हुए सोलर पैनलों से ग्राम में दहशत का माहौल है। इन सोलर पैनलों की कीमत डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है।

ग्राम के इन दुकानदारों ने पुलिस को घटना की तहरीर दी है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक इस मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी थी।

# जिन्दगी से तंग आ चुकी छात्रा ने ट्रेन के आगे कूदकर की खुदकशी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे में आज बड़ी ही दुखद घटना सामने आई, जिसने सभी को झकझोर कर रख दिया। यह घटना जहां सरकारी मशीनरी के मुंह पर एक तमाचा है तो वहीं समाज के लिए एक सबक भी है।

नगर की इस्लामनगर बस्ती के रहने वाले फहमुद्दीन अंसारी की 35 वर्षीय पुत्री गुलनाज ने आज सुबह अपने घर से निकलकर विजौरिया स्टेशन पर जाकर गंगापुर उर्फ खामपुर को जाने वाले फाटक पर पीलीभीत से आने वाली ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। सुबह 7:30 बजे पीलीभीत से बरेली जाने वाली ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान गंवाने वाली छात्रा बीएससी, डीएलईएड करने के साथ ही सीटीईटी और यूपी टेट कर चुकी थी, वह इतनी पढ़ाई करने के बाद भी नौकरी न मिलने से बेहद परेशान थी। उसने यह सारी बातें अपने सुसाइड नोट में लिखी हैं। नौकरी न मिलने से अपनी जिन्दगी से हार चुकी यह छात्रा का छोटा भाई शहबाज और छोटी बहन नरगिस है। भाई शहबाज विदेश में मेडिकल की पढ़ाई कर रहा है, जबकि उसकी छोटी बहन नरगिस भी पढ़ रही है। तीन भाई बहनों में सबसे बड़ी गुलनाज द्वारा उठाए गए इस कदम से जहां उसके घर और रिश्तेदारों में सन्नाटा है वहीं पूरे नगर में शोक की लहर है।

सूचना मिलने पर पहुंचे चौकी इंचार्ज सुनील कुमार ने छात्रा के शव को कब्जे में लेकर कस्बे के साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीलीभीत पोस्टमार्टम को ले गई। देर शाम उसे सुपर्द ए खाक कर दिया गया।

## उथले हैंडपम्पों का उबाल कर पीएं पानी: डीएम




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में इंदौर में दूषित पानी के कारण हुई घटना के क्रम में सतर्कता बरतने के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में डीएम ने कहा कि जैसी घटना इंदौर में हुई है ऐसी कोई घटना आपने जनपद में घटित न होने पर इसके लिए पर्याप्त सतर्कता बरती जाये, उन्होंने निर्देश दिए कि सफाई कर्मचारियों के माध्यम से प्रतिदिन सफाई तथा जल भराव वाले क्षेत्र में सफाई व एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाए। मलिन बस्तियों में सफाई, चूना आदि डलवाया जाए। जल निगम को समस्त वार्डों से पानी की सैम्पलिंग कराकर पानी को रिपोर्ट दिए जाने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में नगर आयुक्त ने निर्देश दिए गए कि सीवर व नाले की सफाई के बाद निकाले गए सिल्ट को अगले दिन तक हर हाल में हटवा लिया जाए। खुले में शौच न करने, व्यक्तिगत स्वच्छता आदि के संबंध में जन जागरूकता लायी जाए। कुछ घरों में पानी का सर्विस कनेक्शन नाली आदि में से होकर गये हैं उन केसों में भी उपभोक्ता से बात कर उसे ठीक कराया जाए। टैंकों की सफाई साल में एक बार अनिवार्य रूप से करायी जाये। क्लोरीन का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। वाटर टैंकर स्टेनलेस स्टील टैंक से रिप्लेस करा लिया जाये यदि हो सके।

बैठक में निर्देश दिए गए कि स्वास्थ्य विभाग भी सक्रिय रहे यदि कहीं विशेष रूप से पानी से संबंधित बीमारियों के मरीज आ रहे हैं तो जानकारी में लाएं।

बैठक में निर्देश दिए गए कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन (जल निगम) के माध्यम से पानी की जांच करायी जाए, तथा क्लोरीन का वितरण प्रत्येक स्थानों पर कराया जाए और उपयोग में भी लाया जाये। निर्देश दिए गए कि जोनवार टीम बना ली जाए और लगातार मॉनिटरिंग भी की जाए। बैठक में बताया गया कि यदि कहीं पानी कि गुणवत्ता संबंधी कोई समस्याओं हो तो टोल फ्री नम्बर 1533 अथवा 14420 पर जानकारी दी जा सकती है, इसके अतिरिक्त बरेली सिटी 311 एप के माध्यम से स्थान की लाईव लोकेशन के साथ शिकायत दर्ज करायी जा सकती है। बैठक में निर्देश दिए गए कि लोगों को बताया जाये कि सप्लाई के बाद यदि मोटर से पानी लिया जाएगा तो सम्भावित है कि वो किसी प्रकार के एकत्र गंदे पानी की सप्लाई कर सकता है। अतः इस पर लोगों को जागरूक किया जाए।

बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि लोगों को जागरूक किया जाये कि उथले हैंडपम्पों के पानी का प्रयोग पीने या खाना बनाने में न करें तथा पानी को उबाल कर पीयें। घर के प्यूरीफायर टैंक की सफाई समय-समय पर कराएं।

## फर्जी ट्रेडिंग फर्मों की आड़ में चल रहे करोड़ों के काले खेल का भंडाफोड़, दो शातिर दबोचे

**आईपीएस अंशिका वर्मा की सख्ती से कांपा हवाला माफिया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** आईपीएस एसपी साउथ अंशिका वर्मा के कुशल नेतृत्व और सटीक रणनीति से बरेली पुलिस ने हवाला कारोबार के एक बड़े और संगठित नेटवर्क को जड़ से उखाड़ फेंका है। भुता क्षेत्र में की गई इस बड़ी कार्रवाई से हवाला माफियाओं में हड़कंप मच गया है।



एसपी साउथ अंशिका वर्मा को मिली पुख्ता खुफिया सूचना पर तत्काल एक्शन लेते हुए पुलिस टीम गठित की गई। तेज निगरानी और सधे हुए ऑपरेशन के तहत उदयपुर पुलिया के पास घेराबंदी कर दो शातिर अपराधियों को रंगे हाथों दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरो. पियों की पहचान शाहिद पुत्र जमील अहमद निवासी केसरपुर, थाना भुता और अमित गुप्ता पुत्र रामधुन गुप्ता निवासी काकर टोला, थाना बारादरी के रूप में हुई है। दोनों लंबे समय से भोली-भाली जनता को झांसे में लेकर उनके आधार और पैन कार्ड हासिल करते थे, और फिर उन्हीं दस्तावेजों से बैंक में फर्जी म्यूल अकाउंट खुलवाकर करोड़ों रुपये के हवाला लेन-देन को अंजाम दे रहे थे।

पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे व्यापार में मोटे मुनाफे का लालच देकर लोगों से दस्तावेज लेते थे। इसके बाद एचडीएफसी बैंक और पंजाब सिंध बैंक में फर्जी खातों की श्रृंखला खड़ी की जाती थी।

इन खातों की चेकबुक, एटीएम और मोबाइल लिंकिंग पूरी तरह आरोपियों के कब्जे में रहती थी, जिनके जरिये हवाला की रकम इधर-उधर की जाती थी। जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह ने मेसर्स सत्य साहब ट्रेडर्स, महावीर ट्रेडिंग कम्पनी, महाकाल ट्रेडर्स और सुमित ट्रेडर्स जैसी कई फर्जी ट्रेडिंग फर्में बना रखी थीं। इन्हीं फर्मों के नाम पर काले धन को सफेद करने और हवाला की रकम खपाने का पूरा नेटवर्क चलाया जा रहा था।

### आईपीएस अंशिका वर्मा का साफ संदेश

एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने साफ शब्दों में कहा कि हवाला, साइबर फ्रॉड और आर्थिक अपराधों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। इस नेटवर्क से जुड़े अन्य बड़े नामों तक भी जल्द पुलिस पहुंचेगी। उनकी सखष्त कार्यशैली और तेज निर्णय क्षमता से यह साफ हो गया है कि बरेली अब अपराधियों के लिए सुरक्षित जमीन नहीं रही।

## अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में लगे सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई 95 शिकायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** सोमवार को आयोजित किए गए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 95 शिकायतें दर्ज की गईं। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस आयोजन में सर्वाधिक शिकायतें चक रोड से अवैध कब्जा हटाए जाने की मांग से संबंधित थीं।



अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सन्तोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस आयोजन में ग्राम सैदपुर के रमेश चन्द ने ग्राम के गाटा संख्या 159 और 160 को ग्राम समाज की भूमि है, जिसपर गांव के दबंगों ने अवैध कब्जा कर रखा है, की हटवाए में की मांग की, जिसपर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने तहसीलदार को कार्यवाही के आद. ेश दिए हैं। ग्राम जिगनियां भगवन्तपुर के हरीशंकर गंगवार ने गांव के गाटा संख्या 759 जो चक मार्ग है, पर गांव के लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है, उन्होंने शिकायत दर्ज करते हुए कब्जा हटाए जाने की मांग की है। ग्राम समुहा के सत्यपाल ने ग्राम के चक मार्ग पर किए गए अवैध कब्जा हटवाए जाने की मांग की, जिसपर एसडीएम उदित पवार ने कार्यवाही की आदेश दिए।

आयोजन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सन्तोष कुमार सिंह के साथ ही एसडीएम उदित पवार, सीओ नीलेश मिश्र, खण्ड विकास अधिकारी महेश चंद शाक्य के साथ ही कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव, क्योलड़िया के थाना अध्यक्ष वेद सिंह, उप खण्ड अधिकारी राजेन्द्र सिंह सहित अधिकांश तहसील स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया।

## भुवनेश्वर के मौसम ने बरेली आने वाली मुंबई फ्लाइट कराई दो घंटे लेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** सर्दी के मौसम में रविवार को पहली बार मुंबई फ्लाइट करीब दो घंटे की देरी से बरेली एयरपोर्ट पहुंची। भुवनेश्वर में मौसम खराब होने की वजह से फ्लाइट मुंबई देरी से पहुंची, इस वजह से मुंबई से बरेली आने वाली फ्लाइट भी लेट हो गई। कड़ाके की ठंड में यात्रियों को एयरपोर्ट पर फ्लाइट के आने का इंतजार करना पड़ा। बरेली से मुंबई जाने वाले यात्रियों को एक बार को लगा कि अब फ्लाइट नहीं आएगी, यदि आ गयी तो शाम होते ही उड़ान भरने में दिक्कत आ सकती है, लेकिन शाम करीब 4:15 बजे आई फ्लाइट मुंबई के लिए करीब 4:55 बजे उड़ गयी। इससे 223 यात्रियों ने राहत की सांस ली। बरेली एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी ने बताया कि मुंबई फ्लाइट के बरेली एयरपोर्ट पहुंचने का निर्धारित समय 2:20 बजे है लेकिन फ्लाइट देरी से 4:15 बजे बरेली पहुंची और 40 मिनट के बाद मुंबई के लिए उड़ गयी। बताया कि यह फ्लाइट भुवनेश्वर से पहले मुंबई आती है लेकिन भुवनेश्वर में मौसम खराब होने की वजह से फ्लाइट मुंबई देरी से आई, इसलिए बरेली आने में लेट हो गयी।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र शहबाज को उसके द्वारा गलत व अभद्र व्यवहार और अपमानित करने, आर्थिक नुकसान पहुंचाने और धमकियां देने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व अपने परिवार से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों, लेनदेन व मुकदमेबाजी आदि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे व परिवार के कोई सदस्य उपरोक्त शहबाज के किसी कृत्य के लिए किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे।

**शमशुल कमर पुत्र अब्दुल हक निवासी-मोहल्ला तलपुरा कस्बा व तहसील बहेड़ी (बरेली)**

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक घायल

## जेब से नकदी व बाइक गायब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ग्राम इनामपुरा नहर की पुलिया के पास देर रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ, जब युवक बिलाई चीनी मिल से ड्यूटी समाप्त कर अपने घर लौट रहा था। बताया जा रहा है कि पीछे से आए एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

ग्राम कूकड़ा इस्लामपुर निवासी अरुण कुमार बिलाई चीनी मिल में कर्मचारी है। परिजनों के अनुसार वह रविवार रात करीब दस बजे मिल से बाइक द्वारा घर लौट रहा था। जैसे ही वह इनामपुरा नहर की पुलिया के समीप पहुंचा, तभी पीछे से आए ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद अरुण सड़क पर गिर गया और काफी देर तक बेहोशी की हालत में पड़ा रहा। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार चल रहा है। पीड़ित का आरोप है कि होश में आने पर उसकी बाइक मौके से गायब थी, जबकि उसकी जेब में रखी लगभग दो हजार रुपए की नकदी भी नहीं मिली। पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत थाने में दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# गुरु गोविंद सिंह जयंती पर गुरुद्वारे में कार्यक्रम

## नगर कीर्तन में योगदान करने वाले समाजसेवी व कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट किए





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दसवें सिख गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर पंजाबी कॉलोनी स्थित गुरुद्वारे में श्रद्धा और उत्साह के साथ विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाले गए नगर कीर्तन में सहयोग करने वाले समाजसेवियों, अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी सहयोगियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता एवं पालिकाध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह रहे। दोनों अतिथियों ने श्री गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन, त्याग और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए नगरवासियों को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी ने सिख समाज को न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक और नैतिक मूल्यों की दिशा भी प्रदान की। उनके आदर्श आज भी समाज को सत्य, साहस और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

पंजाबी कॉलोनी स्थित श्री गुरु सिंह सभा के दीवान हॉल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सिख परंपरा और गौरवशाली इतिहास पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर ज्ञानी रघुवीर सिंह ने अपने ओजस्वी संबोधन में सिख इतिहास से जुड़े अनेक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए गुरु गोविंद सिंह जी के योगदान को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब ने खालसा पंथ की स्थापना कर समाज में समानता, भाईचारे और न्याय की भावना को मजबूत किया। मुख्य अतिथियों ने प्रकाश पर्व के अवसर पर निकाले गए नगर कीर्तन में सहयोग देने वाले कलाकारों, समाजसेवियों, पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि सिख समाज सदैव से सेवा, त्याग और परोपकार के कार्यों में अग्रणी रहा है। इस अवसर पर गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष अमरजीत सिंह एडवोकेट, गुरुशरण सिंह मोहन, सुरेंद्र सिंह हुड्डा, सतपाल सिंह चावला, सतवंत सिंह सलूजा, हरपाल सिंह चावला, जसप्रीत सिंह रॉकी, सतमीत सिंह मनी, डॉ. अमरजीत सिंह चावला, कारखाना महाप्रबंधक विजय गुप्ता, विजय अग्रवाल, एसपी सलूजा, गगनदीप चावला, गुरप्रीत सिंह, जावेद रहमान शम्सी, अब्दुल बारी, मनजीत सिंह सलूजा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन गुरु गोविंद सिंह जी के आदर्शों को जीवन में अपनाने के संकल्प के साथ किया गया।

## जन्मदिन पर आश्रम में वृक्षारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एक युवती ने अपने जन्मदिन पर एक नई पहल करते हुए एक वृक्ष मां के नाम लगाकर समाज को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया।

थाना क्षेत्र के ग्राम उमरपुर आशा निवासी आचार्य पंडित कृष्ण कुमार कौशिक की पुत्री पंडित निकिता कौशिक ने अपने जन्मदिन को सादगी के साथ मनाया। इस दौरान उन्होंने गांव के निकट स्थित मां तारा देवी आश्रम में पहुंचकर एक वृक्ष मां के नाम लगाकर समाज को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संदेश दिया। उन्होंने निरंतर बढ़ते प्रदूषण पर चिंता जताते हुए कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने होंगे और उनकी रक्षा करनी होगी। इस अवसर पर उन्होंने आश्रम की देखभाल करने वाले महाराज श्री लाल भारती से आशीर्वाद लिया।

# एडीएम ने किया आश्रय स्थल का निरीक्षण

## नि:शुल्क आश्रय स्थल का बैनर लगाने के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर स्थित आश्रय स्थल/शेल्टर होम का अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, वान्या सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शेल्टर होम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अपर जिलाधिकारी ने शेल्टर होम के बाहर स्पष्ट रूप से नि:शुल्क आश्रय स्थल का बैनर लगाने के निर्देश दिए, ताकि जरूरतमंद लोगों को इसकी जानकारी मिल सके। साथ ही उन्होंने आश्रय स्थल में ठहरने वाले सभी लोगों का पूरा नाम और पता रजिस्टर में अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या संदिग्ध गतिविधियों पर नियंत्रण रखा जा सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि धामपुर पुलिस समय-समय पर आश्रय स्थल का निरीक्षण करती रहे, ताकि कोई असामाजिक तत्व यहां प्रवेश न कर सके और आश्रय स्थल की सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने कहा कि आश्रय स्थल का उद्देश्य जरूरतमंद, बेसहारा और असहाय लोगों को सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराना है, ऐसे में व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

इस अवसर पर तहसीलदार धनराज कुमार, लेखपाल प्रभात चौधरी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, ठहरने की व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी अवलोकन किया। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप आश्रय स्थल का संचालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि जरूरतमंदों को इसका पूरा लाभ मिल सके।

## एक नजर

### बजरंगबली बाबा का गुणगान



**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। मौहल्ला बाडवान में होली चौक के निकट सुशील रस्तोगी के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सामूहिक रूप रूप से सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन सुन मां अंजनी के लाला मुझे तेरा एक सहारा, अब मुझे अपनी शरण में ले लो मैं बालक हूं दुखियारा यह भजन सबको खूब पसंद आया। सबने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को श्री राम दरबार भेंटकर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में अनिल रस्तोगी, सुशील रस्तोगी, सोमवती रस्तोगी, मनीष, विशाल, कृति रस्तोगी, सिद्धि रस्तोगी, रिद्धि रस्तोगी, ओमप्रकाश, आचार्य कार्तिक आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से मनोज रस्तोगी, प्रीतम सैनी, संदीप शर्मा, राम प्रकाश वर्मा, संजीव भारद्वाज, विजय शर्मा, नंदकिशोर रस्तोगी आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सबने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

### ब्राह्मण महासभा की बैठक



**बिजनौर।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की एक आवश्यक बैठक नई बस्ती निवासी महेश चंद शर्मा के आवास पर जिला अध्यक्ष डा. सत्येंद्र शर्मा 'अंगिरस' की अध्यक्षता एवं मनोज कुमार उपाध्याय एडवोकेट के संचालन में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित विप्र बंधुओं ने एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में जिला कार्यकारिणी का गठन और शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व पारिवारिक विवरण प्रपत्र भरवाए जाएंगे। इसके लिए सभी संभावित पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में विप्र बंधुओं को जोड़ने एवं प्रपत्र भरवाने का उत्तरदायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर मनोज कुमार उपाध्याय नोटरी वकील को अधिवक्ता प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अपने मनोनयन पर श्री उपाध्याय ने कहा कि वह ब्राह्मणों को एकजुट करने और अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा को मजबूत करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। बैठक में जिला अध्यक्ष डा. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस ने बताया कि वह अपने स्तर से जनपद के विभिन्न स्थानों पर बैठकों का आयोजन कर अच्छे, कर्मठ और ब्राह्मण समाज के लिए समर्पित लोगों को जोड़कर बड़ी कार्यकारिणी का गठन करेंगे। उनका उद्देश्य अन्य ब्राह्मण संगठनों के लोगों से वार्ता कर जनपद में एक ब्राह्मण संघर्ष मंच भी बनाए जाने के लिए प्रयास करना है। बैठक में मोहित गौड़, अनिल शर्मा फौजी, राजीव शर्मा, मोहित शर्मा, आशीष गौड़, नरेश शर्मा, पं. सुशील कुमार शर्मा, पं. दिनेश चंद्र शास्त्री, आशीष शर्मा, आलोक भारद्वाज, योगेंद्र शर्मा एवं सुनील शर्मा आदि मौजूद रहे।

### जरूरतमंदों को बांटे लिहाफ



**स्योहारा।** भीषण ठंड के बीच ऑल इंडिया पायामय इंसानियत बिजनौर यूनिट की ओर से बिजनौर जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से 100 गर्म लिहाफ वितरित किए गए। इस मानवीय पहल से जेल में बंद कैदियों को सर्दी से बचाव में बड़ी राहत मिली। इस अवसर पर स्योहारा नगर के मौहल्ला मुस्लिम चौधरियान निवासी मौलाना अरशद हक्की ने कहा कि इंसानियत हमें यह सिखाती है कि हम हर उस स्थान पर पहुंचे, जहां मदद की सबसे अधिक जरूरत हो। जेल में बंद लोग भी समाज का हिस्सा हैं और ठंड गर्मी जैसी प्राकृतिक परिस्थितियों से उन्हें राहत देना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि ऑल इंडिया पायामय इंसानियत पूरे देश में अलग-अलग स्थानों पर जेलों के अंदर जाकर सर्दियों में लिहाफ, कंबल व गर्म कपड़े तथा गर्मियों में ठंडा पानी और शरबत नि:शुल्क वितरित करती है। इसके साथ ही संस्था ऐसे कैदियों की सहायता भी करती है जो केवल जुर्माना अदा न कर पाने के कारण जेल में सजा काट रहे होते हैं। मौलाना अरशद हक्की द्वारा स्योहारा नगर सहित अनेक स्थानों पर लगातार सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मौलाना अरशद हक्की, मुफ्ती फूजेल और हाजी तंजील आलम मौजूद रहे।

# गंगा खादर में सीमांकन कार्य शुरू

## वन विभाग और किसानों में चल रहा है काफी समय से विवाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** नांगल के गंगा खादर क्षेत्र में वन विभाग व किसानों के बीच चल रहे विवाद में किसान संगठनों के प्रदर्शन के बाद राजस्व व वन विभाग हरकत में आ गया है, सोमवार को राजस्व व वन विभाग की संयुक्त टीम ने खादर क्षेत्र में पहुंचकर सीमांकन कार्य शुरू किया।

गंगा खादर क्षेत्र में वन विभाग व किसानों के बीच पिछले एक वर्ष से जमीनी विवाद चल रहा है। विवाद को लेकर हाल ही में किसानों के दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई थी, जिसके बाद वन विभाग ने खादर क्षेत्र में खड़ी लगभग 30-40 बीघा गन्ने की फसल को जोतकर भूमि को कब्जा मुक्त कराया था। भाकियू अराजनैतिक ने एसडीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया था, जबकि भाकियू टिकैत का पिछले आठ दिनों से डीएफओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन चल रहा है। विवाद निपटारे के लिए एसडीएम ने नायब तहसीलदार अमित कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया है।

राजस्व निरीक्षक सुरेंद्र कुमार अरुण कंबोज और वन दरोगा योगेश कुमार की मौजूदगी में संयुक्त टीम ने नांगल गंगा खादर क्षेत्र के खसरा नंबर 153 में सीमांकन का कार्य शुरू कराया है। हल्का लेखपाल सत्यनारायण ने बताया कि सीमांकन कार्य शुरू कर वन विभाग व किसानों की जमीन को चिन्हित किया जा रहा है।

# पुलिस ने तीन वाहन चोर पकड़े चोरी की पांच बाइकें बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी की पांच मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान सोनू शर्मा पुत्र राजकुमार शर्मा निवासी ग्राम मुस्सेपुर पाडली, थाना नहटौर, जनपद बिजनौर (वर्तमान निवासी कुटिया कॉलोनी, थाना कोतवाली शहर, जनपद बिजनौर) और घनश्याम सिंह पुत्र स्वर्गीय बाबूराम निवासी ग्राम तेलीपुरा माफी, थाना अमरोहा देहात, जनपद अमरोहा के रूप में हुई है।

पुलिस ने अभियुक्तों के पास से पांच बाइकें बरामद की है। बरामदगी के संबंध में थाना नजीबाबाद में मुकदमा अपराध संख्या-08/2025 धारा 317(2), 317(4), 317(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि मोटरसाइकिल को 24 दिसंबर को नजीबाबाद में स्टेशन रोड स्थित यूनियन बैंक के सामने से दोपहर में चोरी किया गया था। चोरी के बाद इसे पास के जंगल में एक ट्यूबवेल के पास गन्ने के खेत में छिपा दिया गया था। वह इस मोटरसाइकिल को देहरादून ले जाकर बेचने की फिराक में थे, तभी पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। अन्य मोटरसाइकिलों के बारे में पूछने पर अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने नजीबाबाद, देहरादून और अन्य जगहों से भी मोटरसाइकिलें चुराई थीं। इन मोटरसाइकिलों को भी पास के ट्यूबवेल के समीप गन्ने के खेत में छिपाकर रखा गया था। अभियुक्तों की निशानदेही पर ग्राम खिदरीपुरा से आगे बिजली ट्यूबवेल के पास गन्ने के खेत से अन्य चोरी की गई मोटरसाइकिलें भी बरामद की गईं।

# रोडवेज अनुबंधित बस से डीजल चोरी

## चोरी की घटना से कालोनी में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दुर्गा विहार कॉलोनी में उस समय हड़कंप मच गया, जब धामपुर डिपो से संबद्ध एक अनुबंधित बस से रात के समय अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा डीजल चोरी किए जाने की घटना सामने आई। चोरी की जानकारी सुबह उस समय हुई, जब चालक बस को लेने पहुंचा और बस के आसपास डीजल बिखरा हुआ देखा।

जानकारी के अनुसार दुर्गा विहार कॉलोनी की गली नंबर दो निवासी रघुराज सिंह की धामपुर डिपो में अनुबंधित बसें खड़ी रहती हैं। बताया गया कि बीती देर रात चालक बस को खड़ा कर घर चला गया था। उस समय बस के टैंक में लगभग 80 लीटर डीजल मौजूद था। आरोप है कि रात के दौरान किसी चोर ने बस के डीजल टैंक का ताला तोड़कर उसमें भरा डीजल चोरी कर लिया।

इतना ही नहीं, चोरों द्वारा पास में खड़ी एक अन्य बस से भी डीजल चोरी करने का प्रयास किया गया, लेकिन उस बस के टैंक में सुरक्षा के लिए जाल लगा होने के कारण डीजल नहीं निकाला जा सका। सुबह चालक के पहुंचने पर जब बस के नीचे और आसपास डीजल गिरा हुआ मिला, तब चोरी की घटना का पता चला।

घटना की जानकारी मिलते ही कॉलोनी के लोगों में दहशत फैल गई। रघुराज सिंह ने बताया कि कॉलोनी में इस तरह की घटना पहली बार हुई है। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में ऐप डाउनलोड करने को लेकर भ्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बाल विकास परियोजना कार्यालय में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब ब्लॉक क्षेत्र की बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कार्यालय पहुंच गईं। कार्यकर्ताओं का कहना था कि विभागीय अधिकारियों द्वारा उनके मोबाइल नंबर पर संदेश भेजकर निर्देश दिया गया कि वे पांच जनवरी की शाम तक किसी भी स्थिति में 'कर्मयोगी भारत' ऐप डाउनलोड करें, अन्यथा उनका मानदेय रोका जा सकता है।

सूचना मिलते ही कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने-अपने मोबाइल फोन के साथ परियोजना कार्यालय पहुंचीं, लेकिन काफी प्रयास के बाद भी ऐप उनके मोबाइल में डाउनलोड नहीं हो सका। इससे महिलाओं में असमंजस और नाराजगी देखी गई। कार्यकर्ताओं का कहना था कि ऐप डाउनलोड न हो पाने के बावजूद विभागीय स्तर पर कोई संतोषजनक सहायता उपलब्ध नहीं कराई गई, जिससे वे मानसिक रूप से परेशान हैं।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेशमा, रावी, भावना, नेहा, चित्रा, तेजियन, चारु, रवि, आदेश, शीतल, अनु, निशा सहित अन्य महिलाओं ने बताया कि यह ऐप उनके कार्य से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा नहीं है, इसके बावजूद अधिकारियों द्वारा लगातार इसे डाउनलोड कराने का दबाव बनाया जा रहा है। जानकारी मांगने पर भी स्पष्ट उत्तर नहीं दिया जा रहा, जिससे भ्रम की स्थिति बनी हुई है। कार्यकर्ताओं ने यह भी बताया कि कार्यालय में कुल पांच सुपरवाइजर तैनात हैं, लेकिन सोमवार को केवल चार सुपरवाइजर ही मौजूद थीं। शेरकोट क्षेत्र में तैनात एक सुपरवाइजर के अनुपस्थित रहने के कारण वहां से आई महिलाओं को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं इस मामले में सुपरवाइजर साधना गौतम ने कार्यकर्ताओं के आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का मानदेय रोकने के संबंध में उनके द्वारा कोई निर्देश नहीं दिया गया है। ऐप डाउनलोड करने के लिए कहा गया है, लेकिन यह अनिवार्य नहीं है कि इसे उसी दिन डाउनलोड किया जाए। उन्होंने बताया कि यदि किसी को तकनीकी समस्या आती है तो वे एक-दो दिन के भीतर कार्यालय आकर सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

# आस्था और सेवा का अनुपम संगम

## प्रसिद्ध झंडे वाले देवस्थान पर भंडारा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नगर के प्रसिद्ध झंडे वाले देवस्थान पर आयोजित भंडारे में श्रद्धा, सेवा और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में नगर के विभिन्न मौहल्लों से बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चों ने सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया। प्रात: काल से ही श्रद्धालुओं का आवागमन शुरू हो गया था, जो देर शाम तक जारी रहा, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया।

भंडारे की सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित और अनुशासित रहीं। स्वयंसेवकों ने पंक्तिबद्ध रूप से प्रसाद वितरण किया और स्वच्छता व व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया। आयोजन में साकेंद्र सिंह तथा डा. बीरबल सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

नगरवासियों ने आपसी सहयोग और भाईचारे का परिचय देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। लोगों का कहना था कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सौहार्द और सकारात्मक सोच को मजबूती प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी को उनके सामाजिक एवं धार्मिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अनुराग जोशी द्वारा प्रतीक चिन्ह के रूप में भगवान गणेश की प्रतिमा भेंट कर उन्हें अंगवस्त्र ओढ़ाया गया। वक्ताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व में नगर में जनहित, सामाजिक और धार्मिक गतिविधियां निरंतर आगे बढ़ रही हैं, जिससे समाज को नई ऊर्जा और दिशा मिल रही है।

भंडारे के आयोजन में बिट्टू जोशी, मास्टर विजय पाल शर्मा, नवीन चौधरी, सुरेश वर्मा, रणवीर सिंह, विकास अग्रवाल और राजू अग्रवाल सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई और सेवा भाव से व्यवस्थाओं को संभाला।

### शोक संदेश के कारण सादगी से सीमित रहा आयोजन

**झालू।** नगर में रामेंद्र सिंह उर्फ मुन्नू के निधन की दु:खद सूचना मिलते ही भंडारे के दौरान चल रही पूजा को रोक दिया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक की इस घड़ी में आयोजन को सादगी और संवेदनशीलता के साथ केवल भंडारे तक सीमित रखा।

# अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाके के बाद लगी आग

## बाहर से लगा था ताला, मजदूरों ने कूदकर बचाई जान, पुलिस चौकी के पास सर्फ फैक्ट्री की आड़ में चल रहा था बारूद का खेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं**। थाना क्षेत्र के गांव मलेशिया में सोमवार दोपहर अवैध रूप से संचालित पटाखा फैक्ट्री में हुए धमाकों और भीषण आग की घटना में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जिस समय फैक्ट्री के भीतर धमाके हुए और आग लगी, उस वक्त मुख्य गेट बाहर से ताला लगाकर बंद था। फैक्ट्री के अंदर काम कर रहे मजदूर जान बचाने के लिए दीवार और गेट के ऊपर से कूदकर किसी तरह बाहर निकले। गनीमत रही कि सभी मजदूर सुरक्षित बाहर निकल आए, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

बताया गया कि पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर सर्फ फैक्ट्री की आड़ में अवैध रूप से पटाखों का निर्माण और भंडारण किया जा रहा था। दोपहर के समय अचानक तेज धमाके हुए, जिसके बाद आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया। धमाकों की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और पास की मिलों में काम कर रहे मजदूर घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। आग से उठते काले धुएं का



गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा। सूचना मिलते ही वेव इंडस्ट्रीज मलेशिया से दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची, जबकि गजरौला से भी तीन फायर टेंडर बुलाए गए। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन फैक्ट्री के भीतर रखे आतिशबाजी के सामान के कारण कुछ देर बाद फिर से आग सुलग उठी। इसके बाद दोबारा प्रयास कर आग को पूरी तरह शांत किया गया। जांच में यह भी सामने आया है कि फैक्ट्री में सुरक्षा मानकों की खुली अनदेखी की जा रही थी। बाहर सर्फ निर्माण का दिखावा किया जा रहा था, जबकि अंदर भारी मात्रा में बारूद और पटाखों का जखीरा रखा गया था। आग में फैक्ट्री में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम विभा श्रीवास्तव, सीओ अंजलि कटारिया और बछरायूं थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच के आदेश दिए हैं। प्रशासन ने गेट पर ताला लगाकर मजदूरों को अंदर रखने के मामले को भी गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहा. नि नहीं हुई, लेकिन यदि मजदूर समय रहते बाहर न निकल पाते तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद गांव मलेशिया सहित आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल बना हुआ है। प्रशासन ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# खनन अधिकारी से नोकझोंक करने वाले दो गिरफ्तार

## ट्रैक्टर भी किया बरामद, अन्य की तलाश जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। डिडौली पुलिस ने जिला खनन अधिकारी से नोकझोंक कर ट्रैक्टर-ट्राली जबरन छुड़ाने के मामले में 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर ट्रैक्टर भी बरामद कर लिया गया है, जबकि मामले में शामिल अन्य लोगों की तलाश जारी है।

दरअसल रविवार सुबह लगभग छह बजे जिला खनन अधिकारी केबी सिंह चेकिंग के लिए टोल प्लाजा पर जा रहे थे। जोया में पहुंचे तो अमरोहा रोड पर अवैध खनन कर मिट्टी लेकर आ रही ट्रैक्टर-ट्राली मिली। उन्होंने रोकने का इशारा किया तो चालक ने ट्रैक्टर दौड़ा दिया था। थोड़ी दूरी पर जाकर ट्रैक्टर-ट्राली पलट गई थी। खनन विभाग की टीम ने ट्रैक्टर-ट्राली कब्जे में ले ली थी। उसी दौरान कुछ लोग वहां पहुंचे थे तथा जिला खनन अधिकारी से नोकझोक करते हुए जबरन ट्रैक्टर छीन कर चले गए थे। बाद में उन्होंने ट्राली को जोया पुलिस चौकी पर लाकर खड़ा करा दिया था। इस मामले में जिला खनन अधिकारी ने डिडौली कोतवाली में दो अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस मामले में कार्रवाई करते हुए डिडौली पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही मामले की जांच करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि इस मामले में नफीस निवासी गांव फराशपुरा तथा आरिफ निवासी गांव श्यौनाली को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी निशानदेही पर ट्रैक्टर भी बरामद कर लिया है। बताया कि गांव फराशपुरा निवासी देवराज अपने खेत से बगैर अनुमति के मिट्टी का खनन करा रहा था। दोनों आरो. पितों को जेल भेज दिया है। इस मामले में शामिल अन्य लोगों का पता लगाया जा रहा है।

# दबंगों ने कोल्हू संचालक पर किया हमला

## हत्या की धमकी देते फरार, चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। गुड़ के कोल्हू पर खोई में पानी डालने से मना करना कोल्हू संचालक को भारी पड़ गया। आरोप है कि चार लोगों ने मिलकर कोल्हू संचालक पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मामले में तीन नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव चौबरिया कमालपुर में क्षेत्र के ही गांव जोजखेड़ा निवासी गोपिंद्र सिंह का गुड़ का कोल्हू हैं। जिसमे गन्ने के रस से गुड़ बनता हैं। सोमवार सुबह कोल्हू के बराबर में खाली पड़ी जमीन में गन्ने की खोई सूख रही थी तभी गांव चौबरिया कमालपुर निवासी रमन , सचिन पुत्रगण विक्रम व विक्रम पुत्र कल्लू सिंह व एक अज्ञात व्यक्ति ने खोई में पानी डाल दिया। मौके पर पहुंचे गोपिंद्र सिंह ने खोई में पानी डालने को मना किया तो चारों ने मिलकर हमला कर दिया। मारपीट में वह गंभीर घायल हो गए। वहीं, आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि घायल कोल्हू संचालक को जोया सीएचसी में भर्ती कराया गया है। तहरीर के आधार पर तीन नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी विक्रम सिंह को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

# जिला पंचायत का 42 करोड़ का बजट पारित

## पाइप लाइन के लिए खोदी सड़कों की जल्द मरम्मत कराने का मुद्दा उठा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में 42 करोड़ 66 लाख 64 हजार

**जिला पंचायत बोर्ड की बैठक**

301 रूपये का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। जिला पंचायत सदस्यों ने विद्युत, बीएसए व जल निगम की कार्यप्रणाली की आलोचना करते इसमें सुधार की मांग की।

नौगांवा रोड स्थित एक होटल में जिला पंचायत बोर्ड की बैठक हुई जिसमें जिला पंचायत सदस्यों ने विद्युत विभाग द्वारा भ्रष्टाचार की शिकायत की गयी। बेसिक शिक्षा अधिकारी पर आरा. प लगाया कि वह शिक्षा में सुधार कराने में नाकाम रही हैं। जल निगम द्वारा गांव में पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़के



खोदी गयी थीं उनकी मरम्मत नहीं करायी। पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़कों की गुणवत्ता का भी मुद्दा उठाया। इसके अलावा गांवों में सफाई बेहतर न होने पर भी जिला पंचायत सदस्यों ने नारा. जगी जतायी। जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने 42 करोड़ 66 लाख रूपये का बजट पारित होने के बारे में बताया कि समय पर सभी विकास कार्य पूरे किये जायें। बैठक में ब्लाक प्रमुख अमरोहा गुरेन्द्र सिंह, मीनाक्षी चौधरी, राहुल चौहान, विजयपाल सैनी, महाराज सिंह, रशीद अहमद, श्रीमति अनु चौहान, मस्तराम यादव, मनीराम यादव आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### जन्म प्रमाण पत्र जारी कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। नगर पालिका के सभासदों ने जिला अधिकारी से 18 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों के जन्म प्रमाण पत्र करवाये जाने की मांग की है। सोमवार को नगर पालिका के वरिष्ठ सभासद शाहनवाज अंसारी के नेतृत्व में वार्ड मेंबरों ने जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंप दिया। उन्होंने जिलाधिकारी को बताया कि 18 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों के जन्म प्रमाण पत्र जारी नहीं किये जा रहे है। इसके चलते वार्ड वासियों द्वारा परेशान होकर लगातार सभासदों से शिकायत की जा रही है। उन्होंने कहा की जन्म प्रमाण पत्र जारी न होने से आम जनमानस द्वारा पालिका के चक्कर लगाये जा रहे है। जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र जारी न होने के कारण सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में भी जन्म प्रमाण पत्र नहीं लगा पा रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में शाहनवाज अंसारी, हमजा अली, यशपाल सिंह उर्फ मुन्ना चौहान, जावेद जगताब,अलीम. द्दीन, बदर कुरैशी, नौशाद अहमद, दिलशाद हसन मौजूद थे।

### अस्सी लोगों को लगाए एंटी रैबीज

**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला**। नगर व क्षेत्र में कुत्ते और बंदरो के हमले में घायल होने वाले लोगों की संख्या काफी बढ़ रही है। सोमवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 80 लोगों को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाए गए। बता दें कि क्षेत्र में कुत्तों और बंदरो का काफी आंतक है। शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी बंदर और कुत्ते आते जाते लोगों के साथ साथ बच्चों को भी काटकर घायल कर देते हैं। नगर पालिका द्वारा भी बंदर पकड़वाने का अभियान चला रखा है इसके बाबजूद भी अभी काफी संख्या में बंदरों के झुण्ड घूम रहे हैं। आए दिन लोग बंदर और कुत्ते लोगों पर हमला करते हैं। शहर में कुत्ते और बंदर हमला करते हैं तो वहीं गांव में भी ऐसी काफी घटनाएं सामने आ रहीं हैं। नवादा, चौबारा, भानपुर, ख्यालीपुर, बिजोरा, खादगुर्जर, नगला अन्य गांव में कुत्ते और बंदरों का काफी ज्यादा आतंक है। सीएचसी की चिकित्साधीक्षक डॉक्टर पल्लवी गंगवार ने बताया कि सोमवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 80 लोगों को एंटी रैबीज के इंजेक्शन लगवाए गए।

### मृत किसान के पुत्र को सौंपा चैक

**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला**। सड़क दुर्घटना में एक किसान की मृत्यु हो जाने के बाद किसान सेवा सहकारी समिति के माध्यम से किसान दुर्घटना बीमा के अंतर्गत किसान के परिजनों को पचास हजार की धनराशि का चेक सौंपा गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव फिरोजपुर गडावली के रहने वाले किसान हरीराज सिंह की पिछले दिनों सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। सोमवार को नगर के अलीपुर भूड़ किसान सेवा सहकारी समिति की सभापति पिंकी गुर्जर ने दिवंगत किसान के पुत्र देवेंद्र सिंह को किसान दुर्घटना बीमा के अंतर्गत पचास हजार की धनराशि का चेक सौंपा। इस अवसर पर पूर्व सभासद विनोद गुर्जर, समिति के वरिष्ठ लिपिक मुंशे खान आदि मौजूद रहे।

### युवती को लेकर युवक फरार, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला**। युवती को मोहल्ले का ही युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। युवती के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शहर के एक मोहल्ला निवासी परिवार वाले रविवार को कहीं गए थे। घर में युवती अकेली थी। आरोप है कि मोहल्ले का ही युवक युवती को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिवार वाले वापस लौटे तथा युवती को घर में नहीं देख उसकी तलाश की लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल सका। रिश्तेदारियों में तलाशने के बाद भी युवती का कहीं कुछ पता नहीं चला। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि युवती के भाई की तहरीर पर शुभम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### गंगा में बहकर आया युवक का सड़ा गला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला**। सोमवार की शाम शमशान घाट के निकट तिगरी गंगा में युवक का सड़ा गला शव बहता हुआ आया, जिसे कुछ कुत्ते शव को नोचते नजर आए। अंतिम संस्कार में शामिल होने गए कई लोगों ने कुत्तों को शव को नोचते देखा तो उसका वीडियो बनाया। इसके बाद कुछ युवक गंगा में गए तथा शव किसी व्यक्ति का होने की पुष्टि की। वहां शव देखने वालों की भीड़ जमा हो गई। लोगों के अनुसार शव के कई अंग भी नहीं थे। देर शाम तक शव गंगा में पड़ा रहा। बताया जा रहा है कि शव कहीं पीछे से बहता हुआ तिगरी गंगा में पहुंचा है। समाचार लिखे जाने तक घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी।

### समाधान दिवस में 12 शिकायतें दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। सोमवार को जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीएम न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने की। इस दौरान फरियादियों की कुल 12 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से चार का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। समाधान दिवस में अधिकारियों ने एक-एक कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। एडीएम न्यायिक ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी निस्तारण प्राथमिकता है। उन्होंने लंबित मामलों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम विभा श्रीवास्तव, सीओ अंजलि कटारिया, तहसीलदार मूसा राम थारु, बीडीओ नरेंद्र गंगवार, नायब तहसीलदार राजपाल सिंह, अधिशासी अधिकारी अवधेश वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीआईजी का नाम लेकर कारपेंटर ने धमकाया

## 43 हजार की रकम मांगने पर कारपेंटर की ऑडियो वायरल, डीआईजी व एसएचओ का नाम लेकर दी धमकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। ...मैं डीआईजी मुरादाबाद के यहां काम कर रहा हूं, तुझसे जो किया जाए अब तू वो कर लेना, एसएचओ का फोन आएगा किसका आएगा, थाने में से किसी का भी फोन अगर आया तो ऐसी की तैसी करा दूंगा उसकी दस मिनट के अंदर, रिकार्डिंग कर लिए। कहे तो ले बात कराऊं, अबे बावला है, देख प्यार की बात जहां तक थी मैने चलाई, सामने आके कोई माई का लाल ऐसा नहीं जो कुछ कर सके। दो साल पहले फर्नीचर बनाने के लिए 43 हजार रुपये एडवांस लेने वाले कारपेंटर ने मोबाइल कॉल पर तकादा करने पर डीआईजी मुरादाबाद का हवाला देकर स्थानीय निवासी युवक शुभम को जमकर हड़काया। इतना ही नहीं डिडौली कोतवाल को लेकर भी उसने अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल किया। एक मिनट 10 सेकेंड चली बातचीत की ऑडियो रिकार्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। पीड़ित की शिकायत पर डिडौली पुलिस रिकॉर्डिंग की जांच में जुट गई है फिलहाल मामले में मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है।

यह मामला कस्बा डिडौली से जुड़ा है। यहां पर नीरज कुमार का परिवार रहता है। उनके बेटे शुभम के मुताबिक दो साल पहले उसने क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक कारपेंटर को घर का फर्नीचर बनाने के लिए 43 हजार रुपये एडवांस दे दिए थे लेकिन कारपेंटर ने न तो फर्नीचर बनाया और न ही उसके पैसे वापस लौटाए। आरोप है कि रविवार दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे शुभम ने जब कारपेंटर को फोन कर अपने पैसों को लेकर तकादा किया तो उसने गाली-गलौज शुरू कर दी। कोतवाली में शिकायत करने की बात सुनकर वह भड़क गया। इसके बाद हद से आगे बढ़ता चला गया। डीआईजी मुरादाबाद के यहां काम करने का हवाला देते हुए उसने शुभम पर जमकर रौब गांठा। दो टूक कहा कि एसएचओ क्या कोई भी उसका कुछ नहीं बिगड़ सकता, जिसकी चाहेगा ऐसी की तैसी करा देगा। रिकार्डिंग के बीच में कारपेंटर ने जमकर गालियां भी दीं। पीड़ित शुभम ने मामले में आरोपी कारपेंटर के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। साथ में पुलिस को रिकॉर्डिंग भी दी है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उच्चाधिकारियों को रिकॉर्डिंग से अवगत करा दिया गया है, उनके निर्देश पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी प्रमाण बनाकर भांजी को बनाया बेटी

## कोर्ट के आदेश पर दम्पति के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला**। मुरादाबाद के मझौला थाना क्षेत्र के मकान नंबर सी 68 सेक्टर 16 नया मुरादाबाद निवासी शैली सिंह पत्नी यशवीर सिंह की बहन ममता रानी की शादी गजरौला के मानसरोवर कालोनी निवासी श्यामवीर सिंह से हुई है। शैली सिंह ने अपनी पुत्र कशिश को सात साल पहले अपनी बहन ममता के यहां गजरौला पढ़ने के लिए भेज दिया था। आरोप है कि ममता व उसके पति श्यामवीर सिंह ने कशिश का फर्जी आधार कार्ड व अन्य प्रमाण पत्र बनवा लिए। जिसमें उन्होंने कशिश को अपनी पुत्री दर्शाया है। इसकी जानकारी होने पर शैली मानसरोवर पहुंची तथा कशिश को वापस मांगा तो दोनों ने कशिश को वापस करने से साफ मना कर दिया। साथ ही उसे अपनी बेटी बताया। इसकी शिकायत शैली ने थाने के अलावा एसपी कार्यालय में भी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। शैली को कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मान सरोवर कालोनी निवासी श्यामवीर सिंह व उनकी पत्नी ममता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# तेजाब डालने की धमकी देने में तीन पर मुकदमा

## दम्पति के बीच चल रहा विवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। रास्ते में तेजाब उड़ेलकर चेहरा बिगाड़ने की धमकी देने तथा घर के बाहर खड़े होकर हंगामा करने से जुड़े मामले में पुलिस ने पति व दो दोस्तों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कार्रवाई के बाद पुलिस ने घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कुरैशी निवासी जमीर अहमद ने अपनी बेटी जैनब की शादी 5 मार्च 2022 को मोहल्ला हक्कानी के रहने वाले अब्दुल कादिर से की थी। फिलहाल, दंपति के बीच चल रही मुकदमेबाजी अदालत में विचाराधीन हैं। पीड़िता जैनब तभी से मायके में पिता के घर में रहती है। उसका आरोप था कि पति अब्दुल कादिर आए दिन उसे परेशान करता रहता है। रास्ते में रोक कर तेजाब उड़ेल चेहरा बिगाड़ने की धमकी भी देता है। पीड़िता का आरोप था कि बीती 16 दिसंबर की रात लगभग 12 बजे अब्दुल कादिर ने अपने तीन-चार दोस्तों को साथ लेकर घर के बाहर हंगामा किया। आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की, मना करने पर दरवाजा तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पर पुलिस ने आरोपी अब्दुल कादिर को मौके से हिरासत में लेकर भूड़ चौकी पुलिस के सुपुर्द कर दिया था। पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की थी, इसके बाद पीड़ित जैनब ने एसपी को शिकायती पत्र देते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई व सुरक्षा की गुहार लगाई थी। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में आरोपी अब्दुल कादिर व उसके दो दोस्तों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना की जांच की जा रही है।

# चौपला के जाम से राहत को डीएम ने लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला**। नगर के चौपला चौराहे पर आये दिन लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए डीएम और एसपी ने चौपला चौकी पहुंचकर बनाये गए प्लान और व्यवस्थाओं का जायजा लिया, वहीं चौकी के पीछे बने कमरे को भी हटाने के निर्देश दिए ताकि वाहनों को मोड़ने के लिए अधिक स्थान मिल सके।

बता दें कि चौपला पर जाम की समस्या विक. राल होती जा रही है। यहां प्रतिदिन जाम के कारण कामकाजी लोग, विद्यार्थी और आम नागरिक भी प्रभावित होते हैं। यहां से मुरादाबाद और मेरठ जाने वाले रोगियों की एम्बुलेंस भी जाम में फंस जाती हैं। इतना ही नहीं जाम के कारण चौपला चौकी क्षेत्र के व्यापारियों का कारोबार भी घटकर आधा रह गया है। जाम से निजात दिलाने के लिए शनिवार को एसपी अमित कुमार आनंद ने चौपला चौकी क्षेत्र का जायजा लेकर अधीनस्थों को जाम से निजात दिलाने के लिए दिशा निर्देश दिए थे, साथ ही मार्गदर्शन भी किया था। इसके बाद पुलिस ने यातायात टीम और पालिका कर्मियों के साथ मिलकर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था और चौपला पर डिवाइडर लगवाए थे। जो वाहन पहले सीधे या इधर



उधर दाएं बाएं किधर से भी आ जाते थे उन्हें व्यवस्थित रूप से निकालने की रणनीति बनाई गई थी। हालांकि रविवार को यह योजना लागू करने के बाद भी जाम लगा था। जाम की समस्या को गंभीरता से लेते सोमवार को डीएम निधि गुप्ता वत्स और एसपी अमित कुमार आनंद ने संयुक्त रूप से चौपला चौकी क्षेत्र का जायजा लिया और अधीनस्थों से बातचीत करके जाम की समस्या का हल निकालने के लिए मंथन किया। दोनों अधिकारियों ने आवश्यक दिशा निर्देश देकर मार्गदर्शन भी किया। डीएम ने आदेश दिए की चौपला चौकी के पीछे बना कमरा भी हटवाया जाए, ताकि वाहनों को मोड़ते समय अधिक स्थान मिल सके। जगह-जगह फ्लैक्सी बोर्ड लगवा कर लोगों से यातायात नियमों का पालन करने के प्रति अपील की जाए।

# कार की छत पर चढ़कर नोटों की बारिश

## वीडियो वायरल, नम्बन प्लेट के आधार पर युवक की पहचान करने में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कार की छत पर चढ़कर नोटों की बारिश कर रहे युवकों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

तहसील क्षेत्र के कस्बा उझारी से सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। जिसने कानून-व्यवस्था और सड़क सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिये हैं। मामला सैंदनगली थाना क्षेत्र के कस्बा उझारी का बताया जा रहा है। जहाँ एक युवक ने रईसी के नशे में सार्वजनिक सड़क पर जमकर हंगामा किया। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि एक युवक कार की छत पर खड़ा होकर हवा में नोटों की बरसात कर रहा है। नोटों को उड़ता देख राहगीरों और स्थानीय लोग उन्हें लूटने लगे।युवक एक रईस परिवार से ताल्लुक रखता है। और प्रदर्शन के उद्देश्य से उसने इस हरकत को अंजाम दिया। उसके साथ अन्य लोग भी नोट उड़ाते दिखाई दिये। वीडियो के सोशल मीडिया पर प्रसारित होते ही स्थानीय लोगों ने नाराजगी जाहिर की। लोगों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष विकास सहरावत का कहना है कि सार्वजनिक स्थान पर इस तरह का कृत्य न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है। बल्कि अन्य लोगों की जान को जोखिम में डालना भी है। वाहन के नंबर और वीडियो के आधार पर युवक की पहचान की जा रही है। उसके बाद ही आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## छात्राओं ने उत्साह के साथ नववर्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। नगर के लायंस कन्या इंटर कॉलेज में सोमवार को नव वर्ष का आयोजन हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के खान-पान के स्टॉल लगाए। छात्राओं की रचनात्मकता और उत्साह से पूरा माहौल उल्लासमय बना रहा। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं विद्यालय के पूर्व प्रबंधक डॉ. बी.एस. जिंदल ने विद्यालय के स्टाफ, कर्मचारियों तथा छात्राओं को जर्सी भेंट कर सभी का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने छात्राओं को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आपसी सहयोग और आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल अग्रवाल, क्लब के कोषाध्यक्ष सूरज अग्रवाल, प्रधानाचार्य सहित समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की और इस तरह के आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया।

# अरावली पर्वतमाला के संरक्षण को लेकर भारतीय पटेल महासभा ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक।** भारतीय पटेल महासभा, इकाई रामपुर द्वारा अरावली पर्वतमाला को उसके मूल स्वरूप में संरक्षित रखने एवं सरकार द्वारा प्रस्तावित 100 मीटर ऊंचाई वाली नई परिभाषा को वापस लेने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी मिलक के माध्यम से सौंपा गया।



ज्ञापन में कहा गया कि अरावली पर्वतमाला भारत की सबसे प्राचीन और महत्वपूर्ण भू-आकृतिक संरचनाओं में से एक है, जो लगभग 700 से 800 किलोमीटर तक गुजरात, राजस्थान, हरियाणा होते हुए दिल्ली तक फैली हुई है। यह पर्वतमाला उत्तर भारत के पर्यावरणीय संतुलन, भूजल रिचार्ज, जैव विविधता, हरियाली, प्रदूषण नियंत्रण एवं जलवायु संतुलन की रीढ़ मानी जाती है। महासभा ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हाल ही में जारी दिशा-निर्देशों में केवल 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों को ही अरावली मानने की नई परिभाषा अत्यंत चिंताजनक है। विशेषज्ञों के अनुसार इस परिभाषा से 80.90 प्रतिशत अरावली क्षेत्र कानूनी संरक्षण से बाहर हो सकता है, जिससे पर्यावरणीय असंतुलन, भूजल संकट, दिल्ली-एनसीआर एवं उत्तर भारत में धूल व प्रदूषण की गंभीर समस्या उत्पन्न होगी। साथ ही, थार मरुस्थल के पूर्व की ओर फैलाव को रोकने वाली प्राकृतिक दीवार भी कमजोर हो जाएगी। ज्ञापन में कहा गया कि अरावली केवल पहाड़ नहीं, बल्कि भारत की ह्ग्रीन वॉलह्व है, जो गर्म हवाओं, धूल भरे तूफानों और मरुस्थलीकरण को रोकने के साथ-साथ मानसून की नमी और जलवायु को संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसकी परिभाषा में किसी भी प्रकार की कटौती भविष्य में भीषण पर्यावरणीय संकट को जन्म दे सकती है। भारतीय पटेल महासभा ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि अरावली पर्वतमाला की मूल भू-वैज्ञानिक परिभाषा को यथावत रखा जाए। 100 मीटर ऊंचाई वाली नई परिभाषा को निरस्त किया जाए। संपूर्ण अरावली रेंज को एक इकाई मानकर वैज्ञानिक आधार पर दीर्घकालिक संरक्षण नीति बनाई जाए।

नई खनन लीज, निर्माण कार्य एवं वनों की कटाई पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। अरावली को ह्राष्ट्रीय पर्यावरणीय संरक्षित क्षेत्रह्व घोषित करने पर विचार किया जाए।

महासभा ने कहा कि अरावली का संरक्षण केवल राजस्थान या हरियाणा का विषय नहीं, बल्कि पूरे उत्तर भारत और आने वाली पीढ़ियों के अस्तित्व से जुड़ा राष्ट्रीय मुद्दा है। नई परिभाषा को लेकर देशभर, विशेषकर युवा पीढ़ी में गहरी चिंता और रोष व्याप्त है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अनुपम कुमार पटेल, जिला अध्यक्ष डॉ। नंदन प्रसाद पटेल, कोषाध्यक्ष सत्य प्रकाश, जिला सचिव दिग्पाल गंगवार, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद कुमार, ब्लॉक महासचिव चूड़ामणि, सहदेव गंगवार, भानु प्रताप सिंह, सुनील कुमार, रामप्रकाश, अनिल कुमार, सौरभ गंगवार, बादाम सिंह सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से इलाज के दौरान हुई मौत, पुलिस को दी तहरीर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** रामपुर के रवाना गांव में बुधवार की शाम एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए तासीर बेग द्ध45ऋ की मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। वह बिलारी की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से घायल हुए थे।



तासीर बेग पुत्र जालीस बेग अपने गांव के मोड़ पर नाजिम बेग के साथ चंडीगढ़ जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे।

तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में तासीर बेग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनके साथ मौजूद नाजिम बेग को मामूली चोटें आईं।राहगीरों की मदद से घायलों को शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

वहां डॉक्टरों ने तासीर बेग की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।परिजन तासीर बेग को मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

तासीर बेग की मौत की खबर रवाना गांव पहुंचते ही उनके परिवार में शोक छा गया।

हादसे में बाइक सवार एक युवक को भी चोटें आईं, जबकि उसका साथी बाइक लेकर मौके से फरार हो गया बही सड़क पर मौजूद गुफरान, इसरार और साकिब ने बाइक का नम्बर नोट कर लिया था उन्होंने बताया कि एक्सीडेंट करने वाली बाइक का नम्बर UP22BB 4861 मृतक के भाई ने थाने में तहरीर दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# कड़ाके की ठंड व शीतलहर से बचाव को शासन के निर्देशानुसार जनपद में कंबल वितरण अभियान जारी

**सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कंबल पाकर गरीबों को मिली राहत, जिला प्रशासन के प्रति जताया आभार**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** कड़ाके की ठंड, घने कोहरे एवं शीतलहर से आमजन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से शासन के निर्देशों के अनुपालन में जनपद में राहत कार्य निरंतर जारी हैं।

इसी क्रम में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र द्वारा तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील सदर के असहाय एवं बेसहारा व्यक्तियों को शीतलहर से राहत प्रदान करते हुए कंबलों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पात्र एवं जरूरतमंद लाभार्थियों को कंबल वितरित किए गए। कंबल प्राप्त कर लाभार्थियों ने ठंड से राहत मिलने पर जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि शासन एवं जिला प्रशासन की प्राथमिकता है कि शीतलहर की अवधि में कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति ठंड से प्रभावित न हो।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम स्तर पर सर्वे कर वास्तविक जरूरतमंदों की पहचान सुनिश्चित की जाए तथा उन्हें प्राथमिकता के आधार पर कंबल एवं अन्य आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए। जिला प्रशासन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि शीतलहर की अवधि तक कंबल वितरण के साथ-साथ अलाव की व्यवस्था, रैन बसेरों का संचालन एवं अन्य आवश्यक राहत प्रबंध निरंतर जारी रहेंगे, ताकि जनपद के प्रत्एक जरूरतमंद को समय पर प्रभावी सहायता उपलब्ध कराई जा सके।



इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पुलिस ने नहीं की रिपोर्ट दर्ज, महिला ने न्यायालय के आदेश पर कराई दर्ज

**मसवासी दवाई लेकर बाजपुर से लौट रही महिला के साथ कार सवार दो लोगों ने किया बलात्कार**

**पांच वर्षीय बालिका को ढाल बनाकर किया बेबस न्यायालय के आदेश पर महिला सहित तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गांव के ही दो लोगों पर मसवासी चौकी क्षेत्र की सीमा में कार में बलात्कार करने का आरोप लगाते हुए न्यायालय के आदेश पर स्वार कोतवाली में एक महिला सहित तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

दड़ियाल चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने न्यायालय का आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह पहली दिसंबर को अपनी 5 वर्षीय पुत्री की दवाई लेने उत्तराखंड के शहर बाजपुर गई थी दवाई लेकर वह दोराहा बाजपुर स्थित बस अड्डे पर घर जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान एक सफेद रंग जी का बाजपुर दिशा की ओर से आई जिसमें यासमीन उर्फ मामी व फुरकान, अज्ञात कार चालक सवार थे।

गांव का होने के नाते उसे घर पहुंचने के लिए कार में बैठा लिया और मसवासी चौकी क्षेत्र की सीमा में गौशाला के निकट एक पुराने होटल के खंडर के पास यासमीन उर्फ मामी ने शौच के बहाने रोक लिया। और कार से उतर गई।

फुरकान व अज्ञात चालक ने उसके साथ छेड़खानी शुरू कर दी जब उसने उनकी हरकत का विरोध किया इस दौरान यासमीन उर्फ मामी भी कार के अंदर आ गई और उसको धमकाने लगी और कहने लगी की जैसा यह लोग कहते हैं करने दो नहीं तो तुम्हारे साथ बहुत बुरा होगा।

उसकी 5 वर्षीय पुत्री माहिरा को भी गोद से छीन लिया और फुरकान ने उसके गुप्तांग में उंगली डालना शुरू कर दी।

यासमीन उर्फ मामी ने विरोध पर कहा की इन लोगो का कहना मान लो नहीं तो यह तुम्हारी पुत्री के साथ भी बलात्कार कर देंगे। विरोध के बाद भी दोनों लोगों ने अपनी हरकत जारी रखी और महिला के साथ कार में ही बारी बारी से बलात्कार किया पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर एक महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया की जांच की जा रही है दोषियों के खिलाफ सिख रही सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# वन विभाग व नहर विभाग के खिलाफ भाकियू भानू का प्रदर्शन, पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिलासपुर।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन द्धभानूऋ के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी जिला अध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी के नेतृत्व में बिलासपुर तहसील परिसर में एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं ने वन विभाग एवं नहर विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर उप जिलाधिकारी को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से डांडिया वन में हो रहे अवैध कटान का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। इस पर उप जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए वन विभाग के संबंधित अधिकारी को मौके पर बुलाया और एक घंटे के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके बाद भाकियू भानू के पदाधिकारियों को शामिल करते हुए एक टीम को डांडिया वन क्षेत्र भेजा गया।



इससे पूर्व किसानों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सलीम वारसी ने आरोप लगाया कि बिलासपुर डांडिया वन में वन दरोगा अमित कुमार, अखिलेश यादव, चंदोला, जोशी एवं एसडीओ विभाग की मिलीभगत से खैर, शगुन, शीशम सहित अन्य कीमती लकड़ियों की तस्करी कराई जा रही है। रातों-रात लकड़ी काटकर बेची जा रही है, जिससे सरकार को भारी राजस्व हानि हो रही है और वन क्षेत्र को पूरी तरह खोखला किया जा रहा है।

उन्होंने नहर विभाग पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि नहरों की सफाई में बड़ा घोटाला किया गया है। मानक के अनुसार सफाई नहीं कराई गई और कई नहरों में बिना सफाई कराए ही धनराशि हड़पने की कोशिश की जा रही है।

दया भाखड़ा, वाया भाखड़ा, धीमरी नहर, अपर सैजनी नहर, परेवा नहर, भिड़इया नहर सहित कई नहरों की सफाई सही तरीके से नहीं कराई गई है। इसके अलावा बिलासपुर-रामपुर रोड स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के निकट नहर पर प्लाटिंग, मुर्तजा माइनर धावनी हसनपुर में कब्जा तथा अपर सैजनी नहर पर पुरानी गल्ला मंडी, नैनीताल बैंक, प्रथमा बैंक के सामने, डाकखाने के पीछे एवं कस्बा राजपुर रोड पर अवैध कब्जों का मुद्दा उठाया गया। किसानों ने सभी नहरों को कब्जा मुक्त कराकर टेल तक पानी पहुंचाने की मांग की, ताकि किसान अपनी फसलों की सिंचाई कर सकें। इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष मोहम्मद आसिम राजा, सतनाम सिंह, सुखदेव सिंह, राजा लिखा, बलवीर सिंह, इमरान अली, आरिफ अली, समीर खान, रिजवान अली, लियाकत खान, मतलूब हसन, गुफरान अली, आरिफ पाशा, अहकाम मिर्जा, मुबारक हसन, कदीर आलम, मोहम्मद अहमद सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# मीट अंडा मदिरा की दुकानें मंगलवार को बंद कराने को लेकर अधिशासी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** बजरंग दल के स्वार प्रखंड संयोजक अर्जुन कुमार गुप्ता ने अधिशासी अधिकारी को पत्र सौंप कर मांग की है कि प्रत्एक मंगलवार को मसवासी क्षेत्र में मीट मछली और मदिरा की दुकानों को प्रतिबंधित किया जाए। अन्यथा बजरंग दल कार्यकर्ता आंदोलन करने को विवश होंगे।

सोमवार को बजरंग दल के प्रखंड संयोजक अर्जुन कुमार गुप्ता ने अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार को कार्यकर्ताओं के साथ एक ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में शिकायत की है कि मंगलवार को भगवान हनुमान की पूजा की जाती है हिंदू समुदाय मंगलवार को व्रत आदि रखते हैं इस क्षेत्र में अंडा मदिरा और मांस का बड़े पैमाने पर कारोबार किया जाता है जिसकी वजह से हिंदू समुदाय के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपते बजरंग दल के कार्यकर्ता।

उन्होंने अधिशासी अधिकारी से नगर क्षेत्र की मीट अंडा और मदिरा की दुकानों को मंगलवार के दिन प्रतिबंध करने की मांग की है। मंगलवार को दुकाने बंद न कराए जाने पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अधिशासी अधिकारी को आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

# तहसील समाधान दिवस में आई 11 शिकायतें, दो का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** रामपुर तहसील में 5 जनवरी को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम और तहसीलदार ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर जन समस्याओं को सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए।

उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के तहत आयोजित इस समाधान दिवस में, जहां शाहबाद तहसील मे संपूर्ण समाधान दिवस में ग्यारह शिकायत आई जहां मौके पर दो शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया और बची हुई शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया।

# चौकी पुलिस ने नहीं की कोई कार्रवाई क्षेत्रीय अधिकारी को पत्र भेज कर की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर के मोहल्ला की ही एक नाबालिग लकड़ी को दूसरी जाती का यूवक बहला फुसला कर लेकर फरार हो गया जिसकी बुजुर्ग ने चौकी पुलिस से की लेकिन चौकी पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की पीड़ित दादा ने इसकी शिकायत क्षेत्रीय अधिकारी से की है उसने दिए शिकायत पत्र मे कहा है कि मोहल्ले के एक युवक व उसके परिवार का उसके घर आना जाना था वह यूवक उसकी पोती को बहला फुसलाकर 2 तारीख को लेकर फरार हो गया जो अभी नाबालिग है जबकी लड़की दूसरी जाती की ओर लड़का बाल्मीकि समाज का है। पीड़ित बुजुर्ग ने लड़के के परीवार पर भी लड़की को लेजाने मे सहयोग करने का आरोप लगाते हुए क्षेत्रीय अधिकारी से शिकायत कर आरोपयो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# शहरी क्षेत्र से लकड़ी मशीनें हटवाने की मांग किसान यूनियन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत किसान यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल तहसील सदर पहुंचा, जहां उप जिलाधिकारी कुमार गौरव को पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में शहरी क्षेत्रों से आरा व पीलिंग मशीनें हटवाने, अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं को समय से छात्रवृत्ति देने, नहरों की सफाई की जांच कराने, आवारा कुत्तों एवं बंदरों को पकड़वाने तथा मटर मंडी में किसानों के शोषण पर रोक लगाने की मांग शामिल रही।

इस अवसर पर किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा ने कहा कि रामपुर शहर एवं उसके आसपास दर्जनों आरा एवं पीलिंग मशीनें संचालित हो रही हैं, जिनसे प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लकड़ी से ओवरलोड ट्रक गुजरते हैं। इससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। उन्होंने बताया कि हाल ही में लकड़ी की छीलन से ओवरलोड ट्रक पलटने से खोज बिजली घर के उपखंड अभियंता के चालक की दर्दनाक मृत्यु हो गई थी, लेकिन इसके बावजूद ओवरलोड ट्रकों का आवागमन जारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिलासपुर गेट, पहाड़ी गेट और बरेली गेट के आसपास ऐसे ट्रक धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं, जिससे आम नागरिकों की जान को खतरा बना हुआ है। उन्होंने जिला प्रशासन से इस गंभीर समस्या पर तत्काल संज्ञान लेने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में दिनेश कुमार सागर, विनोद कुमार, आरिफ खान, अयान खान, अब्दुल समद सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# संपूर्ण समाधान दिवस में एक दर्ज शिकायत दर्ज, चार का मौके पर हुआ निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** संपूर्ण समाधान दिवस तहसील परिसर में एडीएम की अध्यक्षता में होनी थी उनकी अनुपस्थिति में उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया।

इस दौरान फरियादियों ने अपनी अपनी शिकायत अधिकारी के सामने रखी समाधान दिवस में 12 शिकायतें आई जिसमें से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया वहीं शेष शिकायतों के लिए संबंधित को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर तहसीलदार अवनींद्र शुक्ला, नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी, अधिशासी उपखंड अधिकारी कृष्ण मोहन, बाल विकास परियोजना अधिकारी यासमीन सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सैफनी पुलिस ने आम के बाग में सट्टा लगाते तीन को दबोचा, नकदी और ताश बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** जनपद में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सैफनी थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे तीन अभियुक्तों को घेराबंदी कर रंगे हाथ गिरफ्तार किया। जानकारी अनुसार शनिवार को थाना सैफनी पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम खरसौल स्थित एक आम के बाग में पानी की टंकी के पास कुछ लोगों द्वारा सट्टे का अवैध खेल खेला जा रहा है, सूचना मिलते ही उप-निरीक्षक ब्रजेश कुमार जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम हेड कांस्टेबल गुरजीत सिंह, नबिन्दु कुमार, कॉन्स्टेबल नौशाद अली ने मौके पर दबिश दी।



पुलिस को देखकर वहां भगदड़ मच गई, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर मुरादाबाद थाना बिलारी के मोहल्ला हुसैन झंडा निवासी बाबू, सालिम व मनोज निवासी खरसौल थाना सैफनी को मौके पर दबोच लिया जिनके पास से 2500 रूपए की नकदी, 52 ताश के पत्ते और एक लाल गमछा बरामद किया गिरफ्तार सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर वैधानिक कार्रवाई कर दी गई।

# सभासदपति मसरूर हुसैन का बीमारी के चलते निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** नगर के वार्ड 5 के सभासद पति मसरूर हुसैन का लंबी बीमारी के बाद सोमवार सुबह इंतकाल हो गया।वह बिजली विभाग में संविदा कर्मी थे। उन्हें मगरिब की नमाज के बाद पुश्तेनी कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया गया।उनकी मौत पर नगर के विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक व्यक्तियों ने शोक व्यक्त किया है।

नगर के वार्ड नम्बर 5 की सभासद शाहीन मसरूर के पति एवं बिजली संविदा कर्मी मसरूर हुसैन पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे।पिछले सप्ताह अस्पताल से डिस्चार्ज होकर घर वह आ गए थे।सोमवार सुबह अचानक घर पर ही उनकी हालत बिगड़ गई। परिजन उन्हें उपचार के लिए मुरादाबाद लेकर जा रहे थे कि रास्ते में ही उनका इंतकाल हो गया।उनकी मौत की खबर से परिवार सहित मोहल्ले में गम की लहर दौड़ गई।मरहूम के 9 बच्चे हैं,जिनमें अभी किसी की भी शादी नहीं हुई है। मसरूर हुसैन लगभग 20 वर्षों से संविदा कर्मी के रूप में बिजली विभाग से जुड़े थे।

मरहूम बेहद मिलनसार और बेबाक इंसान थे।परिजनों के अनुसार वह गुर्दे की बीमारी से ग्रस्त थे।उन्हें मगरिब की नमाज के बाद पुश्तेनी कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

उनके जनाजे में विभिन्न राजनीतिक और गैर राजनीतिक लोगों ने काफी तादाद में शिरकत की।

# खान कप क्रिकेट टूर्नामेंट का चैंपियन क्रिकेट क्लब विजेता बना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** नगर के स्टैंडर्ड राइस मिल मैदान पर अंडर 20 खान कप क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में डायमंड क्रिकेट क्लब टांडा और चौंपियन क्रिकेट क्लब टाण्डा के बीच मैच खेला गया। चौंपियन क्रिकेट क्लब विजेता बना।निर्धारित 12 ओवर में चौंपियन क्लब ने 145 रन बनाए, जिसमें जावेद वार्नर ने 56 रन और नासिर पीटरसन ने 38 रन बनाए। जवाब में डायमंड क्लब ने 120 रन बनाए। चौंपियन क्लब यह मैच 25 रन से जीत कर विजेता बना।

मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जावेद वार्नर और मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मुद्द शहजाद को दिया गया।



विजेता और उप विजेता टीम के कप्तानों को भाजपा नेता मकसूद लाला द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कमेंटेटर मुद्द सईद सागर, सगीर गुड्डू, सलाउद्दीन, मुद्द तौसीफ, जुबैर आलम, अनीस अंसारी, वसी खान, समीर चंदाना, कमाल, अखलद अनीस परवेज आदि मौजूद रहे।

# बाइक चोरी में जुड़वा भाई समेत चार गिरफ्तार

## एक जैसे कपड़े पहनकर एक चोरी करता दूसरा दुकान पर बैठता, 30 बाइक व पार्टस बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना फेज-1 पुलिस ने चार शातिर बदमाशों को सेक्टर-14ए से पास से गिरफ्तार किया। इनके नाम शादाब उर्फ रुतबा, अरमान उर्फ सुट्टा, उलमान और विजय है। ये सभी वाहन चोर है। इसमें अरमान और उलमान जुड़वां भाई है। जिनकी शक्ल कद काठी हूबहू मिलती है। इसी का ये दोनों फायदा उठाते है। चोरी के दौरान एक जैसे कपड़े पहनकर एक काबड़ी की दुकान पर बैठता है तो दूसरा चोरी करता है। ताकि किसी को दोनों पर शक न हो। इस गैंग के पास से 30 बाइक बरामद की गई। जिसमें 15 पूरी बाइक और बाकी के पार्टस मिले है। इसकी कीमत करीब 15 लाख रुपए है। ये दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, बुलंदशहर, मथुरा और फरीदाबाद में गाड़ी चोरी कर हरियाणा के पवन और विजय को ये लोग बाइक देते है। वहा से ऑन डिमांड गाड़ियों को बेचा जाता है।



डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि गैंग मास्टर माइंड शादाब उर्फ रुतबा है। ये अपने साथियों के साथ कालोनियों, सोसाइटियों व कंपनी के बाहर खड़े वाहनों की रैकी करते है। इसके बाद तीनों लोग मिलकर मास्टर चाबी या लॉक तोड़कर बाइक, स्कूटी को चोरी करते और उलमान कबाड़ी की दुकान पर ले जाते है। यहां से चोरी के बाहर कच्चे रास्तों के जरिए हरियाणा के बल्ल्भगढ़ में पवन और विजय को देते है। गाड़ी की सप्लाई होने पर इन चारों को पैसे मिलते है। जिसे ये आपस में बांट लेते है। डीसीपी ने बताया कि अरमान उर्फ सुट्टा व उलमान दोनों हमशक्ल जुड़वां भाई है। जब भी कोई चोरी की घटना करनी होती तो एक भाई कबाड़ की दुकान पर हूबहू कपड़े पहनकर बैठ जाता है। ताकि पकड़े न जा सके। शक न होने पर लोगों से पूछताछ की गई तो अक्सर दूसरे भाई को कबाड़ की दुकान पर पाया गया। ऐसे में ये कई बार बच गया।

# नोएडा के कई गांवों में ऐक्शन, अवैध कब्जा करने वालों पर पुलिस ने दर्ज किए केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की शिकायत पर पुलिस ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने के मामले में एक बिल्डर कंपनी और 18 लोगों के खिलाफ 6 मुकदमे दर्ज किए हैं। यह कार्रवाई बसी बाउद्दीननगर, गढ़ी चौखंडी और इलाहाबास गांवों में अवैध निर्माण को लेकर की गई है। प्राधिकरण के इंजीनियरों ने अलग-अलग थानों में शिकायत दी कि इन लोगों ने प्राधिकरण की जमीन पर अवैध कब्जा किया है।

पुलिस आयुक्त के मीडिया प्रभारी विजय कुमार गौतम ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर में नोएडा प्राधिकरण की शिकायत पर पुलिस ने अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। बसी बाउद्दीन. नगर, गढ़ी चौखंडी और इलाहाबास गांवों में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने के आरोप में एक बिल्डर कंपनी और 18 लोगों के खिलाफ छह मुकदमे दर्ज किए हैं। नोएडा प्राधिकरण के इंजीनियर मो. हित भाटी ने फेस-3 थाने में रिपोर्ट लिखवाई है।

**बसी बाउद्दीननगर में इन पर आरोप:** उन्होंने आरोप लगाया है कि बसी बाउद्दीननगर में सौरभ राणा, नितिन राणा और ब्रिकलैंड डेवलपर्स प्रबंधन ने प्राधिकरण की जमीन पर अवैध निर्माण किया है। इसके साथ ही नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक पारसनाथ सोनकर की ओर से भी प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसमें बसई गांव में अशोक कुमार, ओमवीर यादव, विजय नागर और भूपेंद्र गुप्ता पर नोएडा अथॉरिटी की जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया गया है।

**गढ़ी चौखंडी गांव में अवैध कब्जे का आरोप:** वहीं एक अन्य मामले मे अवर अभियंता मुकेश कुमार ने गढ़ी चौखंडी गांव में प्रदीप कुमार, रामराज, अजय तिवारी, अवध सिंह, नवीन, विशाल मिश्रा, उदयवीर चौहान, राकेश यादव के खिलाफ केस दर्ज कराया है। इन आरोपियों पर गढ़ी चौखंडी गांव में प्राधिकरण की जमीन पर अवैध निर्माण का आरोप लगाया गया है।

**इलाहबास गांव और निम्मी विहार में भी शिकायतें:** वहीं दो प्राथमिकियां अवर अभियंता विजेंद्र सिंह की ओर से फेस-2 थाने में दर्ज कराई गई है। इनमें इलाहबास गांव और निम्मी विहार में प्राधिकरण की जमीन पर राम अवतार सिंह और दानिश अली पर कब्जा करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस का कहना है कि अब इन शिकायतों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### सहेली से लैपटॉप मांगने गई युवती के साथ मारपीट

**नोएडा।** हल्दौनी गांव में रहने वाली युवती ने अपनी सहेली और उसके अन्य साथियों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के मुता. बिक हल्दौनी गांव में श्वेता किराये के मकान में रहती है। श्वेता ने पुलिस को बताया कि उसने अपना लैपटॉप अपनी सहेली मिथिलेश को दिया था। वह 10 दिसंबर को मिथलेश से अपना लैपटॉप मांगने गई थी। इसी बीच मिथिलेश ने अपनी सहेली अदिति, उसके भाई और अन्य लोगों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने पुलिस से मामले की शिकायत की। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# दोपहिया वाहन चोरी करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-24 थाने की पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने वाले दो बदमाशों को रविवार रात जांच के दौरान गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर 11 दोपहिया वाहन और दो अवैध हथियार बरामद हुए। डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि सेक्टर-22 के एफ ब्लॉक के पास पुलिस टीम रविवार रात जांच कर रही थी, तभी बाइक सवार दो युवक आते दिखाई दिए। उन्हें रोका तो वह भागने लगे। टीम ने पीछा करके दोनों को दबोच लिया।



पूछताछ में पता चला कि दोनों आरोपी दोपहिया वाहन चोरी करते हैं। जिस बाइक पर दोनों आरोपी घूम रहे थे, वह भी चोरी की थी।

आरोपियों की पहचान कासग.ंज के कच्छेला शालीमपुर गांव निवासी दीपक और जिला बुलंदशहर के कस्बा औरंगाबाद निवासी सतेंद्र के रूप में हुई। दोनों आरोपी वर्तमान में गाजियाबाद की खोड़ा कॉलोनी में किराये पर रहते हैं। पुलिस पूछताछ में दोनों आरो. पियों ने बताया कि वे साथ मिलकर दिल्ली-एनसीआर के शहरों में रेकी करते।

इसके बाद भीड़ वाले इलाके और घरों के बाहर खड़ी बाइकों को मौका पाकर चोरी कर लेते। चोरी की गई बाइक को छिपाकर सेक्टर-54 के जंगलों की झाड़ियों में छुपाकर खड़ी कर देते और जरूरत पड़ने पर इन बाइक को एक-एक करके जरूरतमंद लोगों को सस्ते दाम में बेच देते। बेची गई बाइक से जो रुपये मिलते, उसको आपस में बराबर बांटकर अपने शौक पूरे करते। चोरी करते समय अपनी सुरक्षा के लिए वे अपने पास चाकू रखते। दीपक के खिलाफ दिल्ली और गौतमबुद्ध नगर के विभिन्न थानों में सात मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, सतेंद्र के खिलाफ 10 मुकदमे दर्ज हैं।

## एक नजर

### वेनेजुएला पर हमले के विरोध में प्रदर्शन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले के खिलाफ सेक्टर-आठ स्थित बांस-बल्ली मार्केट में सोमवार को माकपा गौतमबुद्ध नगर कमेटी ने प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई बंद करने और मादुरो सरकार की सत्ता बहाल करने की मांग की। प्रदर्शन को माकपा जिला सचिव कामरेड रामसागर और सीटू जिला सचिव गंगेश्वर दत्त शर्मा ने संबोधित किया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर हो रहे प्रदर्शन में भी हिस्सा लिया।

### आढ़ती की दुकान में चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में पाटिया चौक पर स्थित एक आढ़ती की दुकान में चोरी हो गई। चोरों ने दुकान का दरवाजा तोड़कर करीब 25 हजार रुपये नकद चुरा लिए। इसके साथ ही, दुकान में आग लगाने का भी प्रयास किया गया। घटना का पता सोमवार को चला, जिसके बाद पीड़ित व्यापारी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित व्यापारी नवीन ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी पाटिया चौक पर आढ़त की दुकान है। रविवार शाम को वे रोजाना की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। सोमवार सुबह जब उन्होंने दुकान खोली, तो देखा कि छत से नीचे आने वाली सीढ़ियों पर बना दरवाजा टूटा हुआ था। दुकान के अंदर रखी तिजोरी से लगभग 25 हजार रुपये गायब थे। चोरों ने दुकान में आग लगाने की भी कोशिश की। हालांकि, गनीमत रही कि आग केवल जमीन पर फैले मैट के कुछ हिस्से तक ही सीमित रही और अपने आप बुझ गई, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। घटना की सूचना मिलने पर दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत दर्ज कर ली गई है और मामले में कार्रवाई की जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर चोरों का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है।

### नोएडा प्राधिकरण में बड़ी कार्रवाई, लापरवाही पर लेखपाल बर्खास्त, एक का वेतन रोका

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा प्राधिकरण के भूलेख विभाग में तैनात दो लेखपालों पर गंभीर लाप. रवाही और कर्तव्यहीनता के आरोपों में कड़ी कार्रवाई की गई है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) लोकेश एम ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा है कि कार्यों में शिथिलता,




भ्रष्टाचार और अनुशासनहीनता पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। जानकारी के अनुसार, भूलेख विभाग में कार्यरत लेखपाल शुभम भारद्वाज और सीमा यादव द्वारा अपने पदीय दायित्वों का समुचित निर्वहन नहीं किया जा रहा था। दोनों कर्मियों पर माननीय न्यायालय से आच्छादित प्रकरणों, शासकीय कार्यों, आईजीआरएस (प्ळैै) और आरटीआई (त्ज्प्) से संबंधित मामलों का समयबद्ध निस्तारण न करने के आरोप थे। इसके अलावा, इनके कार्यक्षेत्र में अधिसूचित क्षेत्र व अर्जित भूमि पर लगातार अवैध अतिक्रमण की शिकायतें भी प्राप्त हो रही थीं।

प्राधिकरण के अनुसार, यह आचरण 'उत्तर प्रदेश सरकारी आचरण नियमावली-1956' और 'नोएडा सेवा नियमावली-1981' में निहित सरकारी कर्मचारी के कर्तव्यों का घोर उल्लंघन है। उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना को भी गंभीरता से लिया गया। सीईओ ने इस कार्रवाई के माध्यम से सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त संदेश दिया है कि जनता से जुड़ी शिकायतों, विशेषकर प्ळैै और त्ज्प् प्रकरणों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण रोकने में विफल रहने वाले संबंधित बीट व क्षेत्र के जिम्मेदार कर्मियों की जवाब. देही तय कर उन्हें प्राधिकरण से बाहर किया जाएगा।

गंभीर लापरवाही को देखते हुए लेखपाल शुभम भारद्वाज को तत्काल प्रभाव से नोएडा प्राधिकरण से अवमुक्त कर दिया गया है। उनके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए प्रकरण को आवश्यक कार्रवाई के लिए उत्तर प्रदेश शासन को भेज दिया गया है। वहीं, लेखपाल सीमा यादव का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोक दिया गया है। प्राधिकरण की इस कार्रवाई से विभागीय स्तर पर हड़कंप मच गया है और अन्य कर्मचारियों में भी सख्त संदेश गया है कि लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# समाधन दिवस पर नौ शिकायतों का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद गौतमबुद्धनगर की तीनों तहसीलों दादरी, सदर एवं जेवर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान कुल 112 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 09 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया, जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार ने तहसील दादरी में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जनसामान्य की 93 शिकायतों का अनुश्रवण किया, जिनमें से 07 शिकायतों का समाधान मौके पर ही करा दिया गया।

तहसील जेवर में उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 15 शिकायतें प्राप्त हुईं। वहीं तहसील सदर में उप जिलाधिकारी आशुतोष गुप्ता द्वारा जनसामान्य की 04 शिकायतें सुनी गईं, जिनमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया।

### बैंक्वेट हॉल में घुसकर सगे भाइयों से मारपीट

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर क्षेत्र स्थित बैंक्वेट हॉल में शादी समारोह के दौरान दो सगे भाइयों के साथ मारपीट की गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने बाइक सवार चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कस्बे के कम्बुआन मोहल्ले में यामीन परिवार के साथ रहता है। यामीन ने पुलिस को बताया कि रविवार को कस्बे के बैंक्वेट हॉल में उसकी भतीजी की शादी थी। परिवार के सभी लोग शादी समारोह में व्यस्त थे। इसी बीच बाइक सवार युवक बैंक्वेट हॉल में घुस आए। आरोपियों ने यामीन और उसके भाई के साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित यामीन की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बिलाल, अनस और जुबेर और उनके एक साथी शहजाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रेनो के चार गांवों में ई- पुस्तकालय खोलने के लिए भवन का निर्माण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के नवादा, बरसात, घंघौला व हतेवा समेत चार गांवों में ई-पुस्तकालय खोलने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके लिए भवन निर्माण का शिलान्यास रविवार को जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने ग्रामीणों की मौजूदगी में किया। गांवों में वर्षों पूर्व बने पंचायत घर के स्थान पर नया भवन बनाया जाएगा। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक वर्क सर्किल-8 के विभिन्न गांवों में प्रथम चरण में 13 ई-पुस्तकालय खोलने की योजना बनाई गई है। पूर्व में जारी की गई निविदा की प्रक्रिया पूरी कर इस पर काम शुरू कर दिया गया है। नवादा, बरसात, घंघौला व हतेवा में भवन निर्माण के लिए एजेंसी को कार्य आदेश जारी कर दिया गया है।

शिलान्यास के बाद काम शुरू कर दिया गया है। पुस्तकालय के लिए एक कमरा, एक बरामदा व महिला-पुरुष के अलग-अलग शौचालय का निर्माण किया जाएगा। फर्नीचर सहित अन्य जरूरी सुविधाएं भी मुहैया कराई जाएंगी। इस पर लगभग 1.12 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यह काम अगले छह माह में पूरा हो जाएगा।

दरअसल प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों में पंचायत चुनाव की व्यवस्था समाप्त हो चुकी है। इन गांवों में बिजली, पानी, सड़क, स्कूल जैसी सभी जरूरी विकास कार्य प्राधिकरण द्वारा कराए जाते हैं। क्षेत्र के गांवों में स्थित पंचायत घर रखरखाव के अभाव में जर्जर होते जा रहे हैं।

इसको देखते हुए प्राधिकरण ने पंचायत घरों को उपयोग में लाने के लिए उन्हें ई- पुस्तकालय में बदलने की योजना बनाई है। गांवों के लोगों द्वारा भी यह मांग की जा रही है। वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह ने बताया कि नवादा, बरसात, घंघौला व हतेवा में नए भवन का निर्माण किया जाएगा, जबकि नौ अन्य पुस्तकालय के लिए पंचायत घरों का नवीनीकरण कराया जाएगा। बता दें कि कुछ गांवों में स्थित पंचायत घरों में पहले से ही आपसी सहयोग से पुस्तकालय का संचालन किया जा रहा है।

# बीच रोड पर युवक की पीट-पीटकर हत्या

## कार साइड करने को लेकर शुरू हुई लड़ाई, रिकवरी एजेंट को नशे में धुत्त लोगों ने मारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में बीच रोड पर कुछ युवक कार पर बैठकर शराब पी रहे थे। सामने से आई-20 कार से दो दोस्त निकल रहे थे। बीच में गाड़ी खड़ी देखकर दोनों दोस्तों ने नशे में धुत्त 7-8 युवकों को गाड़ी किनारे करने को कहा। जिसके बाद सभी भड़क गए और सब ने मिलकर दोनों दोस्तों को बुरी तरह पीटा। इसके बाद भाग गए।रोड से गुजर रहे राहगीरों ने दोनों दोस्तों को अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान एक दोस्त की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लिया है और आगे की जांच जारी है।



दादरी के कैमराला गांव में रहने वाला हरकेश (30) अपने दोस्त मोहि. हत के साथ ग्रेटर नोएडा से गांव लौट रहा था। हरकेश रिकवरी एजेंट का काम करता है। गांव से कुछ दूरी पहले ही रोड पर 7-8 लोग शराब पी रहे थे। उन्होंने बीच सड़क पर गाड़ी खड़ी कर रखी थी। हरकेश ने उनसे गाड़ी हटाने को कहा। लेकिन वो लोग नहीं माने। जिसके बाद विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। आरोपियों ने हरकेश और उसके दोस्त मोहित पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस मारपीट में हरकेश और मोहित गंभीर रूप से घायल हो गए। तब जाकर हमलावर घटना स्थल से भाग गए। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल हरकेश और मोहित को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने हरकेश को मृत घोषित कर दिया। परि. जनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में अब तक दो आरोपियों को हिरासत में लिया जा चुका है। वहीं केमराला गाँव के लिट्टू,सोनू, कालू, विक्रांत व चकरस. ेनपुर गाँव के अनुज व कुछ अज्ञात के खिलाफ शिकायत दी गई है।

एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह विवाद गाड़ी हटाने को लेकर हुआ था, जिसके बाद मारपीट हुई और हरकेश की हत्या कर दी गई। उन्होंने पुष्टि की कि दो लोगों को हिरासत में लिया गया है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# नॉलेज पार्क में हत्या का खुलासा

- **प्रेमी की चाकू मारकर हत्या करने वाली युवती गिरफ्तार**

**ग्रेटर नोएडा।** थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने हत्या के एक मामले में वांछित चल रही युवती को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, घरेलू विवाद के दौरान कोरियाई प्रेमी की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में युवती को सोमवार को 150 गोल चक्कर के पास से पकड़ा गया।

पुलिस द्वारा जारी जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्ता की पहचान लुम जियाना (पुत्री काचन घथाई) निवासी थंगल, जिला ताम. ेंगलोंग, पोस्ट बिशनुपुर, थाना खौपुम, राज्य मणिपुर के रूप में हुई है। वर्तमान में वह ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-150 स्थित एटीएस प्योस हाइडवेस के फ्लैट नंबर 1201 में रह रही थी। पुलिस का कहना है कि युवती अपने कोरियाई प्रेमी डक हीया युह के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। दोनों के बीच अक्सर घरेलू विवाद होता रहता था। 4 जनवरी 2026 को हुए एक विवाद के दौरान मामला इतना बढ़ गया कि युवती ने अपने प्रेमी पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और हत्या के संबंध में मुकदमा पंजीकृत किया गया। इसके बाद उसकी की तलाश की जा रही थी।

**150 गोल चक्कर से गिरफ्तारी:** पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 जनवरी 2026 को आरोपी युवती को 150 गोल चक्कर क्षेत्र, थाना नॉलेज पार्क से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे आवश्यक विधिक कार्रवाई के तहत न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है और घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की भी गहनता से जांच की जा रही है।

# तौलिये के विवाद में हुई थी दक्षिण कोरिया के प्रेमी की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** पुलिस ने सेक्टर-150 स्थित एटीएस पायस हाइडवे सोसाइटी में दक्षिण कोरिया निवासी प्रेमी की हत्या करने वाली आरोपी युवती को सोमवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि मणिपुर निवासी प्रेमिका ने तौलिया को लेकर हुए विवाद में वारदात को अंजाम दिया था। वहीं, पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम कराने के बाद दूतावास की टीम को सौंप दिया। पुलिस के मुताबिक एटीएस पायस हाइडवे सोसाइटी के फ्लैट में दक्षिण कोरिया निवासी डक ही युह और मणिपुर निवासी लुनजेएना पमाई करीब पिछले दो साल से लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे।

युवती ने शनिवार को चाकू मार कर प्रेमी की हत्या कर दी थी। मृतक के चालक की तहरीर पर पुलिस ने युवती के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि घटना की रात युवती बाथरूम से नहाकर निकली थी।

युवती ने गलती से प्रेमी का तौलिया इस्तेमाल कर लिया था। प्रेमी नहाने पहुंचा तो गीला तौलिया देखकर युवती पर भड़क गया। वह युवती और भारतीयों को लेकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने लगा। विरोध करते हुए युवती ने बैग उठाकर फ्लैट से बाहर जाने का प्रयास किया। नशे में धुत प्रेमी किचन से सब्जी काटने वाला चाकू उठाकर लाया और युवती पर हमला करने का प्रयास करने लगा। युवती ने प्रेमी के हाथ से चाकू छीना और उसकी छाती पर वार कर दिया। वह खून से लथपथ होकर गिर गया।

# न्यू ईयर पार्टी में युवक की हत्या का खुलासा

- **बिसरख पुलिस ने दो आरोपी दबोचे**
- **15वीं मंजिल से नीचे फेंककर की गई थी हत्या, पांच फरार आरोपियों की तलाश जारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** थाना बिसरख क्षेत्र की आम्रपाली गोल्फ होम्स सोसाइटी में न्यू ईयर पार्टी के दौरान हुई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के इस सनसनीखेज मामले में अभी पांच आरोपी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं।



पुलिस के अनुसार, 1/2 जनवरी 2026 की रात आम्रपाली गोल्फ होम्स सोसाइटी के ए-3 टावर में न्यू ईयर पार्टी चल रही थी। इसी दौरान बादल ठाकुर और प्रिंस ठाकुर ने अपने साथियों के साथ मिलकर विनीत राज (28) से गाली-गलौज और मारपीट की। आरोप है कि आरोपियों ने विनीत राज को जान से मारने की नीयत से 15वीं मंजिल से नीचे फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक विनीत राज मूल रूप से बिहार के सिवान जिले का रहने वाला था और वर्तमान में आम्रपाली गोल्फ होम्स सोसाइटी में रह रहा था। घटना के बाद परिजनों की तहरीर पर थाना बिसरख में मुकदमा दर्ज किया गया।

**चौमुखी हनुमान मंदिर के पास से गिरफ्तारी:** मामले में कार्रवाई करते हुए थाना बिसरख पुलिस ने 4 जनवरी 2026 को दो आरोपियों-धीरज कुमार सिंह और विशाल मिश्रा-को चौमुखी हनुमान मंदिर, बिसरख के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों की घटना में संलिप्तता सामने आई है।

**इन आरोपियों की तलाश जारी:** पुलिस के मुताबिक, घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों बादल ठाकुर, प्रिंस कुमार ठाकुर, ओमप्रकाश, हर्षित कुमार उर्फ हर्ष और शेरी अभी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

**इन धाराओं में दर्ज है मुकदमा:** इस मामले में थाना बिसरख में मु0अ0सं0 008/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 191(2), 3(5) और 103(1) में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शेष आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा और मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# समाजवादी छात्र सभा ने जीबीयू के गेट पर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतम विश्वविद्यालय में नियुक्ति और फीस में धांधली को लेकर समाजवादी छात्र संघ सभा के पदाधिकारियों ने विश्वविद्यालय के मुख्य गेट पर सोमवार को प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि जब तक नियुक्ति की जांच व फीस में हुए फर्जीवाड़े की जांच नहीं होती तब तक वह शांत नहीं बैठेंगे।

विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता होने के चलते पुलिसकर्मियों ने उन्हें समझा कर धरने को समाप्त करा दिया। वहीं समाजवादी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष मोहित नगर का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन को मांगों का ज्ञापन पत्र सौंप दिया गया है। यह धरना यहां समाप्त नहीं होगा। विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता के चलते आज इसे हल्का रखा गया है। 10 तारीख के बाद एक विशाल धरना यहां आयोजित किया जाएगा। इसके बाद धरना तब तक चलेगा जब तक सभी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती है।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# बांग्लादेश में नहीं होगा IPL का प्रसारण



● सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सभी ब्रॉडकास्टर्स को प्रसारण बंद करने का निर्देश दिया

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सोमवार को देश के सभी ब्रॉडकास्टर्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का प्रसारण बंद करने का निर्देश दिया।

यह निर्देश आईपीएल 2026 सीजन से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स से तेज गें. दबाज मुस्तफिजुर रहमान को बाहर किए जाने के बाद आया है। इसके बाद, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सुरक्षा चिताओं का हवाला देते हुए भारत में अपने टी-20 विश्व कप मैच न खेलने का भी फैसला किया था और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से औपचारिक रूप से अपने मैचों को दूसरी जगह कराने का अनुरोध किया था। मंत्रालय की ओर से आज प्रसारण पर प्रतिबंध लगाए जाने आधिकारिक नोटिफिकेशन के जरिए जारी किया गया। इस आदेश पर सहायक सचिव फिरोज खान के हस्ताक्षर है। यह सभी आईपीएल मैचों और संबंधित प्रोग्रामिग पर लागू होता है और अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। मंत्रालय ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के 26 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल सीजन के लिए केकेआर टीम से मुस्तफिजुर को बाहर करने के फैसले का संज्ञान लिया। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि ऐसे फैसले का कोई उचित कारण पता नहीं है। ऐसे फैसले से बांग्लादेश के लोगों में दुख, परेशानी और गुस्स है। इन परिस्थितियों में आदेश दिया जाता है कि इंडियन प्रीमियर लीग के सभी मैचों और कार्यक्रमों का प्रसारण और ट्रांसमिशन अगले निर्देशों तक बंद कर दिया जाए। यह निर्देश उचित अधिकारियों की मंजूरी से जनहित में जारी किया गया है।

## खेल मंत्री के अनुरोध पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने लिया फैसला

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के खेल मंत्री आसिफ नजरुल ने कहा था कि उन्होंने बांग्लादेश के सूचना एवं प्रसारण मंत्री से अनुरोध किया है कि बांग्लादेश में आईपीएल का प्रसारण निलंबित किया जाए। इसके एक दिन बाद ही बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने आईपीएल का प्रसराण निलंबित करने का फैसला लिया।

बांग्लादेश के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने कहा, मार्च से शुरू होने वाले आगामी आईपीएल के लिए बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम से बाहर करने के बीसीसीआई के फैसले से बांग्लादेश के लोग बेहद आहत, दुखी और आक्रोशित हैं। इन परिस्थितियों में बांग्लादेश के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सूचित किया है कि अगले आदेश तक बांग्लादेश में आईपीएल के सभी मैच और संबंधित कार्यक्रमों का प्रसारण निलंबित रहेगा।

इससे पहले, रविवार को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने स्पष्ट किया था कि वह अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम भारत नहीं भेजेगा। उन्होंने आईसीसी से श्रीलंका में विश्व कप के मैच कराने की मांग की है। फिलहाल आईसीसी ने बीसीबी की मांग पर कोई फैसला नहीं लिया है। बांग्लादेश को अपने चार लीग मैच में से तीन कोलकाता और एक मुंबई में खेलना है। बांग्लादेश के लीग मैच वेस्टइंडीज (सात फरवरी), इटली (नौ फरवरी) और इंग्लैंड (14 फरवरी) के खिलाफ कोलकाता में और नेपाल (17 फरवरी) के खिलाफ मुंबई में है। बांग्लादेश को ग्रुप सी में इटली, नेपाल, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के साथ रखा गया है।

# नीरज चोपड़ा ने जेएसडब्ल्यू से तोड़ा एक दशक पुराना नाता



**मुंबई, वार्ता।** एक दशक की साझा उपलब्धियों और बेमिसाल कामयाबियों के बाद, जैवलिन थ्रोअर स्टार नीरज चोपड़ा और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने आज अपनी औपचारिक साझेदारी को समाप्त करने की घोषणा की है। नीजर अब अपनी स्वयं की एथलीट मैनेजमेंट फर्म, वेल स्पोर्ट्स शुरू करने रहे हैं। नीरज ने कहा कि पिछल 10 वर्षो में हमारा साथ तरक्की, भरोसे और कामयाबी से भरा रहा है। मेरे करियर को बनाने में जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स का बहुत बघ हाथ रहा है और मैं उनके सहयोग और विजन के लिए हमेशा उनका आभारी रहूंगा।

जैसे ही हम इस अध्याय को समाप्त कर रहे हैं, मैं उन्हीं मूल्यों को अपने सफर के अगले चरण में आगे ले जा रहा हूं। नीरज का जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ जुड़ाव 2016 में शुरू हुआ था। अगले दशक में यह साझेदारी भारतीय खेल में एक निर्णायक ताकत बन गई। नीरज की उपलब्धियां ऐतिहासिक रही हैं। प्यार से उन्हें 'गोल्डन आर्म वाला आदमी' कहा जाता है, वह टोक्यो 2020 गेम्स में ट्रैक एंड फील्ड में ओलंपिक स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय बने। इसके बाद उन्होंने 2023 में वर्ल्ड चैंपियनशिप गोल्ड और 2024 में पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीता, साथ ही ग्लोबल सर्किट पर कई पोडियम फिनिश भी हासिल किए। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के मुख्य कार्यकारी दिव्यांशु सिंह ने कहा कि नीरज के साथ काम करना जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स में हम सभी के लिए एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### रांची रॉयल्स को हराकर जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने दर्ज की पहली जीत

**रांची, वार्ता।** जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने सोमवार को रांची रॉयल्स को हराकर महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2025-26 में अपनी पहली जीत दर्ज की। यहां मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने रांची रॉयल्स को 2-1 से हराया। विजेता टीम के लिए पेनी स्क्विब ने (पहले) और ओलिविया शैनन ने (39वें) मिनट में गोल दागे। जबकि रांची रॉयल्स के लिए अलोंसो ने (35वें) मिनट में गोल किया। जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने शानदार शुरुआत की, पहले ही मिनट में दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। मिनट में गोल करके अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। पहला क्वार्टर 1-0 के स्कोर पर समाप्त हुआ।

### बीएमडब्ल्यू गोल्फ कप: 13 शहरों में होंगे 19 टूर्नामेंट

**गुरुग्राम, वार्ता।** बीएमडब्ल्यू गोल्फ कप 2026 के 16वें संस्करण में देश भर के 13 शहरों में 19 टूर्नामेंट आयोजित किये जायेंगे। बीएमडब्लयू ग्रुप इंडिया ने सोमवार को बीएमडब्ल्यु गोल्फ कप 2026 के 16वें एडिशन का कार्यक्रम की घोषणा की। कार्यक्रम के अनुसार बीएमडब्ल्यू गोल्फ कप 2026 सीजन का विस्तार किया है जिसके तहत 13 शहरों में 19 क्वालिफाइंग टूर्नामेंट होंगे, इसमें देश भर के 2,200 से अधिक शौकिया गोल्फर हिस्सा लेंगे। बीएमडब्ल्यू गोल्फ कप 2026 चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई, पुणे, अहमदाबाद, दिल्ली, वडोदरा, जयपुर, बेंगलुरु, लखनऊ, पटना, कोलकाता और गुरुग्राम के शानदार गोल्फ कोर्स में आयोजित किया जाएगा। ओमेगा, एतिहाद, टेलरमेड, बैलेंटाइन और एचएसबीसी जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड के साझेदार होंगे।

# पीटीपीए से अलग हुए नोवाक



● नोवाक जोकोविच ने पारदर्शिता, संचालन की समस्याओं का हवाला देते हुए अपने द्वारा स्थापित पीटीपीए से अलग होने की घोषणा कर दी

**बेलग्रेड, वार्ता।** सर्बिया के महान टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने पारदर्शिता, संचालन की समस्याओं का हवाला देते हुए अपने द्वारा स्थापित पेशेवर टेनिस खिलाड़ी एसोसिएशन (पीटीपीए) से अगल होने की घोषणा कर दी है। जोकोविच ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि उन्होंने यह यह फैसला 'सोच-समझकर' लिया गया है, और कहा कि हालांकि उन्हें संगठन की स्थापना के पीछे के विजन पर गर्व है, लेकिन उनके मूल्य अब इसकी मौजूदा दिशा से मेल नहीं खाते हैं। उन्होंने लिखा कि मुझे उस विजन पर गर्व है जिसे मैंने और कनाडा के वासेक ने पीटीपीए की स्थापना करते समय साझा की थी, जिससे खिलाड़ियों को एक मजबूत, स्वतंत्रा आवाज मिली। लेकिन यह स्पष्ट हो गया है कि मेरे मूल्य और दृष्टिकोण अब संगठन की मौजूदा दिशा से मेल नहीं खाते हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपने टेनिस, अपने परिवार और खेल में ऐसे तरीकों से योगदान देने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखूंगा जो मेरे सिद्धांतों और ईमानदारी को दर्शाते हैं। मैं खिलाड़ियों और इसमें शामिल लोगों को शुभकामनाएं देता हूं क्योंकि वे आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन मेरे लिए, यह अध्याय अब बंद हो गया है। पिछले वर्ष मार्च 2025 में पीटीपीए और कई खिलाड़ियों ने प्रतिस्पर्धा-विरोधी तरीकों और खिलाड़ियों कल्याण की अनदेखी किए जाने के आरोप लगाते हुए एटीपी, डब्ल्यूटीए, आईटीएफ और आईटीआईए समेत अन्य संस्थाओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की थी, जिसे एटीपी और डब्ल्यूटीए द्वारा खारिज कर दिया।

# एला-जोविक की जोड़ी ने विलियम्स-स्वितोलिना को हराया





● युगल राउंड ऑफ-16 मुकाबले में एला व इवा जोविक ने विलियम्स और स्वितोलिना की जोड़ी को 1:29 मिनट तक चल मैच में 7-6, '7', 6-1 से हराया

औकलैंड, वार्ता। एलेक्जेंड्रा एला- इवा जोविक ने एएसबी क्लासिक टूर्नामेंट में सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस विलियम्स- एलिना स्वितोलिना की जोड़ी के खिलाफ युगल मुकाबले में जीत के साथ अपने 2026 टेनिस सीजन की शुरुआत की। यहां खेले गए युगल राउंड ऑफ 16 मुकाबले में फिलीपींस की एला और अमेरिका की इवा जोविक ने अमेरिकी विलियम्स और यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना की जोड़ी को एक घंटे 29 मिनट तक चले मैच में 7-6(7), 6-1 से हराया। मैच के बाद एला ने कहा कि मुझे कोर्ट पर बहुत अच्छा लगा। मुझे लगता है कि हमने बहुत आनंद उठाया और साल की शुरुआत ऐसे पल के साथ करना और इस खेल की दो दिग्गजों के साथ कोर्ट साझा करना 'कोर्ट के बाहर भी' ऐसे लोग जिन्हें मैं बचपन से देखती आई हूं। मैं बहुत खुश हूं।

## विजय हजारे ट्रॉफी

# अय्यर होंगे अब होंगे मुंबई के कप्तान

**एमसीए को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि अय्यर को ट्रॉफी के शेष लीग मैचों के लिए कप्तान नियुक्त किया**



**मुम्बई, वार्ता।** श्रेयस अय्यर को चोटिल शार्दुल ठाकुर की जगह विजय हजारे ट्रॉफी के शेष मैचों के लिए मुंबई टीम का कप्तान बनाया गया है। मुम्बई क्रिकेट, सोसिएशन ने सोमवार को एक बयान में कहा कि एमसीए को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि श्रेयस अय्यर को विजय हजारे ट्रॉफी के शेष लीग मैचों के लिए मुंबई सीनियर पुरुष टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है।

विजय हजारे ट्रॉफी के बाद कप्तान के तौर पर अय्यर का बने रहना भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से अंतर्राष्ट्रीय कर्तव्यों के लिए फिटनेस क्लीयरेंस पर निर्भर करेगा। अय्यर को 11 जनवरी से बड़ौदा में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरु होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है। उनका चयन इस शर्त पर किया गया था। कि वह फिटनेस हासिल कर लेंगे। हाल ही में वनडे टीम की घोषणा करते समय बीसीसीआई ने कहा था कि अय्यर की फिटनेस का आकलन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में किया जाएगा, और अगर उन्हें फिट घोषित किया जाता है तो वह वनडे टीम में शामिल होंगे। अगर अय्यर को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए हरी झंडी मिल जाती है, तो एमसीए को विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट के लिए दूसरा कप्तान चुनना होगा। एमसीए सचिव उन्मेश खानविलकर ने कहा कि जब स्थिति साफ हो जाएगी तो हम फैसला लेंगे। श्रेयस बाकी दो लीग मैचों में टीम की कप्तानी करेंगे।

अय्यर पिछले अक्टूबर में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में कैच लेने की प्रयास करते समय चोटिल होने के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हैं। मंगलवार का मैच तीन महीने से ज्यादा समय में उनका पहला मैच होगा। मुंबई फिलहाल ग्रुप सी में दूसरे स्थान पर है और अगले राउंड में पहुंचने के लिए अच्छी स्थिति में है। वे अपना अगला लीग मैच मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के खिलाफ और आठ जनवरी को पंजाब के खिलाफ खेलेंगे, दोनों मैच जयपुर में होंगे।

### ह्यूबर्ट हर्काज ने ज्वेरेव को हराया

**सिडनी, वार्ता।** पोलैंड के पेशेवर टेनिस खिलाड़ी ह्यूबर्ट हरकाज ने चोट से उबरते हुए सात महीनों के बाद सोमवार को यूनाइटेड कप में शानदार वापसी करते हुए विश्व नंबर तीन अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर दिया है। यहां खेले गए मुकाबले में ह्यूबर्ट हरकाज ने जर्मनी के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की।

मैच के बाद ह्यूबर्ट हरकाज ने कहा कि काफी समय हो गया है जब मैंने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। मेरा मतलब है, सात महीने, मैं टीम के साथ मुश्किल दौर से गुजर रहा था और यह बहुत चुनौतीपूर्ण था। लेकिन वे सब मेरा सपोर्ट कर रहे थे। हमने काफी लंबा समय बिना प्रतियोगिता के बिताया और हमें नहीं पता था कि हम कब दोबारा कोर्ट पर वापस आ पाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं आज यहां कोर्ट पर हर पल का आनंद लेने का प्रयास कर रहा था।

# बीसीसीआई ने पटौदी को 85वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी



● एक टेस्ट में सबसे अधिक 554 गेंदें खेलने का रिकॉर्ड मंसूर अली खान पटौदी के नाम दर्ज

**मुम्बई, वार्ता।** बीसीसीआई ने सोमवार को भारत के पूर्व टेस्ट कप्तान मंसूर अली खान पटौदी को उनकी 85वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी।

बीसीसीआई ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि भारतीय टीम के पूर्व टेस्ट कप्तान, महान मंसूर अली खान पटौदी को उनकी 85वीं जयंती पर याद कर रहे हैं। प्यार से टाइगर पटौदी के नाम से जाने जाने वाले मंसूर अली खान पटौदी भारतीय क्रिकेट के सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक हैं। पांच जनवरी 1941 को उनका जन्म हुआ था। वह 21 साल की उम्र में भारत के सबसे कम उम्र के टेस्ट कप्तान बने। वह 'सबसे महान कप्तानों में से एक' थे। 1961 में इंग्लैंड में एक कार एक्सीडेंट में अपनी दाहिनी आंख की रोशनी खोने के बावजूद पटौदी ने सिर्फ छह महीने बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार वापसी की और अपने खेले गए 46 टेस्ट में से 40 में भारत की कप्तानी की। उनकी कप्तानी में, भारत ने 1968 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी पहली विदेशी टेस्ट सीरीज जीती। एक बल्लेबाज के तौर पर, पटौदी ने टेस्ट क्रिकेट में 34.91 की औसत से 2,793 रन बनाए, जिसमें छह शतक शामिल हैं। टेस्ट इतिहास में नंबर छह पर बल्लेबाजी करते हुए एक टेस्ट मैच में सबसे अधिक (554) गेंदें खेलने का रिकॉर्ड पटौदी के नाम है।

# भारतीय अंडर-19 टीम के गेंदबाजों ने द. अफ्रीका 245 के स्कोर पर रोका



● टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया

**दक्षिण अफ्रीका, वार्ता।** किशन सिंह (चार विकेट) की अगुवाई में भारतीय अंडर-19 टीम के गेंदबाजों ने सोमवार को दूसरे यूथ वनडे में दक्षिण अफ्रीका की टीम 49.3 ओवरों में 245 के स्कोर पर समेट दिया। आज यहां टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका की अंडर-19 टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जेसन राउल्स ने दक्षिण अफ्रीका के लिए सर्वाधिक रन बनाए। जेसन राउल्स ने 113 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए 114 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। भारतीय गें. दबाजी आक्रमण के आगे एक ओर से जहां दक्षिण अफ्रीका के विकेट गिरते जा रहे थे, जेसन राउल्स एक छोर थामे तेजी के साथ रन बनाते रहे। डेनियल बोसमैन (31), अदनान लगादीन (25), अरमान मनैक (16), कप्तान मुहम्मद बुलबुलिया (14) और जोरिख वान स्कालक्वेक 10 रन बनाकर आउट हुए। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाए। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे दक्षिण अफ्रीका की अंडर-19 टीम ने 49.3 ओवर में 245 रनों के स्कोर पर सिमट गई। भारत की अंडर-19 टीम के लिए किशन सिंह ने चार विकेट लिए। अमब्रिश को दो विकेट मिले। दीपेश देवेंद्रन, कनिष्क चौहान और खिलन पटेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# जो रूट का शतक के साथ इंग्लैंड ने बनाए 384 रन

● जो रूट ने 242 गेंदों में 15 चौकों की मद् द से 160 रनों की शानदार पारी खेली



**सिडनी, वार्ता।** जो रूट (160) की शतकीय और हैरी ब्रूक (84) की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत ने इंग्लैंड ने एशेज के पांचवें टेस्ट के दूसरे दिन 384 का स्कोर खड़ा करने के बाद स्टंप्स के समय तक ऑस्ट्रेलिया के 166 रन पर दो विकेट झटक लिए। यहां इंग्लैंड के कल के तीन विकेट पर 211 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया।

सुबह के सत्र में 226 के स्कोर पर इंग्लैंड का चौथा विकेट हैरी ब्रूक के रूप में गिरा। उन्हें स्कॉट बोलैंड ने स्मिथ के हाथों कैच आउट कराया। 229 के स्कोर पर इंग्लैंड को पांचवां झटका मिचेल स्टार्क ने कप्तान बेन स्टोक्स (शून्य) को आउट कर दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए जेमी स्मिथ ने जो रूट के साथ पारी को संभलाने का प्रयास किया। जो रूट ने लंच से पहले 160 गेंदों में अपने टेस्ट करियर अपना 41वां शतक पूरा किया। उन्होंने 242 गेंदों में 15 चौकों की मदद से 160 रनों की पारी खेली। 75वें ओवर में मार्नस लाबुशेन ने जेमी स्मिथ (46) को अपना शिकार बना लिया। विल जैक्स (27) रन बनाकर आउट हुए। 98वें ओवर में माइकल नीसर ने जॉश टंग (शॅन्य) को बोल्ड कर 384 के स्कोर पर इंग्लैंड की पहली पारी का अंत कर दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए माइकल नीसर ने चार विकेट लिए। मिचेल स्टार्क, स्कॉट बोलैंड को दो-दो विकेट मिले। कैमरन ग्रीन और मार्नस लाबुशेन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रैविस हेड और जेक वेदरॉल्ड की जोड़ी ने अच्छु शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 57 रन जोड़े। 13वें ओवर में बेन स्टोक्स ने जेक वेदरॉल्ड (21) को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका दिया। 31वें ओवर में स्टोक्स ने मार्नस लाबुशेन (48) का शिकार कर इंग्लैंड की झोली में दूसरा विकेट डाल दिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय ऑस्ट्रेलिया ने दो विकेट पर 166 रन बना लिए है और हेड (नाबाद 91) और नीसर (नाबाद एक) क्रीज पर मौजूद थे। ऑस्ट्रेलिया अभी भी इंग्लैंड के पहली पारी में बनाए गए स्कोर से 218 रन पीछे है।

## रूट ने 41वें टेस्ट शतक के साथ पोंटिग के रिकॉर्ड की बराबरी की

**सिडनी, वार्ता।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने सोमवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पांचवें एशेज टेस्ट के दूसरे दिन अपना 41वां शतक लगाकर ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिग के रिकार्ड की बराबरी कर ली और पुरुषों के टेस्ट शतकों की सूची में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर आ गए। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, पहले दिन खेल जल्दी खत्म होने के बाद 72 रन से आगे खेलते हुए, रूट ने शांत और आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए भोजनकाल के बाद 160 गेंदों में अपने टेस्ट करियर का 41वां शतक पूरा किया। यह शतक रूट का मौजूदा दौरे का दूसरा शतक है जिसने ऑस्ट्रेलिया में लंबे समय से चले आ रहे शतकों के सूखे को खत्म किया। इस शतक के साथ ही रूट टेस्ट क्रिकेट में वह सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में रिकी पोंटिग (41) की बराबरी कर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इसस मामले में भारत के सचिन तें. दुलकर (51) शतकों के साथ पहले जैक कैलिस (45) शतकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

# जीवन पर संकट

देश की राजधानी दिल्ली से वायु गुणवत्ता को लेकर अच्छी खबर नहीं आ रही है। हालांकि गुणवत्ता सूचकांक बताता है कि यहां की आबोहवा बेहद खराब श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार जो सवेरे आठ बजे तक के लिए जारी किया गया है, वह दर्शाता है कि दिल्ली की समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक 260–262 तक रहा है। जोकि चिंताजनक है। अक्षरधाम की बात करें तो वहां एक्यूआई 293 रिकॉर्ड किया गया, हालांकि सबसे खराब हालत आनंद विहार में देखी गई, जहां यह 320 रहा। चांदनी चौक बेहद प्रसिद्ध स्थल है, वह सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में दिखाई दिया यहां एक्यूआई 337 रहा। इसके चलते दिल्ली हवाई अड्डों से उड़ानें प्रभावित रही। अधिकारियों ने यात्रियों को यात्रा से पहले उड़ान का शेड्यूल जांच करने की सलाह दी है। उनके अनुसार शांत हवा में अधिक नमी के कारण प्रदूषक सतह के पास ही जमा हो गया है। इसके चलते वायु गुणवत्ता लंबे समय से खराब बनी हुई है। वहीं स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भी चेतावनी दी है कि लगातार बनी रहने वाली धुंध बच्चों, बुजुर्गों और सांस की बीमारी वाले लोगों के लिए जोखिम बढ़ा सकती है। दिल्ली सरकार ने भी साफ किया है कि उल्लंघन या कानूनी नियमों का पालन ने करने के कारण कंस्ट्रक्शन और डिमोलेशन साइटों को बंद करने का आदेश दिया गया, उन्हें आयोग की स्पष्ट मंजूरी के बिना दोबारा काम शुरू करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। मतलब दिल्ली सरकार दिल्ली में वायु गुणवत्ता बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, लेकिन जो जमीनी स्तर पर हालात हैं, उन पर किसी तरह का कोई प्रभाव पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है और वायु गुणवत्ता बराबर खराब स्थिति में बनी हुई है। जाहिर है, जब सर्दी का मौसम अपने शबाब पर हो, तो यह जोखिम और भी बढ़ जाता है। ऐसा नहीं है कि इसी समय दिल्ली की स्थिति वायु गुणवत्ता के मामले में खराब बनी हुई है, लेकिन यह सब लंबे समय से हो रहा है। ऐसे में यह स्वाभाविक है कि आखिर दिल्ली सरकार वायु गुणवत्ता की स्थिति पर नियंत्रण क्यों नहीं कर पा रही है। यहां यह कहना भी जरूरी है कि पर्यावरण का मुद्दा अपने भारत में इतनी अहमियत नहीं रखता जितनी विदेशों में रखता है। इसे भारतवंशी लोग इतनी गंभीरता से नहीं लेते। हालांकि थोड़े से हालात अब बदले हैं और लोगों ने पर्यावरण को लेकर अब आकर चिंता व्यक्त करना शुरू किया है, लेकिन अभी इस पर और काम करने की जरूरत है। यही कारण है कि सरकारें भी पर्यावरण को लेकर बातें भले ही कितनी बड़ी–बड़ी करती हों, लेकिन जमीनी स्तर पर इतनी गंभीरता से काम नहीं करती, जितनी काम करने की आवश्यकता है। कोई भी समझ सकता है जब देश की राजधानी का यह हाल है, तो देश के अन्य शहरों और गांवों का क्या हाल होगा। यूं भी यह समस्या कोई किसी एक शहर की नहीं बल्कि पूरे भारत की है और जरूरत आज इस पर गंभीरता से काम करने की है।

## एनसीसी कैडेट विकसित भारत की यात्रा की रीढ़



राष्ट्र निर्माण तथा युवाओं के विकास में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) का योगदान सराहनीय है, इसमें प्रशिक्षित आत्मविश्वासी और मूल्यों से प्रेरित कैडेट विकसित भारत की यात्रा की रीढ हैं, एनसीसी स्थापना के 78 वें वर्ष में विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन बन चुका है और अनुशासित, जिम्मेदार और देशभक्त नागरिकों के निर्माण के अपने मूल उद्देश्य को दृढ़ता से निभा रहा है, यह संगठन आत्मविश्वासी और मूल्यों से प्रेरित युवाओं को गढ़ रहा है, जो विक. सित भारत 2047 की रीढ़ हैं, ऑपरेशन सिदूंर के दौरान लगभग 72,000 कैडेटों ने नागरिक सुरक्षा कार्यों के लिए स्वेच्छा से सेवा दी, जिससे संकट की घड़ी में राष्ट्र की सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, साहस और तत्परता स्पष्ट होती है। **सीपी राधाकृष्णन, उपराष्ट्रपति**

# ई-कचरा के लिए क्यों नहीं मिल पा रहा कोई कारगर उपाय!

दुनिया डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं की ओर तेजी से बढ़ रही है, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं एवं इलेक्ट्रोनिक क्रांति ने लोगों के जीवन को आसान बना दिया है, लेकिन अर्थव्यवस्था एवं जीवन का डिजिटल अवतार इलेक्ट्रोनिक कचरे की शक्ल में एक नयी चुनौती एवं जटिल समस्या को लेकर आया है। घरों में इस्लेमाल होने वाले कूलर, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर जैसी वस्तुओं के अलावा कार्यालय में लैपटॉप, कम्प्यूटर, मोबाइल, डिजिटल घड़ी, टीवी तय समय के बाद ई–कचरे में परिवर्तित हो जाते हैं, इस ई–कचरे एवं ई–अपशिष्ट के प्रभावों को प्रतिबिंबित करने एवं इसे नियंत्रित करने की जागरूकता के अवसर के रूप में वर्ष 2018 से प्रतिवर्ष 14 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय ई–अपशिष्ट दिवस अपशिष्ट विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण फोरम द्वारा मनाया जाता है। दुनियाभर में 46 देशों सक्रिय डब्ल्यूईईई फोरम एक उत्पादक उत्तरदायित्व संगठन है, जो एक गैर–लाभकारी संघ है, जिसकी स्थापना अप्रैल 2002 में हुई थी। संयुक्त राष्ट्र भी कहता है कि दुनियाभर में ई–कचरा 53.6 मिलियन टन उत्पन्न हो रहा हैं। इसमें से केवल 17.4 प्रतिशत का ही संग्रहण और पुनर्चक्रण किया जाता है। यह भी अनुमान है कि 2030 तक 74 मिलियन टन ई–कचरा उत्पन्न होगा। प्रौद्योगिकी में तेजी से प्रगति, शहरीकरण प्रक्रिया और आर्थिक विकास ई–कचरे में तेजी से वृद्धि के प्रमुख कारण हैं। अपशिष्ट विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (डब्ल्यूईईई) फोरम के अनुसार, वर्ष 2022 में लगभग 5.3 बिलियन मोबाइल स्मार्टफोन उपयोग से बाहर हो गये थे। लगातार बढ़ रहा ई–कचरा न केवल भारत के लिए बल्कि समूची दुनिया के बड़ा पर्यावरण, प्रकृति एवं स्वास्थ्य खतरा है। ई–कचरा से तात्पर्य उन सभी इलेक्ट्रानिक और इलेक्ट्रिकल उपकरणों (ईईई) तथा उनके पाट्र्स से है, जो उपभोगकर्ता द्वारा दोबारा इस्तेमाल में नहीं लाया जाता। ग्लोबल ई–वेस्ट मानिटर–2020 के मुताबिक चीन और अमेरिका के बाद भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा ई–वेस्ट उत्पादक है, चूंकि इलेक्ट्रिक्ल और इलेक्ट्रानिक उपकरणों को बनाने में खतरनाक पदार्थों (शीशा, पारा, कैडमियम आदि) का इस्तेमाल होता है, जिसका मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ता है। दुनियाभर में इस तरह से उत्पन्न हो रहा ई–कचरा एक ज्वलंत समस्या के रूप में सामने आ रहा है। पारा, कैडमियम, सीसा, पॉलीब्रोमिनेटेड फ्लेम रिटार्डेंट्स, बेरियम, लिथियम आदि ई–कचरे के जहरीले अवशेष मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक होते हैं इन विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आने पर मनुष्य के हृदय, यकृत, मस्तिष्क, गुर्दे और कंकाल प्रणाली की क्षति होती है। इसके अलावा, यह ई–वेस्ट मिट्टी और भूजल को भी दूषित करता है। ई–उत्पादों की अंधी दौड़ ने एक अन्तहीन समस्या को जन्म दिया है। शुद्ध साध्य के लिए शुद्ध साधान अपनाने की बात इसीलिए जरूरी है कि प्राप्त



ई–साधानों का प्रयोग सही दिशा में सही लक्ष्य के साथ किया जाए, पदार्थ संयम के साथ इच्छा संयम हो। आज दुनिया के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं, जिसमें से ई–वेस्ट एक नई उभरती विकराल एवं विध्वंसक समस्या भी है। दुनिया में हर साल 3 से 5 करोड़ टन ई–वेस्ट पैदा हो रहा है। ग्लोबल ई–वेस्ट मॉनिटर के मुताबिक भारत सालाना करीब 20 लाख टन ई–वेस्ट पैदा करता है और अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद ई–वेस्ट उत्पादक देशों में 5वें स्थान पर है। ई–अपशिष्ट दिवस रीसाइक्लिंग और ई–कचरे को कम करने के महत्व पर बल देता है।

इस दिन को मनाना और ई–कचरे के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है क्योंकि केवल 78 देशों में ही ई–कचरा प्रबंधान अच्छा है। विश्व की केवल 71 प्रतिशत जनसंख्या ई–कचरा कानून के अंतर्गत आती है। ई–वेस्ट के निपटारे में भारत काफी पीछे है, जहां केवल 0.003 मीट्रिक टन का निपटारा ही किया जाता है। यूएन के मुताबिक, दुनिया के हर व्यक्ति ने साल 2021 में 7.6 किलो ई–वेस्ट डंप किया। भारत में हर साल लगभग 25 करोड़ मोबाइल ई–वेस्ट हो रहे हैं। ये आंकड़ा हर किसी को चौंकाता है एवं चिंता का बड़ा कारण बन रहा है, क्योंकि इनसे कैंसर और डीएनए डैमेज जैसी बीमारियों के साथ कृषि उत्पाद एवं पर्यावरण के सम्मुख गंभीर खतरा भी बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, ई–कचरे से निकलने वाले जहरीले पदार्थों के सीधे संपर्क से स्वास्थ्य जोखिम हो सकता है। दुनिया भर में इलेक्ट्रॉनिक कचरे के बढ़ने की सबसे बड़ी वजह इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की तेजी से बढ़ती खपत है। आज हम जिन इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को अपनाते जा रहे हैं उनका जीवन काल छोटा होता है। इस वजह से इन्हें जल्द ेंक दिया जाता है। जैसे ही कोई नई टेक्नोलॉजी आती है, पुराने को फेंक दिया जाता है। इसके साथ ही कई देशों में इन उत्पादों के मरम्मत और रिसायक्लिंग की सीमित व्यवस्था है या बहुत महंगी है। ऐसे में जैसे ही कोई उत्पाद खराब होता है लोग उसे ठीक कराने की जगह बदलना ज्यादा पसंद करते हैं। साल 2021 में डेफ्ट यूनिवर्सिटी अफ़ टेक्नोलाजी द्वारा किए गए सर्वेक्षण में फोन बदलने का सबसे बड़ा कारण सॉफ्टवेयर का धीमा होना और बैटरी में गिरावट रहा। यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी की ओर से जारी ग्लोबल ई–वेस्ट मॉनिटर 2020 रिपोर्ट के मुताबिक साल 2019 में दुनिया में 5.36 करोड़ मीट्रिक टन ई–कचरा पैदा हुआ था। अनुमान है कि साल 2030 तक इस वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक कचरे में तकरीबन 38 प्रतिशत तक वृद्धि हो जाएगी। अब आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यह समस्या कितनी बड़ी है और आने वाले समय में यह और कितना बढ़ने वाली है। बात अगर दिल्ली की करें तो यहां हर साल 2 लाख टन ई–कचरा पैदा होता है। हालांकि, इसे वैज्ञानिक और सुरक्षित तरीके से हैंडल नहीं किया जा रहा है। इससे आग लगने जैसी कई जानलेवा घटनाएं हो चुकी हैं, जो दिल्ली के निवासियों और कूड़ा उठाने वालों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। इसी क्रम में अभी हाल ही में दिल्ली सरकार ने घोषणा की है कि दिल्ली में भारत का पहला ई–कचरा इको–पार्क खोला जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट का जिक्र किया था। उन्होंने लोगों से आह्वान किया था कि पर्यावरण को बचाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक–कचरे का प्रभावी प्रबंधान करना होगा। गौरतलब है कि भारत में साल 2011 से ही इलेक्ट्रॉनिक कचरे के प्रबंधान से जुड़ा नियम लागू है। बाद में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रलय द्वारा ई–कचरा (प्रबंधन) नियम, 2016 लागू किया गया था। इस नियम के तहत पहली बार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माताओं को विस्तारित निर्माता जिम्मेदारी के दायरे में लाया गया। नियम के अंतर्गत उत्पादकों को ई–कचरे के संग्रहण तथा आदान–प्रदान के लिये उत्तरदायी बनाया गया है और उल्लंघन की स्थिति में दंड का प्रावधान भी किया गया है। कई लोग या कंपनियां अपने पुराने लैपटॉप, कंप्यूटर या मोबाइल को वेस्ट कर देते हैं, जो ई–वेस्ट के रूप में सामने आते हैं, लेकिन आप ऐसे में इसे किसी जरूरतमंद को दे सकते हैं। इसके लिये लायंस क्लब इन्टरनेशनल–डिस्ट्रिक–321–ए ने अनूठी एवं अनुकरणीय पहल करते हुए ई–अवशेषों एवं वेस्ट को एकत्र कर रही है। अन्य जनसेवी संस्थाएं भी ऐसे सराहनीय उपक्रम कर रही है। भारत सरकार ई–कचरे के निपटारे के लिए प्रबंधान नीति लाई थी, लेकिन वह कारगर नहीं साबित हुई और अब रिसाइकल इंसेंटिव के साथ नई नीति ला रही है। ताकि ई–निर्माण इकाइयां ई–वेस्ट का रिसाइकल करने और पर्यावरण बचाव के प्रति जवाबदेह हो सकें। मौजूदा समय देश में यह काम बड़े स्तर पर असंगठित क्षेत्र द्वारा किया जाता है, जहां ई–वेस्ट का निपटारा गलत एवं अवैज्ञानिक तरीकों से किया जा रहा है। सरकार ने ई–कचरा द्धप्रबंधानत्र्न नियम–2022 अधिसूचित किया है, जो प्रत्येक विनिर्माता, उत्पादक, रिफर्बिसर, डिस्मैंटलर और ई–वेस्ट रिसाइकलर पर लागू होगा। ई–वेस्ट अर्थात इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट को लेकर केंद्र सरकार सख्त है और इसे लेकर केंद्र सरकार ने नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। दिशा–निर्देशों के अनुसार अब जो भी ई–वेस्ट पैदा करेगा उन्हें उसे नष्ट करने की जिम्मेदारी भी उठानी होगी।

**...साभार**

# वेज डिशेस में मिलेगा नॉनवेज डिश का टेस्ट

अक्सर ऐसा होता है कि कुछ लोगों को नॉनवेज डिशेस देख कर वैसे ही मसालेदार, चटपटी, तीखी डिश खाने का मन करता है, लेकिन वो वेजिटेरियन होने के नाते उसे खा नहीं पाते। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी वेजिटेरियन डिशेस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें आप नॉनवेज की तरह बनाकर खा सकते हैं। बहुत से ऐसे लोग हैं जिन्हें तीखा, स्पाइसी और मसालेदार खाने का मन होता है तो जानिए कुछ ऐसी वेज डिशेस के बारे में जिसमें आप नॉन वेज का मजा ले सकते हैं।



### वेज कीमा

वेज कीमा को आप मसालेदार नॉनवेज डिश की तरह बना सकते हैं। इसे पनीर और बाकी सब्जियों के साथ बनाया जाता है।

### वेजिटेबल टिक्का मसाला

नॉनवेज डिश की तरह आप वेजिटेबल टिक्का मसाला बना सकते हैं। आप इसे कई तरह के वेजिटेबल्स और पनीर से बना सकते हैं।

### काजू कोरमा

काजू कोरमा की डिश आपको नॉनवेज डिश की तरह ही लगेगी। काजू, क्रीम और ग्रेवी बनाने वाली चीजों के साथ आप काजू कोरमा बना सकते हैं।

### सोया चाप

सोया चाप भी आपको नॉनवेज डिश का टेस्ट देगा। सोया चाप को ग्रेवी के साथ बना सकते हैं।

### पनीर बटर मसाला

चिकन बटर मासाला का नाम तो आपने सुना होगा लेकिन बटर और पनीर की मदद से आप नॉनवेज टेस्ट जैसा पनीर बटर मसाला बना सकते हैं।

## डायबिटीज रेसिपीः शुगर फ्री पिंडखजूर के रोल

**सामग्री**– 500 ग्राम पिंडखजूर, 1 कटोरी सिंकी और पिसी हुई तिल, दो बड़े चम्मच ताजी मलाई, 1 कप काजू, बादाम, पिस्ते की कतरन तथा थोड़ी–सी खसखस।

**विधि**–सबसे पहले पिंडखजूर की गुठली निकाल. कर टुकड़े–टुकड़े कर लें। अब कड़ाही में मलाई गरम करके उसमें पिंडखजूर के टुकड़े डालें व हिलाती रहें। पिंडखजूर गल जाने पर उसमें पिसी हुई तिल, मेवे की कतरन डालकर गैस बंद कर दें। इस मिश्रण को एक थाली में लेकर अच्छी तरह मिलाएं और 2–3 बड़े–बड़े रोल बना लें।

अब एक थाली में थोड़ी–सी खसखस फैला दें। फिर बने हुए रोल को खसखस पर लपेटें और एक प्लास्टिक शीट में लपेटकर फ्रिज में रख दें। 2–3 घंटे बाद बाहर निकाल कर शीट हटा दें व चाकू से मनचाहे आकार में पीसेस काट लें। यह मिठाई खाने में लाजवाब और कई दिनों तक खराब नहीं होती है। साथ ही मधुमेह रोगियों के लिए बहुत फायदेमंद है।



# जीवन में दुखभरे मोड़ के बाद फिर से ऐसे करें नई राह की शुरुआत

लंबे समय से चले आ रहे रिश्ते से अलग होना मुश्किल है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इससे भी ज्यादा मुश्किल क्या है? डेटिंग की दुनिया में वापस लौटना। यह अजीब, अपरिचित और बिल्कुल डरावना लग सकता है। एक पल में, आप अपने नए साथी की बाहों में लिपटे हुए होते हैं, और अगले ही पल, आप अपने पिछले रिश्ते की यादों में खो जाते हैं। आप अपना सिर उनके कंधे पर टिकाना चाहते हैं, लेकिन फिर, अचानक, एक बुरे लगाव की दर्दनाक याद सामने आ जाती है।

हम जानते हैं कि यह डरावना है और हम यह भी जानते हैं कि लंबे समय से चले आ रहे रिश्ते के टूटने से आगे बढ़ना मुश्किल है। ब्रेकअप के बाद आगे बढ़ना ऐसा महसूस करा सकता है जैसे आप अपने साथ आत्म–संदेह, चिंता और यहां तक कि अवसाद का बोझ भी ढो रहे हैं। खुद से सवाल करना और यह सोचना कि क्या आप कभी फिर से श्सामान्यश महसूस कर पाएंगे, सामान्य है, लेकिन बात यह है कि उम्मीद है। आप इससे आगे बढ़ सकते हैं और आत्मविश्वास के साथ फिर से डेटिंग शुरू कर सकते हैं। यह जल्दबाजी या खुद पर दबाव डालने के बारे में नहीं है, बल्कि एक बार में एक कदम उठाने के बारे में है। कुछ मार्गदर्शन और विशेषज्ञ सलाह के साथ, आप इस चरण से गुजर सकते हैं और सीख सकते हैं कि अतीत के बोझ के बिना, स्वस्थ, सार्थक तरीके से डेटिंग कैसे करें। कपल्स थेरेपिस्ट पैट्रिस ले गोय ने कहा कि आप डेटिंग के तरीके के बारे में असुरक्षित महसूस कर सकते हैं या किसी नए व्यक्ति के साथ अंतरंग होने का डर हो सकता है। यह अजीब भी लग सकता है, या ऐसा लग सकता है कि आप श्धोखाश दे रहे हैं, जब आप किसी लंबे समय के साथी के साथ रहने के बाद किसी नए व्यक्ति के साथ कुछ साझा करते हैं या करते हैं।

सुनिश्चित करें कि आप तैयार हैं– किसी नए रिश्ते में आने से पहले ए सुनिश्चित करें कि आप डेट करने के लिए तैयार हैं। ब्रेकअप के बाद आप अकेला महसूस कर सकते हैं और इस अकेलेपन को भरने के लिए अक्सर लोग गलत रिश्तों में फंस जाते हैं। इसलिए किसी रिश्ते में आने में जल्दबाजी करने की कोशिश करने की जल्दी न करें नहीं तो खुद को ही चोट पहुंचा बैठेंगे। डॉ. ले गोय कहते हैं, कुछ संकेतों में अपने पिछले रिश्ते पर लगातार चर्चा करने और उसका विश्लेषण करने की जरूरत महसूस न करना शामिल है। यह दर्शाता है कि आप किसी स्थाई नाराजगी या पछतावे को नहीं पाल रहे हैं जो नए रिश्ते में भी बना रह सकता है।

**डेटिंग से सीखने की कोशिश करें**

डेटिंग का मतलब अपने एक्स के द्वारा छोड़े गए खालीपन को भरना या सेक्स करना नहीं है, यह इन चीजों से कहीं ज्यादा है। जब आप डेट करने के लिए तैयार हों तो सुनिश्चित करें कि आप जीवन और प्यार के नए .ष्टिकोण सीखने के लिए अपना दिमाग खोलें। एक्सपर्ट कहते हैं कि खुद को डेटिंग के लिए खोलना आपको इस सोच में डाल सकता है, मैं कुछ अच्छे लोगों से मिलने जा रही हूं। उनमें से कुछ मेरे दोस्तों को बाद में बताने के लिए एक मजेदार कहानी होगी, और शायद कोई मेरा अगला प्रेमी बन जाए, और मुझे उन दोनों से कोई परेशानी नहीं है। डेटिंग से पहले अकेले वो करें जो आपको पसंद है–डेट पर जाने से पहले ऐसी गतिविधियों से शुरुआत करें जो आपको अकेले में पसंद हों। फैंसी रेस्टोरेंट या भीड़–भाड़ वाले बार हमेशा पहली डेट के लिए आदर्श नहीं होते, खासकर तब जब आप पहले से ही नर्वस महसूस कर रहे हों। एक्सपर्ट ने कहा कि पहली डेट पर जाना बहुत ज्यादा खर्चीला या आपके कम्फर्ट जोन से बाहर होना जरूरी नहीं है। ऐसी जगहों पर जाएं जहां आप सहज महसूस करें। अगर आपको खाने–पीने का शौक है, तो अपनी पसंदीदा स्थानीय जगह पर जाएं। अगर आपको किताबों की दुकानें पसंद हैं, तो किसी आरामदायक कैफे में चाय पिएं और अलमारियों को ब्राउज करते हुए बातचीत करें। परिचित वातावरण चुनने से अनुभव कम डरावना लग सकता है और आपको आराम करने में मदद मिल सकती है।

**ईमानदार होना आपकी कमजोरी नहीं है**

याद रखें, ईमानदार होना ठीक है। अगर आप नर्वस महसूस कर रहे हैं तो आपको ऐसा व्यवहार करने की जरूरत नहीं है कि आप पूरी तरह से सहज हैं। डॉ. ले गोय कहते हैं, डेट को यह बताना बिल्कुल ठीक है कि आप इस मामले में नए हैं और पूरी तरह से सहज नहीं हैं।श खुलकर बात करने से आप दोनों के लिए चीजें आसान हो सकती हैं। वे आपकी ईमानदारी की सराहना कर सकते हैं और समझ सकते हैं कि आप चुप या चिंतित क्यों हैं। साथ ही, वास्तविक होना आपको आराम करने में मदद करता है, और अगर आप खुद नहीं हो सकते, तो इसका क्या मतलब है?



**यह जल्दबाजी या खुद पर दबाव डालने के बारे में नहीं है, बल्कि एक बार में एक कदम उठाने के बारे में है। कुछ मार्गदर्शन और विशेषज्ञ सलाह के साथ, आप इस चरण से गुजर सकते हैं और सीख सकते हैं कि अतीत के बोझ के बिना, स्वस्थ, सार्थक तरीके से डेटिंग कैसे करें। कपल्स थेरेपिस्ट पैट्रिस ले गोय ने कहा कि आप डेटिंग के तरीके के बारे में असुरक्षित महसूस कर सकते हैं या किसी नए व्यक्ति के साथ अंतरंग होने का डर हो सकता है। यह अजीब भी लग सकता है, या ऐसा लग सकता है कि आप श्धोखाश दे रहे हैं, जब आप किसी लंबे समय के साथी के साथ रहने के बाद किसी नए व्यक्ति के साथ कुछ साझा करते हैं या करते हैं। सुनिश्चित करें कि आप तैयार हैं– किसी नए रिश्ते में आने से पहले ए सुनिश्चित करें कि आप डेट करने के लिए तैयार हैं। ब्रेकअप के बाद आप अकेला महसूस कर सकते हैं और इस अकेलेपन को भरने के लिए अक्सर लोग गलत रिश्तों में फंस जाते हैं। इसलिए किसी रिश्ते में आने में जल्दबाजी करने की कोशिश करने की जल्दी न करें नहीं तो खुद को ही चोट पहुंचा बैठेंगे। डॉ. ले गोय कहते हैं, कुछ संकेतों में अपने पिछले रिश्ते पर लगातार चर्चा करने और उसका विश्लेषण करने की जरूरत महसूस न करना शामिल है। यह दर्शाता है कि आप किसी स्थाई नाराजगी या पछतावे को नहीं पाल रहे हैं जो नए रिश्ते में भी बना रह सकता है।**

# क्यूबा पर सैन्य कार्रवाई की जरूरत नहीं, वह खुद की बर्बाद हो रहा: ट्रम्प

■ सभी नागरिक अमेरिकी हमले का विरोध करते समय मारे गए
■ इनमें से कुछ सीधे मुकाबले और कुछ बमबारी में मारे गए थे

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक अन्य मध्य अमेरिकी देश क्यूबा पर टिप्पणी करते हुए कहा है कि क्यूबा पर सैन्य कार्रवाई की जरूरत नहीं, क्योंकि वह देश खुद ही बर्बाद हो रहा है। ट्रम्प ने एयर फोर्स वन विमान में पत्रकारों से बातचीत के दौरान क्यूबा पर सवाल पूछे जाने पर कहा कि अमेरिकी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि वह देश अपने आप ही गिरता हुआ लग रहा है।

उन्होंने कहा कि क्यूबा गिरने के लिए तैयार है। ऐसा लग रहा है जैसे क्यूबा बस गिरने ही वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि क्यूबा के पास अब आय का कोई जरिया नहीं है। उन्हें अपनी सारी आय वेनेजुएला से, वेनेजुएला के तेल से मिलती थी। अब उन्हें उसमें से कुछ भी नहीं मिल रहा है। क्यूबा सचमुच गिरने के कगार पर है। इस बीच, वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई के दौरान मारे गए 32 क्यूबाई नागरिकों के सम्मान में क्यूबा में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है। क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल ने रविवार को जानकारी दी कि ए 32 लोग वेनेजुएला के अनुरोध पर वहां तैनात किए गए थे और क्यूबा के रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेज तथा गृह मंत्रालय की ओर से मिशन का संचालन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये सभी नागरिक अमेरिकी हमले का विरोध करते समय मारे गए। इनमें से कुछ सीधे मुकाबले और कुछ बमबारी में मारे गए थे। ट्रम्प ने बातचीत के दौरान एक अन्य मध्य अमेरिकी देश कोलंबिया पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि कोलंबिया और वेनेजुएला दोनों 'बहुत बीमार' देश हैं। उन्होंने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो का जिक्र करते हुए कहा कि कोलंबिया को 'एक बीमार व्यक्ति चला रहा है, जो कोकेन बनाना और उसे अमेरिका को बेचना पसंद करता है।

## ट्रम्प की ईरान को चेतावनी, आंदोलनकारियों पर दमन बर्दाश्त नहीं करेगा अमेरिका

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान में चल रहे सत्ता विरोधी आंदोलन के दमन को लेकर ईरान को चेतावनी दी है। ट्रम्प ने पत्रकार के एक सवाल के जवाब में कहा कि इस पर हमारी करीबी नजर है।

पहले की तरह अगर वे लोगों को मारना शुरू करते हैं तो मुझे लगता है कि अमेरिका उन पर कड़ा प्रहार करेगा। एक अमेरिकी मानवाधिकार समूह की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान में लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ये आंदोलन ईरान के 26 प्रांतों के 78 शहरों में फैल चुका है। करीब 222 जगहों पर प्रदर्शन और हड़ताल जारी हैं। छात्रों में महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर आक्रोश के बीच कुल मरने वालों की संख्या 20 हो गई है। ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी (एचआरएएनए) के डाटा के अनुसार, पिछले आठ दिनों में कम से कम 19 नागरिक और सुरक्षा बल का एक सदस्य मारा गया है और कम से कम 51 लोगों के घायल होने की खबर है। इनमें ज्यादातर छर्रे और रबर की गोलियों से घायल हुए हैं। एजेंसी ने कहा कि सुरक्षा उपायों को बढ़ाने, पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाने और कई इलाकों में लगातार टकराव के बावजूद, विरोध प्रदर्शन जारी हैं।



कोलकाता। सरकारी स्कूलों की दयनीय स्थिति को लेकर चिंता जताते व अपने अभभावकों के साथ टॉलीगंज आदर्श हिंदी हाई स्कूल के बाहर जमा छात्र व छात्राएं।

## वेनेजुएला में 32 नागरिकों के मारे जाने पर क्यूबा में राष्ट्रीय शोक की घोषणा

**हवाना।** क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल ने वेनेजुएला पर अमेरिकी सैन्य हमले के दौरान मारे गए 32 स्वदेशी नागरिकों के सम्मान में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। डियाज-कैनेल ने रविवार को जानकारी दी कि ए 32 लोग वेनेजुएला के अनुरोध पर वहां तैनात किए गए थे और क्यूबा के रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेज तथा गृह मंत्रालय की ओर से मिशन का संचालन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये सभी नागरिक अमेरिकी हमले का विरोध करते समय मारे गए। इनमें से कुछ सीधे मुकाबले और कुछ बमबारी में मारे गए। राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी वीरता क्यूबा के लोगों की एकता और अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## ट्रंप प्रशासन वेनेजुएला अभियान पर सांसदों को ब्रीफिंग देगा, डेमोक्रेट्स ने जताई आपत्ति

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के अधिकारी सोमवार को चुनिदा सांसदों को वेनेजुएला में चलाए गए उस ऑपरेशन के बारे में जानकारी देंगे जिसके तहत राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार किया गया। समाचार पत्र द हिल ने बताया, 'ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व' पर यह ब्रीफिंग कई वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दी जाएगी, जिनमें विदेश मंत्री मार्को रूबियो, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, सीआईए निदेशक जॉन रैटक्लिफ, अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी और जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन केन शामिल हैं। ब्रीफिंग कैपिटल हिल पर शाम 5:30 बजे निर्धारित है। हाउस डेमोक्रेटिक लीडर हकीम जेफीज ने ट्रंप प्रशासन के इस दावे को खारिज कर दिया कि वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई एक कानून प्रवर्तन ऑपरेशन था। उन्होंने इसे 'युद्ध की कार्रवाई' करार दिया जिसके लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी थी। विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि इस ऑपरेशन के लिए कांग्रेस की मंजूरी की जरूरत नहीं थी, क्योंकि यह न तो आक्रमण था और न ही कब्जा, बल्कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार करने का एक कानून प्रवर्तन मिशन था।

# ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात दोहराई

## कहा: देश की सुरक्षा के लिए जरूरी, डेनमार्क पीएम बोलीं: धमकियां देना बंद करें अमेरिकी राष्ट्रपति

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर ग्रीनलैंड पर अमेरिका का नियंत्रण चाहने की बात दोहराई है। इससे डेनमार्क और ग्रीनलैंड के नेताओं में गुस्सा भड़क गया है। ट्रम्प ने सोमवार को एयर फोर्स वन पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ग्रीनलैंड बहुत जरूरी है और वहां रूसी और चीनी जहाजों की मौजूदगी चिंता की बात है। इससे पहले द अटलांटिक मैगजीन को दिए इंटरव्यू में भी ट्रम्प ने कहा था कि रक्षा के लिहाज से ग्रीनलैंड अमेरिका को चाहिए।



■ अमेरिकी सेना के वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़कर न्यूयॉर्क ले जाने के बाद यह विवाद और गहरा गया है

डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सेन ने ट्रम्प की इस टिप्पणी पर तुरंत प्रतिक्रिया दी और कहा कि अमेरिका का ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात करना पूरी तरह बेतुकी है। वहीं ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नीलसन ने भी ट्रम्प की टिप्पणियों को गलत और अपमानजनक बताया। अमेरिकी सेना के वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़कर न्यूयॉर्क ले जाने के बाद यह विवाद और गहरा गया है।

मादुरो पर ड्रग तस्करी के आरोपों में मुकदमा चलाया जाएगा। डेनमार्क पीएम बोली: अमेरिका के पास डेनिश साम्राज्य हड़पने का अधिकार नहीं ह। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सेन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अमेरिका को ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कोई जरूरत नहीं है और न ही उसके पास डेनिश साम्राज्य के किसी भी हिस्से को हड़पने का कोई अधिकार है। फ्रेडरिक्सेन ने ट्रम्प से करीबी सहयोगी देश के खिलाफ धमकियां देना बंद करने की अपील की और याद दिलाया कि ग्रीनलैंड के लोग खुद स्पष्ट कह चुके हैं कि वे बिकाऊ नहीं हैं। डेनमार्क नाटो का सदस्य है और अमेरिका के साथ पहले से ही उसका रक्षा समझौता है, जिसके तहत ग्रीनलैंड में पहले से अमेरिकी पहुंच है। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नीलसन ने कहा कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति ग्रीनलैंड को वेनेजुएला से जोड़कर सैन्य हस्तक्षेप की बात करते हैं, तो यह न केवल गलत है बल्कि हमारे लोगों के प्रति अनादर है। नीलसन ने 4 जनवरी को बयान जारी कर कहा: मैं शुरू से ही शांत और स्पष्ट रूप से यह कहना चाहता हूं कि घबराहट या चिंता का कोई कारण नहीं है। केटी मिलर के पोस्ट से, जिसमें ग्रीनलैंड को अमेरिकी झंडे में लिपटा हुआ दिखाया गया है, इससे कुछ भी नहीं बदलता। नीलसन बोले कि हम स्वतंत्र चुनावों और मजबूत संस्थानों वाला एक लो. कतांत्रिक समाज हैं। हमारी स्थिति अंतर्राष्ट्रीय कानून और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त समझौतों पर आधारित है। इस पर कोई सवाल नहीं है। ग्रीनलैंड सरकार शांतिपूर्वक और जिम्मेदारी से अपना काम जारी रखे हुए है। वेनेजुएला में अमेरिकी कार्रवाई के ठीक बाद व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी स्टीफन मिलर की पत्नी कैटी मिलर ने सोशल मीडिया पर ग्रीनलैंड का नक्शा अमेरिकी झंडे के रंग में रंगा हुआ पोस्ट किया। इससे यह विवाद और बढ़ गया। मिलर ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा 'जल्द ही'। इससे ग्रीनलैंड और डेनमार्क में अमेरिकी कब्जे की आशंकाएं बढ़ गईं। ट्रम्प लंबे समय से ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने की बात करते रहे हैं। जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा, खनिज संसाधनों और आर्कटिक क्षेत्र में रूस-चीन की गति. विधियों का हवाला दिया है। इससे पहले मार्च में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने ग्रीनलैंड के एक अमेरिकी सैन्य अड्डे का दौरा किया था और डेनमार्क पर वहां कम निवेश करने का आरोप लगाया था।

## रूस तेल आयात को लेकर ट्रम्प ने भारत को दी शुल्क बढ़ाने की चेतावनी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस से तेल का आयात करने के मामले में भारत पर आयात शुल्क बढ़ाने की चेतावनी देते हुए संकेत दिया है कि वाशिंगटन इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने के लिए तैयार है और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस मुद्दे पर उनकी नाराजगी से अवगत हैं। अपने हवाई जहाज एयर फोर्स वन पर रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए ट्रम्प ने कहा कि मोदी रूस के साथ भारत के ऊर्जा व्यापार पर उनकी नाराजगी को जानते हैं। मोदी एक बहुत अच्छे इंसान हैं और वह जानते थे कि मैं खुश नहीं हूं। मुझे खुश करना महत्वपूर्ण था, क्योंकि वह व्यापार करते हैं और हम उन पर बहुत जल्दी शुल्क बढ़ा सकते हैं। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता चल रही है और अमेरिका ने भारत पर पहले ही 50 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क लगा रखा है। यह घटनाक्रम वेनेजुएला में हाल ही में हुए अमेरिकी सैन्य अभियान के बाद सामने आया है, जिसमें राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को अमेरिका ने हिरासत में लिया था। इस घटनाक्रम ने वैश्विक तेल भू-राजनीति पर दुनिया का ध्यान खींचा है। ओपेक के आंकड़ों के अनुसार वेनेजुएला के पास 300 अरब बैरल से अधिक का दुनिया का सबसे बड़ा प्रमाणित तेल भंडार है, जो वैश्विक भंडार का लगभग 17 से 18 प्रतिशत है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के आयात शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत तक करने के बाद से मोदी और ट्रम्प के बीच तीन बार बातचीत हुई है।

## मादुरो के बेटे बोले: इतिहास बताएगा गद्दार कौन

■ वेनेजुएला पर बड़ी अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बाद मादुरो गुएरा का बयान सामने आया है

**कराकस।** वेनेजुएला पर बड़ी अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बाद निकोलस मादुरो के बेटे निकोलस मादुरो गुएरा का बयान सामने आया है। स्थानीय दैनिक एल-कोआपरेटिव की रिपोर्ट के अनुसार निकोलस मादुरो गुएरा ने कहा कि इतिहास बताएगा कि गद्दार कौन हैं, गुएरा का यह बयान अमे. रिकी सैन्य अभियान के बाद आया है। दरअसल अमेरिकी सैना ने उनके पिता और प्रथम महिला सिलिया फ्लोर्स को गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके साथ ही उन्हें मुकदमे का सामना करने के लिए न्यूयार्क लाया गया है।

सोशल मीडिया पर प्रसारित एक आडियो रिकार्डिंग में, मादुरो गुएरा ने सत्तारूढ़ आंदोलन के भीतर संभावित विश्वासघात की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि इतिहास उन लोगों को बेनकाब करेगा, जो इसके लिए जिम्मेदार हैं। इतिहास बताएगा कि गद्दार कौन थे, इतिहास इसका खुलासा करेगा। इसके साथ ही उन्होंने भीतर एक आंतरिक साजिश की ओर इशारा करते हुए यह बात कही। सत्तारूढ़ यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी आफ वेनेजुएला (पीएसयूवी) के सदस्य मादुरो गुएरा ने कहा कि हाल के घटनाक्रमों के बावजूद पार्टी एकजुट रहेगी। उन्होंने समर्थकों से 4 और 5 जनवरी को सार्वजनिक प्रदर्शनों में भाग लेने का आह्वान किया। ताकि नेतृत्व के इर्द-गिर्द एकजुटता को मजबूत किया जा सके। उन्होंने बाहरी आक्रमण का जवाब देने के लिए राजनीतिक और सैन्य समन्वय की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि निकोलस मादुरो इस समय अमेरिकी हिरासत में हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आंदोलन विभाजन या मनोबल में कमी की अनुमति नहीं देगा। एल-कोआपरेटिव ने रिपोर्ट के मुता. बिक उन्होंने आडियो रिकार्डिंग में कहा कि सत्ताधारी खेमा दृढ़ है और लामबंद होने के लिए तैयार है। हम ठीक हैं, हम शांत हैं। आप हमें सड़कों पर, इन लोगों के साथ देखेंगे। वह हमें कमजोर देखना चाहते हैं। हम सम्मान के झंडे बुलंद करेंगे। क्या इससे हमें दुख होता है? बिल्कुल दुख होता है, बिल्कुल गुस्सा आता है, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाएंगे, धिक्कार है! मैं अपनी जिंदगी, अपनी मां, सिलिया की कसम खाता हूं वह ऐसा नहीं कर पाएंगे। इस बीच, निकोलस मादुरो और सिलिया फ्लोरेस अमेरिकी हिरासत में हैं। वाशिंगटन ने कहा है कि इस अभियान में वेनेजुएला के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला शामिल था, जिसके बाद अमेरिकी खुफिया एजेंसियों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के संयुक्त अभियान में मादुरो और फ्लोरेस को काराकास में पकड़ लिया गया।

# नाइजीरिया में नाव पलटने से 25 लोगों की मौत, 14 लापता

**अबूजा।** नाइजीरिया के उत्तरी क्षेत्र में योबे नदी पर स्थानीय मछुआरों और किसानों को ले जा रही एक नाव के पलटने से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य अभी भी लापता हैं।

आपातकालीन सेवाओं और पुलिस ने रविवार को यह जानक. ारी दी। योबे राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख मोहम्मद गोजे ने एक बयान में कहा कि शनिवार शाम को नगुरु स्थानीय सरकारी क्षेत्र के गरबी कस्बे में नाव पलटने के बाद 13 अन्य यात्रियों को बचा लिया गया। गोजे ने बताया कि लकड़ी की नाव उत्तर-पश्चिमी राज्य जिगावा के पड़ोसी कस्बे अदियानी से उत्तरी राज्य योबे जा रही थी, तभी रास्ते में पलट गई। उन्होंने पुष्टि की कि आपातकालीन बचाव दल और स्थानीय सामुदायिक स्वयंसेवकों ने पीड़ितों को बचाने के लिए तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी थी। जिगावा पुलिस के प्रवक्ता लावान शिसु ने रविवार को फोन पर बताया कि शनिवार शाम को जब नाव अडियानी गांव से रवाना हुई तो उसमें कम से कम 52 लोग सवार थे और वह नाव पूरी तरह से भरी हुई थी। शिसु ने बताया कि शुरुआती तौर पर मृतकों की संख्या 14 थी, लेकिन बचाव अभियान के दौरान मरने वालों की संख्या बढ़ गई। उन्होंने आगे बताया कि पुलिस ने घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। नाइजीरिया में नाव दुर्घटनाएं आम हैं, जो अक्सर अधिक भार, खराब मौसम और परिचालन संबंधी त्रुटियों के कारण होती हैं।

## जनरल द्विवेदी ने संयुक्त अरब अमीरात के सैन्य कमांडर से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर गये सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने सोमवार को वहां की सेना के कमांडर मेजर जनरल स्टाफ यूसुफ मयौफ सईद अल हल्लामी से मुलाकात की। सेना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इस मुलाकात की जानकारी देते हुए कहा कि दोनों सैन्य अधिकारियों के बीच बातचीत के दौरान सकारात्मक सैन्य सहभागिता को और मजबूत करने, प्रशिक्षण में समन्वय बढ़ाने तथा भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। जनरल चौहान ने अमीरात के सेना संग्रहालय का भी दौरा किया, जहां उन्होंने वहां की थल सेना के समृद्ध इतिहास, परंपराओं और सैन्य विरासत के बारे में जानकारी हासिल की।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के घर पर हमला

## खिड़कियां टूटीं, पुलिस ने एक संदिग्ध को पकड़ा, हमले का मकसद साफ नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के ओहियो राज्य के सिनसिनाटी में स्थित घर पर हमला हुआ है। सीएनएन ने सूत्रों के हवाले से बताया कि उनके घर की खिड़कियां टूटी हैं। पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। वेंस के घर के पास रविवार रात 12:15 बजे किसी को भागते हुए देखा गया था।



■ जिस समय यह घटना हुई, उस वक्त जेडी वेंस और उनका परिवार घर पर मौजूद नहीं था

अधिकारियों के मुताबिक, जिस समय यह घटना हुई, उस वक्त जेडी वेंस और उनका परिवार घर पर मौजूद नहीं था। शुरुआती जानकारी में यह भी सामने आया है कि हिरासत में लिया गया व्यक्ति उपराष्ट्रपति के घर के अंदर घुसने में सफल नहीं हुआ। जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि क्या यह घटना जानबूझकर जेडी वेंस या उनके परिवार को निशाना बनाकर की गई या इसके पीछे कोई और वजह है। मामले को लेकर मीडिया ने व्हाइट हाउस और सीक्रेट सर्विस से जानकारी मांगी है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। वेंस पिछले एक हफ्ते से सिनसिनाटी में थे, लेकिन रविवार दोपहर शहर से रवाना हो गए। उन्होंने घर पर लगभग 14 लाख डालर खर्च किए और यह लगभग 2.3 एकड़ में फैला हुआ है। व्हाइट हाउस की वेबसाइट के मुताबिक जेडी वेंस अपने परिवार के साथ ओहियो के सिनसिनाटी शहर में रहते हैं। उनका जन्म 2 अगस्त 1984 को अमेरिका के ओहियो राज्य में एक स्काट-आयरिश फैमिली में हुआ था। जेडी अपनी मां बेवर्ली एकिंस के दूसरे पति डोनाल्ड बोमन की संतान हैं। जब जेडी का जन्म हुआ, तब उनके माता-पिता तंगी से जूझ रहे थे। ऐसे में जेडी का बचपन गरीबी में बीता।ो उनके पेरेंट्स का तलाक हो गया। इसके दो साल बाद बेवर्ली ने बाब हैमेल से शादी की। इसी बीच पैसों की तंगी के कारण जेडी की मां बेवर्ली को ड्रग्स और शराब की लत लग गई। ऐसे में जेडी ने अपना बचपन नाना जेम्स वेंस और नानी बोनी वेंस के साथ बिताया। अपने बचपन पर लिखी किताब 'हिलबिली एजेली: ए मेमोयर आफ ए फैमिली एंड कल्चर इन क्राइसिस' में जेडी लिखते हैं, 'मुझे अपनी मां का बार-बार मकान बदलना पसंद नहीं था। मुझे नाना-नानी के घर में ही अच्छा लगता।' येल ला स्कूल में कानून की पढ़ाई दौरान जेडी को उषा चिलकुरी नाम की एक लड़की मिली। 'हिलबि. बली एलेजी' किताब में जेडी लिखते हैं, श्मुझे पहली ही नजर में उषा से प्यार हो गया था। हमारी पहली डेट के बाद ही मैंने अपने प्यार का इजहार कर दिया था। पहले 2010 में दोनों अच्छे दोस्त बने, फिर 2014 में उन्होंने हिंदू रीति-रिवाजों से शादी कर ली। दरअसल, उषा का फैमिली बैकग्राउंड उनसे बिल्कुल अलग हैं।

## दक्षिणी गाजा में इजरायली गोलीबारी, तीन फलस्तीनी मारे गए

**गाजा।** दक्षिणी गाजा में इजरायली गोलीबारी में रविवार को तीन फलस्तीनी मारे गए। फलस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि 15 वर्षीय अला अल-दीन अशरफ खान यूनिस के दक्षिण में जोरात अल-लुत इलाके में इजरायली गोलीबारी में मारे गया। उन्होंने आगे बताया कि फादी सलाह राफा के उत्तर-पश्चिम में इजरायली गोलीबारी में मारे गए और उनके शव को खान यूनिस के नासिर अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इजरायली ड्रोन ने उस क्षेत्र पर गोलीबारी की, जहां से इजरायली सेना युद्धविराम समझौते के तहत पीछे हट गई थी, जिससे सलाह की मौत हो गई।

# फ्रांसीसी राष्ट्रपति की पत्नी की ट्रोलिंग, 10 लोगों को सजा

## फर्स्ट लेडी को पुरुष कहा था, दोषी बोले: यह सिर्फ मजाक था

**पेरिस।** पेरिस की एक अदालत ने सोमवार को राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पत्नी और फ्रांस की फर्स्ट लेडी ब्रिगिट मैक्रों के खिलाफ आनलाइन उत्पीड़न के आरोप में दस लोगों को दोषी ठहराया है।

ब्रिगिट मैक्रों ने 2024 में इस आनलाइन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी ये लोग सोशल मीडिया पर झूठी अफवाहें फैला रहे थे कि ब्रिगिट मैक्रों पुरुष के रूप में जन्मी थीं और उनका नाम जीन-मिशेल ट्रोगन्यूक्स था, जो असल में उनके बड़े भाई का नाम है। इन दस लोगों में आठ पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं, जिनकी उम्र 41 से 65 साल के बीच है। तीन लोग अदालत में मौजूद नहीं थे। अदालत ने उन्हें अलग-अलग सजाएं सुनाईं। दोषियों को 8 महीने की जेल की सजा और 63 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। ब्रिगिट मैक्रों की बेटी टिफेन आजियर ने गवाही दी कि इन अफवाहों से उनकी मां की सेहत और पूरे परिवार पर बुरा असर पड़ा है। वहीं, एक दोषी ने कहा कि यह सिर्फ मजाक था। क्या फ्रांस में मजाक करने के लिए परमिट चाहिए? ब्रिगिट और उनके भाई की ये तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। इसके बाद लोगों ने उन्हें पुरूष समझ लिया था। आरोपियों पर ब्रिगिट मैक्रों के लिंग को लेकर कई दुर्भावनापूर्ण टिप्पणियां करने का इल्जाम था। कुछ दोषियों ने उनके और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच 24 साल के फर्क को 'पीडोफिलिया' (छोटे बच्चों की ओर यौन आकर्षण) से जोड़ा। ब्रिगिट मैक्रों ने पुलिस को बताया कि ये आनलाइन टिप्पणियां परेशान करने वाली है। यह सुनना उनके पोते-पोतियों के लिए बहुत मुश्किल है कि उनकी दादी पुरुष हैं। मुकदमे के दोषी जेरोम ए ने कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट सिर्फ मजाक के रूप में किए थे। उनका कहना था कि ब्रिगिट मैक्रों एक शक्तिशाली व्यक्ति हैं, इसलिए उन्हें आला. ेचना सहन करनी चाहिए। एक महिला आरोपी बताती हैं कि वे पहले भी ब्रिगिट मैक्रों की शिकायत का सामना कर चुकी हैं। 2021 में उन्होंने यूटयूब पर नताशा रे नाम की महिला का चार घंटे का इंटरव्यू पोस्ट किया था, जिसमें दावा किया गया था कि ब्रिगिट मैक्रों पहले पुरुष थी। इसके बाद ब्रिगिट ने इनके खिलाफ पेरिस की एक अदालत में केस किया था। कोर्ट ने सितम्बर 2023 में दोनों महिलाओं को दोषी ठहराया था और उन्हें ब्रिगिट मैक्रों को 7 लाख रुपये और उनके भाई को 5 लाख रुपये हर्जाना देने का आदेश दिया था। हालांकि पेरिस की एक अपील अदालत ने 10 जुलाई, 2024 को इस फैसले को पलट दिया था। इसके बाद ब्रिगिट मैक्रों और उनके भाई ने इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी। ब्रिजिट मैक्रों से 24 साल बड़ी हैं। ब्रिगिट की बेटी मैक्रों की क्लासमेट थी। अमेरिका में भी यह मामला तेजी से फैला। दो ट्रम्प समर्थक पत्रकारों कैंडेस ओवेन्स और टकर कार्लसन ने इसे सबसे ज्यादा हवा दी। दोनों ने इससे जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं।



■ इन दस लोगों में आठ पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं
■ दोषियों को आठ महीने की जेल की सजा और 63 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया




